*
ओड़िशा संस्करण

www.epaper.azadsipahi.in

12 फरवरी, 2023
फाल्गुन, कृष्ण पक्ष, सप्तमी
संवत 2079
पृष्ठ : 12, मूल्य : ₹3.00

रांची
रविवार, वर्ष 08, अंक 115

कलम कलम बढ़ाये जा

# आजाद सिपाही


उत्तराखंड में जारी हुआ नकल विरोधी कानून, पकड़े गये तो उम्र कैद के साथ देना होगा 10 करोड़ का जुर्माना








## भूकंप में लापता भारतीय नागरिक की मौत की हुई पुष्टि

**अंकारा।** तुर्की और सीरिया में आए भूकंप को करीब छह दिन हो चुके हैं, लेकिन यहां मलबे के नीचे से लाशों के निकलने का सिलसिला अभी भी जारी है। इस बीच तुर्की और सीरिया में आये भीषण भूकंप के बाद लापता हुए एक भारतीय नागरिक की मौत पुष्टि हो गयी है। भारतीय दूतावास, अंकारा ने ट्वीट कर इसकी जानकारी दी है। दूतावास ने ट्वीट कर कहा कि 'छह फरवरी के भूकंप के बाद से तुर्की में लापता एक भारतीय नागरिक विजय कुमार के नश्वर अवशेष मिले हैं। मलत्या में एक होटल के मलबे के बीच उनकी पहचान की गयी है। भूकंप के बाद विदेश मंत्रालय के सचिव संजय वर्मा ने प्रेस कांफ्रेस करके तुर्की के हालात और वहां फंसे भारतीयों की जानकारी दी थी। उन्होंने बताया था कि तुर्की में 1939 के बाद में आयी यह सबसे बड़ी प्राकृतिक आपदा है। भूकंप से प्रभावित तुर्की के इलाकों में10 भारतीय फंसे हुए हैं, हालांकि वे सुरक्षित हैं। एक नागरिक के लापता होने के बारे में भी उन्होंने जानकारी दी थी।

### साहिबगंज में 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान में शामिल हुए कांग्रेस अध्यक्ष

# संसद के अंदर या बाहर बोलने की आजादी नहीं, सच उजागर करनेवालों को भेज दिया जाता है जेलः खड़गे

- खड़गे ने केंद्र सरकार पर साधा निशाना, कहा जनता जवाब देने को तैयार

आजाद सिपाही संवाददाता

**साहिबगंज।** कांग्रेस राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने कहा है कि न तो संसद के अंदर और न ही बाहर बोलने की आजादी है। अगर कोई सच बोलता है, उसके बारे में लिखता है, दिखाता है, तो वे उसे सलाखों के पीछे भेज देते हैं। अब समय आ गया है, जब जनता भाजपा को जवाब देगी। खड़गे शनिवार को झारखंड के साहिबगंज जिला में पार्टी के 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान की शुरूआत करने के मौके पर बोल रहे थे।



### गरीबों की बात करने वाले उन्हें खत्म कर रहे

पाकुड़ विधानसभा के गुमानी (श्रीकुंड) हाइस्कूल मैदान से कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने 'हाथ से हाथ जोड़ो' अभियान की शुरूआत की। वह निर्धारित कार्यक्रम के तहत पहले दुमका पहुंचे, फिर गुमानी से अभियान की शुरूआत की। इस मौके पर उन्होंने एक सभा को भी संबोधित किया। खड़गे ने कहा कि आज देश में महंगाई, बेरोजगारी चरम पर है। कभी लोग सात गैस का सिलिंडर लिया करते थे, आज ऐसी स्थिति है कि लोग एक रिफिल नहीं करा पा रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश में 71 हजार स्कूल मोदी जी ने बंद करा दिये। ये जो बार-बार गरीबों की बात करते हैं, वो ही गरीबों को खत्म करने में लगे हैं। पीएम मोदी और गृह मंत्री अमित शाह पर निर्वाचित सरकारों को गिराने में 'विशेषज्ञ' होने का आरोप लगाते हुए खड़गे ने कहा कि वे लोकतंत्र की बात करते हैं। आप बाबा साहेब अंबेडकर द्वारा लिखे गये संविधान के अनुसार शासन क्यों नहीं करते?

### केंद्र सरकार पर साधा निशाना

खड़गे ने केंद्र सरकार पर निशाना साधते हुए कहा कि मैंने प्रधानमंत्री का वर्णन करने के लिए किसी भी असंसदीय शब्द या भाषा का इस्तेमाल नहीं किया। अटल बिहारी वाजपेयी ने पूर्व पीएम पीवी नरसिम्हा राव के लिए इसी अभिव्यक्ति का इस्तेमाल किया था और भाजपा ने पूर्व पीएम मनमोहन सिंह के लिए इसका इस्तेमाल किया था। उन्होंने अडाणी मुद्दे को लेकर भी भाजपा पर जम कर निशाना साधा। खड़गे ने कहा कि मैंने संसद में उठाया था कि अडाणी की संपत्ति ढाई साल में 13 लाख करोड़ हो गयी है। ये अडाणी प्रधानमंत्री मोदी के मित्र हैं। मोदीजी ने अडाणी को सरकारी पैसा दिया है। इसलिए संपत्ति में इजाफा हुआ है। एलआइसी का पैसा दिया। एसबीआइ का पैसा अडाणी को दिया। अब तक 82 हजार करोड़ अडाणी को मोदीजी ने दिया है। संसद में अडाणी की बात उठाये तो बाहर कर दिये। गरीबों की बात हमने की, तो हमारे भाषण को असंसदीय कह दिया।

### रामगढ़ उपचुनाव के लिए मांगी मदद

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि आज हम यहां आपका आशीर्वाद लेने के लिए आये हैं। उन्होंने साहिबगंज से रामगढ़ उपचुनाव के लिए लोगों से आशीर्वाद मांगा। उन्होंने कहा कि हमारी यहां मिलीजुली सरकार है। हेमंत सोरेन के नेतृत्व में सरकार चल रही है। हम एकजुट होकर चलेंगे तो मोदी जी को दिखा देंगे कि हम उनकी मनमर्जी के खिलाफ हैं। उन्होंने कहा कि 'हाथ से हाथ जोड़ो' कार्यक्रम के दौरान, कांग्रेस कार्यकर्ता लोगों को केंद्र की नीतियों से अवगत कराने के लिए घर-घर जायेंगे। वह लोगों को जोड़ेंगे। झारखंड में इस अभियान की शुरूआत को लोकसभा चुनाव की तैयारियों की शुरूआत के रूप में देखा जा रहा है। इस कार्यक्रम में कांग्रेस कोटे के सभी मंत्री, विधायक, कांग्रेस प्रदेश कमिटी के पदाधिकारी, 24 जिलों के अध्यक्ष, जिला कमेटी और कार्यकर्ता शामिल हुए। राजेश ठाकुर ने बताया कि 2024 लोकसभा चुनाव से पहले के अभियान के तहत हम लोग हर घर तक पहुंचेंगे। लोगों को केंद्र सरकार की योजनाओं की कमियों, महंगाई, बेरोजगारी से अवगत करायेंगे।

### अडाणी को देश नहीं विदेशों में दिलाया ठेका

कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने अडाणी को देश में ही नहीं, विदेशों में भी ठेका दिलाया। मोदी जी बतायें कि अडाणी आपके साथ कितनी बार विदेश गये। जब यही बात हमने संसद में रखी तो उसे काट दिया गया। उन्होंने कहा कि हम देश में किसानों के लिए लड़ रहे हैं, मजदूरों के लिए लड़ रहे हैं। लेकिन भाजपा अपने दोस्तों के लिए काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हम देश की उन्नति-तरक्की के लिए हर मुसीबत से टकरायेंगे।

# राज्य में नये डीजीपी की जल्द होगी घोषणा

### डीजीपी नीरज सिन्हा हुए रिटायर



- जैप वन ग्राउंड में आयोजित समारोह में दी गयी विदाई

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य को जल्द ही नया डीजीपी मिलने की उम्मीद है। वर्तमान डीजीपी नीरज सिन्हा शनिवार को सेवानिवृत्त हो गये। उनके सम्मान में जैप वन ग्राउंड में विदाई समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर डीजी अजय कुमार सिंह, डीजी अनुराग गुप्ता, डीजी अनिल पालटा, एडीजी आरके मल्लिक, एडीजी प्रशांत सिंह, एडीजी मुरारीलाल मीणा समेत कई पुलिस अधिकारी मौजूद थे। मीडिया से बात करते हुए नीरज सिन्हा ने कहा कि राज्य में उग्रवाद के भौगोलिक विस्तार को सीमित किया गया है। तीन दशक से जहां पुलिस जा नहीं पाती थी, वहां पुलिस की पहुंच है। आज ग्रामीण इतने खुश हैं कि पुलिस को हर काम में सहयोग दे रहे हैं। लोग कहते हैं कि उन्होंने उग्रवाद नक्सलवाद से परेशान होकर अपना घर तक छोड़ दिया था, लेकिन खत्म हो रहे उग्रवाद की वजह से 20 साल बाद गांव लौट रहे हैं। बूढ़ा पहाड़ इलाके में कभी सरकार नहीं पहुंच पाती थी, आज वहां शीर्ष नेतृत्व पहुंच चुका है।

### झारखंड के नये डीजीपी का इंतजार

यूपीएससी ने झारखंड में नये डीजीपी के लिए आइपीएस अधिकारी अजय भटनागर, अजय कुमार सिंह और अनिल पालटा के नाम की अनुसंशा कर दी है। राज्य सरकार ने भी सुप्रीम कोर्ट को एक मामले में सुनवाई के दौरान हलफनामा दिया है कि यूपीएससी से जिन तीन अधिकारियों के नाम की अनुसंशा की गयी है, उनमें से किसी एक को 12 फरवरी तक नये डीजीपी के रूप में चयन कर लिया जायेगा।

# हेमंत और तेजस्वी की मुलाकात, राजनीतिक हालात पर हुई बात

- दोनों ने एक-दूसरे के पिता के स्वास्थ्य के बारे में भी ली जानकारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से शनिवार को बिहार के उप मुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने मुलाकात की। सीओमओ ने मुख्यमंत्री आवास पर हुई इस मुलाकात को औपचारिक कहा है। हालांकि सूत्रों की मानें तो यह अगले साल होने वाले लोकसभा और इसके बाद होने वाले झारखंड विधानसभा चुनाव की तैयारी के मद्देनजर अहम है। झारखंड में झामुमो के साथ गठबंधन में राजद भी शामिल है, इसलिए भविष्य में इस गठबंधन को और मजबूती देने के लिहाज से भी इस मुलाकात को अहम माना जा रहा है।

झारखंड में राजद का अपना एक वोट बैंक है। विधानसभा में अभी राजद का एक विधायक ही है, लेकिन पूर्व में संख्या ठीक रही है। राजद पहले की तरह अपनी जगह बनाने के लिए प्रयासरत है। वहीं, झारखंड से सटे बिहार सीमा के क्षेत्र में झामुमो की पकड़ है। झामुमो भी लगातार बिहार में प्रवेश करने के लिए प्रयासरत है। दोनों पार्टियां किस तरह से एक-दूसरे की मदद कर सकती हैं। भाजपा के खिलाफ कैसे एकजुट होकर लड़ा जा सकता है, इन तामाम बिन्दुओं पर दोनों नेताओं के बीच बातचीत हुई। सूत्रों के मुताबिक हेमंत और तेजस्वी के बीच राज्य की मौजूदा हालत, मौजूदा राजनीतिक स्थिति, विकास से जुड़े मुद्दे, आगामी चुनाव आदि मुददों पर बातचीत हुई। इसके अलावा दोनों नेताओं के बीच पारिवारिक बातचीत भी हुई। तेजस्वी के पिता लालू प्रयास यादव अभी अस्पताल से ठीक हो कर निकले हैं।

हेमंत सोरेन के पिता की तबियत अभी थोड़ी खराब है और वह अस्पताल में हैं। दोनों ने एक-दूसरे के पिता के स्वास्थ्य के बारे में पूछा। इस मौके पर पूर्व केंद्रीय मंत्री जयप्रकाश नारायण यादव, बिहार विधानसभा के सदस्य अब्दुल बारी सिद्दीकी, पूर्व मंत्री बिहार श्याम रजक, पूर्व मंत्री सुरेश पासवान, पूर्व विधायक संजय प्रसाद यादव मौजूद थे।

# रूस-यूक्रेन युद्ध खत्म करने की पहल करें मोदी : जॉन किर्बी

- राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता ने कहा, अमेरिका इसका स्वागत करेगा

आजाद सिपाही संवाददाता




**वाशिंगटन।** अमेरिका ने कहा है कि वह चाहता है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी रूस-यूक्रेन जंग को खत्म करने की पहल करें। अमेरिका की राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के प्रवक्ता जॉन किर्बी से व्हाइट हाउस में युद्ध को लेकर सवाल पूछा गया था। किर्बी ने कहा कि मुझे लगता है कि पुतिन अभी भी युद्ध को रोक सकते हैं। इसके लिए पीएम मोदी जो भी कोशिश करना चाहते हैं, वो उन्हें करना चाहिए। अमेरिका ऐसी किसी भी पहल का स्वागत करेगा, जिससे युद्ध जल्द से जल्द खत्म हो सके और दोनों देशों की दुश्मनी खत्म हो जाये। मुझे लगता है पीएम मोदी ऐसा कर सकते हैं। किर्बी ने पीएम मोदी के बयान का जिक्र भी किया।

दरअसल, मोदी ने रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के साथ बातचीत के दौरान कहा था कि यह युद्ध का युग नहीं है। किर्बी ने कहा कि मोदी का बयान सिद्धांतों वाला बयान था। उनका मानना ????है कि वो सही हैं और अमेरिका ने उनके बयान का स्वागत किया था। यूरोप ने भी इसे सकारात्मक तरीके से स्वीकार किया था।

### भारत जितना मोदी-भागवत का उतना ही हमारा : महमूद मदनी

नयी दिल्ली। जमीयत उलेमा-ए-हिंद के चीफ महमूद मदनी ने कहा है कि भाजपा और आरएसएस से हमारा कोई धार्मिक मतभेद नहीं है, बल्कि वैचारिक मतभेद है। भारत जितना मोदी और भागवत का है, उतना ही मदनी का भी है। हम आरएसएस और उसके सर संघ चालक को न्योता देते हैं। आइये, आपसी भेदभाद और दुश्मनी को भूल कर एक दूसरे को गले लगायें और देश को दुनिया का सबसे शक्तिशाली मुल्क बनायें। हमें सनातन धर्म से कोई शिकायत नहीं है, आपको भी इस्लाम से कोई शिकायत नहीं होनी चाहिए। मदानी शनिवार को दिल्ली के रामलीला मैदान में जमीयत के 34वें अधिवेशन में बोल रहे थे। इसमें शामिल होने के लिए देशभर के इस्लामिक धर्मगुरु पहुंचे थे। जमीयत चीफ ने कहा कि हमारी नजर में हिंदू और मुसलमान बराबर हैं। हम इंसान के बीच कोई फर्क नहीं करते हैं। जमीयत की पॉलिसी रही है कि भारत के तमाम शहरी बराबर हैं, इनके बीच भेदभाव नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह भूमि मुसलमानों की पहली मातृभूमि है। यह कहना कि इस्लाम एक ऐसा धर्म है, जो बाहर से आया है, सरासर गलत और निराधार है।

आजाद सिपाही
188100 Subscribers
झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No. 1 Channel

# बेहद खतरनाक है हिंडनबर्ग प्रकरण के पीछे का खेल

## इस अमेरिकी मुनाफाखोर की हर रिपोर्ट विवादित रही है

## शेयर बाजार में नाथन को 'यलो ट्रेडर' भी कहा जाता है

आजाद सिपाही विशेष

पिछले एक पखवाड़े से दुनिया की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था को हिलाने की कोशिश हो रही है। अमेरिका की एक मुनाफाखोर कंपनी हिंडनबर्ग ने भारत के सबसे बड़े उद्योग समूह अडाणी ग्रुप के बारे में एक रिपोर्ट प्रकाशित की है, जिस पर भारत ही नहीं, पूरी दुनिया में हंगामा मचा हुआ है। लेकिन वह क्या है कि कहते हैं ना कि 'हम तो डूबे हैं सनम, तुमको भी ले डूबेंगे, तो हिंडनबर्ग का पूरा प्रकरण भी कुछ इसी तरह का है। हिंडनबर्ग रिसर्च के मुखिया नाथन एंडरसन को अमेरिका में 'शेयर बाजार का यलो ट्रेडर' कहा जाता है, जिसका सीधा मतलब ब्लैकमेलर होता है। चूंकि शेयर बाजार में निवेश करनेवालों का भरोसा बाहरी एजेंसियों पर अधिक होता है, इसलिए एंडरसन अपनी रिसर्च और रिपोर्ट के बल पर उन निवेशकों को धोखे में डालता है और खुद कम दाम पर शेयर खरीद कर फिर ऊंचे दामों पर बेच देता है, जिसे बाजार की भाषा में 'शॉर्ट सेलिंग' कहते हैं। हिंडनबर्ग की एक रिपोर्ट ने अडाणी ग्रुप को भारी नुकसान तो पहुंचाया ही है, इसने विपक्ष को एक हथियार मुहैया कराने का आभास दिया है, लेकिन दिन बीतने के साथ ही यह पूरा हंगामा 'खोदा पहाड़ निकली चुहिया' की कहावत को चरितार्थ करता दिख रहा है। विपक्ष द्वारा सरकार को घेरने की तमाम कोशिशें विफल हो गयी हैं, तो अडाणी ग्रुप की हालत भी पटरी पर लौटने लगी है। ऐसे में यह जानना दिलचस्प है कि आखिर हिंडनबर्ग प्रकरण के पीछे का पूरा खेल क्या है और इसके पीछे किसका दिमाग है। इन तमाम सवालों के जवाब दे रहे हैं आजाद सिपाही के **विशेष संवाददाता राकेश सिंह।**



राकेश सिंह


पिछले एक पखवाड़े से देश भर में जो एक नाम चारों तरफ गूंज रहा है और जिसकी बदौलत विपक्षी दल चुनावी लाभ हासिल करने की मंशा पाले बैठे हैं, वह है हिंडनबर्ग। अमेरिका की इस मुनाफाखोर कंपनी ने दुनिया के दूसरे सबसे अमीर शख्स गौतम अडाणी की कंपनी पर आर्थिक अनियमितता और भ्रष्टाचार का आरोप लगा कर दुनिया भर में सनसनी फैला दी। हिंडनबर्ग की इस रिपोर्ट के कारण अडाणी ग्रुप को भारी नुकसान भी हुआ और उसे अपना एफपीओ वापस लेना पड़ा। इस रिपोर्ट ने न केवल भारतीय अर्थ जगत में, बल्कि राजनीति में भी खूब हलचल मचायी। विपक्ष ने जहां सरकार को घेरने की कोशिश की, वहीं पीएम मोदी पर अनाप-शनाप आरोप लगा कर हिंडनबर्ग की सीढ़ी से राजनीतिक ऊंचाई हासिल करने की कोशिश भी की।

### अडाणी को मुश्किल में डाल हिंडनबर्ग को क्या मिला

हिंडनबर्ग रिसर्च ने साल 2022 में 10 शेयरों की पहचान ओवरवैल्यूड के रूप में की। इसका नतीजा उन शेयरों के रिटर्न में 42 फीसदी की गिरावट के रूप में सामने आया। हिंडनबर्ग के दो अभियान साल के दो सबसे बड़े शॉर्ट सेलिंग थे। एलन मस्क की हिचकिचाहट के कारण जब ट्विटर डील फंसती दिख रही थी, तब हिंडनबर्ग ने कंपनी के खिलाफ दांव लगाया। बाद में उसने पाला बदला और दोनों तरफ से पैसे कमाये। अब उसने अडाणी ग्रुप के खिलाफ मोर्चा खोला है। स्टॉक में हेराफेरी समेत कई तरह के आरोप लगाये हैं। जवाब में अडाणी समूह ने 413 पन्नों की रिपोर्ट जारी की है। साथ ही मुकदमा करने की बात भी कही है। इस आरोप-प्रत्यारोप के बीच अडाणी ग्रुप के शेयरों में जबरदस्त गिरावट आयी। ग्रुप के मुखिया गौतम अडाणी दुनिया के शीर्ष 10 अरबपतियों की लिस्ट से बाहर हो गये। ग्रुप को अपना एफपीओ तक वापस लेना पड़ा। लेकिन यह कहानी आरोपों की नहीं है। यह कहानी है कि कैसे संदेह का लाभ उठा कर बड़ी जीत हासिल की जा सकती है।

### क्या है शॉर्ट सेलिंग

पारंपरिक अर्थों में निवेश के बारे में सोचने पर हम दूर की देखते हैं। हमारी सोच होती है कि यह कंपनी अच्छा करेगी, तो इसके शेयर खरीद लिये जायें। समय के साथ शेयर के दाम बढ़ते जायेंगे। लेकिन शॉर्ट सेलिंग बिल्कुल अलग चीज है। इसमें लगता है कि स्टॉक का मूल्य जितना होना चाहिए, उससे कहीं अधिक है। वजह क्या है? शायद इसलिए कि इसकी कमाई पर्याप्त नहीं बढ़ रही या फिर कंपनी कर्ज के ढेर पर बैठी है। ऐसे में शेयर को ऊंचे दाम पर खरीदने की बजाय उन्हें उधार लिया जाता है। फिर कोई कंपनी उस शेयर को कम कीमत पर खरीद लेती है। उसके बाद असली खेल शुरू होता है और उस शेयर की कीमत बढ़ने लगती है। जिस कंपनी ने कम कीमत पर शेयर खरीदे हैं, वह ऊंची कीमत पर उसे बेच देती है और भारी मुनाफा कमा लेती है। यही है शॉर्ट सेलिंग का पूरा खेल या हिंडनबर्ग की असलियत, जो उसने अडाणी ग्रुप के साथ खेला है। अपनी रिपोर्ट में उसने अडाणी ग्रुप के खिलाफ आरोप लगा कर उसके शेयरों के दाम गिरा दिये और कम कीमतों पर उन शेयरों को खरीद लिया। अब एक बार फिर अडाणी के शेयर की कीमत बढ़ रही है और तब हिंडनबर्ग उन शेयरों को बेच कर भारी मुनाफा कमा लेगा। हिंडनबर्ग को अडाणी ग्रुप को परेशानी में डाल कर यही लाभ हुआ है।




### क्यों अडाणी ग्रुप को चेलैंज कर रहा है हिंडनबर्ग

हिंडनबर्ग ने अडाणी ग्रुप को अमेरिका में आकर केस करने की चुनौती दी, जिसे लेकर यह माहौल बना दिया गया कि अडाणी ग्रुप इस रिपोर्ट से भयभीत है। अब यह जानना दिलचस्प है कि इस चुनौती का सच क्या है। पहले यह जान लीजिए कि 2017 में बनी अमेरिका की यह रिसर्च कंपनी अब तक करीब 20 कंपनियों को निशाना बना चुकी है और इसमें से सिर्फ दो ही ने हिंडनबर्ग में खिलाफ मानहानि का केस किया। पहली कंपनी - चीन की रियल इस्टेट डेवलपर योंग्त्जे और दूसरी इरोस इंटरनेशनल है। साल 2018 में हिंडनबर्ग ने चीन की रियल इस्टेट कंपनी योंग्त्जे के खिलाफ एक रिपोर्ट जारी की, ठीक वैसे ही जैसे अडाणी ग्रुप के खिलाफ जारी की है। रिपोर्ट में कहा गया कि यह कंपनी केवल पैसे ट्रांसफर करने के लिए बनी है, जो अमेरिका के निवेशकों का पैसा कंपनी के चेयरमैन और उसके शेयर होल्डरों को ट्रांसफर करती है। इस रिपोर्ट के जारी होने के बाद चीन की कंपनी ने हिंडनबर्ग के संस्थापक नाथन एंडरसन और उनकी सहायक कंपनी क्लैरिटी स्प्रिंग के खिलाफ अमेरिका की अदालत में मानहानि का केस किया। साल 2019 में इस केस का फैसला आया। अमेरिका की अदालत ने केस खारिज कर दिया। चीन की कंपनी के मानहानि केस से हिंडनबर्ग तो बच गया, लेकिन हिंडनबर्ग की रिपोर्ट से वह कंपनी बर्बाद हो गयी। चीन की कंपनी पर हिंडनबर्ग की रिपोर्ट 6 दिसंबर 2018 को आयी। 7 दिसंबर 2018 को शेयर के दाम 8.28 डॉलर थे, वे 15 फरवरी 2019 को 0.40 डॉलर हो गये और आज की तारीख में 0.00020 डॉलर है।

### हिंडनबर्ग करता है बड़ी चालाकी

हिंडनबर्ग अपनी रिपोर्ट में इस तरह के वाक्यों का प्रयोग करता है, जो उसे कानूनी रूप से बचाता है। जैसे चीन की कंपनी के खिलाफ रिपोर्ट में दो वाक्यों का प्रयोग किया और ये दो वाक्य ही कोर्ट में हिंडनबर्ग की ढाल बने। ये वाक्य थे, 'वी थिंक' (हम ऐसा सोचते हैं) और 'वी बिलीव' (हमें भरोसा है)। अमेरिकी कानून में इन वाक्यों को निष्कर्ष नहीं माना जाता, इसलिए अदालती कार्यवाही में हिंडनबर्ग साफ बच जाता है।

### अडाणी ग्रुप के खिलाफ किया खेल

इस तरह अडाणी ग्रुप के खिलाफ रिपोर्ट में भी हिंडनबर्ग ने यही खेल किया है। उसकी रिपोर्ट में नौ जगह 'वी बिलीव' का इस्तेमाल किया गया है। अमेरिकी कानून के जानकार बताते हैं कि अमेरिका के ज्यादातर कोर्ट में पब्लिक ट्रेडेड कंपनियों के वित्तीय विश्लेषण को उसका मत (ओपिनियन) मान कर उसे कानूनी संरक्षण दिया जाता है। किसी भी वित्तीय केस में अमेरिकी कोर्ट ज्यादातर यही देखते हैं कि दावा किया गया बयान सही है या गलत और सबसे अहम कि उसका संदर्भ क्या है।

### तो इसीलिए दी चुनौती

यही वजह है कि हिंडनबर्ग अडाणी ग्रुप को भी अमेरिका में आकर केस करने की चुनौती दे रहा है, क्योंकि वह जानता है कि अमेरिका के कानून में ऐसे प्रावधान हैं, जिससे वह बड़ी आसानी से किसी को बदनाम करने से बच सकता है। हिंडनबर्ग के पास अपने ही समर्थन में आये अमेरिकी कोर्ट के दो ऐसे फैसले हैं, जो काफी नये हैं और जिनके दम पर हिंडनबर्ग के खिलाफ कोर्ट में केस टिकना मुश्किल है।

---

# सरना धर्मकोड और सम्मेद शिखर के मुद्दे पर आदिवासियों ने पारसनाथ रेलवे ट्रैक पर दिया धरना

**अधिकारियों के आश्वासन के बाद माने प्रदर्शनकारी**

आजाद सिपाही संवाददाता

**गिरिडीह।** सरना धर्मकोड को मान्यता देने और पारसनाथ सम्मेद शिखर को आदिवासी समाज को सौंपे जाने की मांग को लेकर शनिवार को आदिवासी सेंगल अभियान के तहत सैकड़ों लोगों ने पारसनाथ रेलवे ट्रैक पर जाम लगा कर धरना दिया।

सूचना पर पहुंचे जिला प्रशासन और पुलिस के अधिकारियों ने लोगों को उनकी बातों को सरकार तक पहुंचाने का आश्वासन दिया और जाम हटवाया। आंदोलन को देखते एसडीएम प्रेमलता मूर्मू, एसडीपीओ मनोज कुमार, नौशाद आलम, निमियाघाट थाना प्रभारी,



जीआरपी समेत सीआरपीएफ के अधिकारियों ने आंदोलकारियों से वार्ता कर आश्वासन दिया कि जो भी मांगे हैं, उसे केंद्र और राज्य सरकार को पहुंचाया जायेगा। आंदोलन का नेतृत्व कर रहे आदिवासी नेता आनंद टुडू ने कहा कि पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत देश के पांच राज्यों में आदिवासी समुदाय के लोग अलग-अलग मांगों को लेकर धरना-प्रदर्शन कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि देश के आदिवासी प्रकृति पूजक हैं और इस वर्ष हर हाल में सरना धर्म कोड लेना है। क्योंकि, आदिवासी का धर्म सरना है।

सरकार सरना धर्म कोड को मान्यता दे और पारसनाथ सम्मेद शिखर को जैन समाज से मुक्त कराते हुए आदिवासी समुदाय को सौंपे। आंदोलनकारी नेताओं ने हेमंत सोरेन सरकार पर भी प्रहार किया। इस दौरान आदिवासी सेंगल अभियान के बोकारो जोन के जोनल संयोजक आनंद टूडू, झारखंड प्रदेश संयोजक करमचंद हांसदा, मांझी परगना मडवा अध्यक्ष झारखंड प्रदेश चंद्रमोहन मरांडी, डुमरी प्रखंड के मुख्य संयोजक अनिल हांसदा, डुमरी प्रखंड अध्यक्ष मोतीलाल मुर्मू, डुमरी प्रखंड संयोजक सुमित्रा सोरेंज, सरना धर्म मड़वा अध्यक्ष बृजेश और महिला मोर्चा अध्यक्ष चकरी पंचायत कौशल्या, टुडू नावाडीह प्रखंड कोऑर्डिनेटर जागेश्वर मुर्मू, नावाडीह प्रखंड संयोजक गणेश मरांडी, नावाडीह प्रखंड युवा छात्र मोर्चा अध्यक्ष हरि नारायण मुर्मू सहित बड़ी संख्या में आदिवासी समाज के महिला पुरुष उपस्थित थे।

---

# गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव समेत गैंग के 15 सदस्यों के खिलाफ चार्जशीट में यूएपीए की धाराएं जोड़ने के लिए कोर्ट में आवेदन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आतंकवादी विरोधी दस्ते (एटीएस) ने कोर्ट में आवेदन दाखिल कर आग्रह किया है कि अमन श्रीवास्तव गिरोह के लोगों के खिलाफ चल रहे केस में गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम की धारा 16, 17, 18 और आइपीसी की धारा 420 भी जोड़ी जाये। कांड संख्या 1/2022 के जांच अधिकारी ( केस आइओ) ने कोर्ट में आवेदन देकर यह कहा है कि अब तक हुई जांच में कई नये तथ्य सामने आये हैं। इसलिए इस केस से जुड़े आरोपियों के खिलाफ दाखिल चार्जशीट में यूएपीए की धारा 16, 17, 18 और आइपीसी की धारा 420 भी जोड़ी जाये। पिछले वर्ष एटीएस द्वारा दर्ज कांड संख्या 1/2022 में अमन श्रीवास्तव गिरोह के सरगना गैंगस्टर अमन श्रीवास्तव, अविक श्रीवास्तव, चंद्रप्रकाश राणु, मंजरी श्रीवास्तव, एश्ले लकड़ा, प्रिंसराज श्रीवास्तव, विनोद कुमार पांडेय, अमजद खान, जहीर अंसारी, महमूद उर्फ नेपाली, असलम, फिरोज खान, सिद्धार्थ कुमार साहू, पिंटू और सुनील को आरोपी बनाया गया है।

**गैंग के अपराधी रंगदारी और लेवी से पैसे जुटाते थे**

पिछले वर्ष एटीएस ने कई राज्यों में छापेमारी कर अमन श्रीवास्तव गैंग के कई अपराधियों को गिरफ्तार किया था। उसके बाद एटीएस ने चार्जशीट में बताया है कि अमन श्रीवास्तव गैंग के अपराधी रंगदारी और लेवी से पैसे जुटाते थे। उससे हथियार खरीद कर आतंक कायम करने के लिए गोलीबारी ओर आगजनी कर व्यवसायियों-ठेकेदारों में खौफ कायम करते थे। अमन श्रीवास्तव खुद कभी भी न तो कोई कांड करता है और न ही लेवी वसूलता है। वह अपने गुर्गों- सहयोगियों के माध्यम से दहशत फैलाने के लिए गोलीबारी ओर आगजनी की घटना को अंजाम दिलाता था। रंगदारी के रूप में मिलने वाली राशि भी वह स्वयं नहीं लेता था। हवाला के माध्यम से अपने रिश्तेदारों तक लेवी की राशि मंगवाता था। एटीएस थाने में 17 जनवरी 2022 को अमन श्रीवास्तव गिरोह के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। उक्त प्राथमिकी में गैंग लीडर अमन श्रीवास्तव सहित 15 आरोपित किये गये हैं।

---

# शिक्षकों को इलाज के लिए कल्याण कोष से मिलेंगे तीन लाख रुपये

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** झारखंड में अब हाइस्कूल, प्लस टू स्कूल के शिक्षकों को इलाज के लिए तीन लाख रुपये आसानी से मिलेंगे। तकरीबन डेढ़ साल बाद झारखंड में शिक्षक कर्मचारी कल्याण कोष समिति का गठन हो गया है। शिक्षकों को बेहतर इलाज के लिए कल्याण कोष से राशि उपलब्ध करायी जायेगी। कोष के अध्यक्ष झारखंड एकेडमिक काउंसिल के अध्यक्ष होंगे। समिति द्वारा निर्णय

**डेढ़ साल बाद शिक्षक कर्मचारी कल्याण कोष समिति का गठन**

लिया जायेगा कि इलाज के लिए किसे कितनी राशि उपलब्ध करायी जाये। इलाज के पैसे लेने के लिए शिक्षकों को समिति के समक्ष आवेदन करना होगा। आवेदन के साथ बीमारी से संबंधित कागजात देने होंगे। जैक की कल्याण कोष समिति बीमारी और दस्तावेज के आधार पर राशि तय करेगी कि कितनी राशि शिक्षकों को देनी है। डेढ़ साल में करीब तीन दर्जन शिक्षकों के आवेदन लंबित हैं। शिक्षकों को अधिकतम डेढ़ लाख रुपये मिलते थे। शिक्षक-कर्मचारी कल्याण कोष की राशि में बढ़ोतरी की गयी है। अब तीन लाख रुपये तक मिल सकेंगे। कल्याण कोष के लिए मैट्रिक और इंटरमीडिएट के छात्रों से आवेदन के समय पांच-पांच रुपये लिये जाते हैं। झारखंड में स्कूली शिक्षा औरसाक्षरता विभाग की ओर से शिक्षकों के इलाज का प्रावधान कर दिया गया है। गठित समिति में अध्यक्ष के अलावा जैक के संयुक्त सचिव-1 और वित्त पदाधिकारी सदस्य के रूप में रहेंगे। इनके अलावा झारखंड इंटर शिक्षक संघ के माहसचिव अरुण कुमार महतो और झारखंड राज्य माध्यमिक शिक्षक संघ के यशवंत विजय शिक्षक प्रतिनिधि के रूप में मनोनीत किये गये हैं। जैक के सचिव महीप कुमार सिंह ने इस संबंध में अधिसूचना जारी कर दी है।

---

## सांसद संजय सेठ के सवाल पर केंद्रीय संचार राज्यमंत्री ने दी जानकारी

# इंटरनेट सेवा से वंचित हैं झारखंड के 1367 गांव

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** भारत के 29 राज्यों के 238 शहरों में 5जी की सेवा शुरू हो गयी है, जिसमें झारखंड से रांची, जमशेदपुर और धनबाद शहर शामिल हैं। शेष अन्य क्षेत्रों में भी 5जी की सेवाएं चालू करने के लिए युद्धस्तर पर कार्य चल रहा है। यह जानकारी केंद्रीय संचार राज्य मंत्री देवु सिंह चौहान ने शनिवार को लोकसभा में दी। संसद के बजट सत्र के दौरान रांची के सांसद संजय सेठ ने यह पूछा था कि देश के किन शहरों में 5जी की सेवाएं शुरू की गयी हैं।



झारखंड में 5जी की सेवाएं कब तक शुरू होंगी? सांसद ने यह भी जानकारी मांगी थी कि इंटरनेट सेवाओं से झारखंड में वंचित गांवों की संख्या क्या है और यहां कब तक इंटरनेट कनेक्टिविटी दी जायेगी।

इसके जवाब में केंद्रीय मंत्री ने बताया कि झारखंड के 1367 गांव में 4जी की सेवाएं आरंभ नहीं हो पायी हैं। विशेष परियोजना के तहत इन सभी गांव को 4जी की सेवाओं से जोड़ने के लिए काम चल रहा है। बीएसएनएल द्वारा वित्त पोषण सार्वभौमिक सेवा दायित्व निधि के तहत यह परियोजना संचालित की जा रही है। केंद्रीय मंत्री ने सांसद को बताया कि झारखंड के जिन जिलों के गांव इंटरनेट से अछूते हैं, उसमें सबसे अधिक गांव पूर्वी सिंहभूम के हैं। यहां के 279 गांव इंटरनेट से अछूते हैं। चतरा के 155 गांव में इंटरनेट नहीं पहुंच पाया है। पलामू के 129 गांव तक इंटरनेट की कनेक्टिविटी नहीं मिली। रांची में सिर्फ चार गांव इंटरनेट से अछूते हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि भारतीय संचार निगम लिमिटेड यानी बीएसएनएल को यह कार्य दिया गया है। बहुत जल्दी इन क्षेत्रों में इंटरनेट की सेवा बहाल कर दी जायेगी।

आजाद सिपाही | झारखंड में सबसे ज्यादा देखा जाने वाला चैनल
188100 Subscribers
VIEWERSHIP 3 Crore 80 lakh+
Watch Time (HR) 11 Lakh+
YouTube Channel
Subscribe NOW
No 1 Channel


| वेदर | | |
|---|---|---|
| शहर | अधिकतम | न्यूनतम |
| रांची | 30.4 °c | 13.0 °c |
| सूर्यास्त (आज) : | | 17.42 बजे |
| सूर्योदय (कल) : | | 06.25 बजे |



# दीनदयाल उपाध्याय ने समाज को दी नयी दिशा : दीपक प्रकाश

**प्रदेश भर में बूथ स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि दीनदयाल एक महामानव थे, जिन्होंने बचपन से विषम परिस्थितियों से जूझते हुए देश और समाज की सेवा की। समाज को नयी दिशा दी।

प्रकाश ने कहा कि जब दुनिया पूंजीवाद, साम्यवाद, समाजवाद के बीच उलझी थी, उसी समय पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने दुनिया को एकात्म मानववाद का दर्शन दिया, जो भारत की सांस्कृतिक चेतना के अनुरूप थी। इसमें अंत्योदय और सर्वोदय के साथ विश्व बंधुत्व समाहित है।

दीपक प्रकाश शनिवार को प्रदेश कार्यालय में पंडित दीनदयाल की पुण्यतिथि पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। भाजपा ने प्रदेश भर में बूथ स्तर पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया। उन्होंने कहा कि उनका दर्शन एकांगी नहीं, बल्कि सबको साथ लेकर चलने का दर्शन है।



## कांग्रेस को भारत जोड़ने की बात शोभा नहीं देती : दीपक प्रकाश

रांची (आजाद सिपाही)। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद दीपक प्रकाश ने कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष भारत जोड़ो और हाथ जोड़ो यात्रा करने झारखंड आये हैं, लेकिन भारत की संप्रभुता को संकट में डालने वाली पार्टी कांग्रेस को भारत जोड़ने की बात शोभा नहीं देती है। इस पार्टी के डीएनए में तो भारत को तोड़ने की नीति है। दीपक प्रकाश भाजपा प्रदेश कार्यालय में शनिवार को पत्रकारों को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी की यात्रा में भारत विरोधी पादरी जॉर्ज पुन्नैया, तमिलनाडु को अलग देश बनाने की मांग करने वाला उदय कुमार और पीओके का समर्थन करने वाला कमल हसन शामिल होते हैं और कांग्रेस इस यात्रा को भारत जोड़ो यात्रा का नाम दे रही है।

प्रकाश ने सवालिया लहजे में कहा कि कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष अपने कार्यक्रम की शुरूआत साहिबगंज से क्यों रखा। क्योंकि, साहिबगंज में सबसे ज्यादा बांग्लादेशी घुसपैठिये निवास करते हैं। उन्होंने कहा कि जब सिविल सोसाइटी ने घुसपैठियों को भगाने की बात की, तो यही कांग्रेस और झामुमो की सरकार ने सुप्रीम कोर्ट में हलफनामा देकर कहा कि हमारी सरकार प्रवासी भगाने का काम नहीं करेगी। प्रेस वार्ता में प्रदेश मीडिया प्रभारी शिवपूजन पाठक और प्रवक्ता अविनेश कुमार सिंह उपस्थित थे।

उन्होंने कहा कि यही दर्शन आज भाजपा सरकार का मूल मंत्र है। सबका साथ और सबका विकास यही है। भाजपा सरकार भारत की सांस्कृतिक एकात्मता को भी मजबूत कर रही है। राष्ट्रवाद भी मजबूत हो रहा। साथ ही कल्याण योजनाओं के साथ अंत्योदय का संकल्प भी तेजी से धरातल पर उतर रहा। इस मौके पर प्रदेश महामंत्री बालमुकुंद सहाय, प्रदेश मंत्री एवं विधायक नवीन जयसवाल और विधायक समरी लाल सहित तमाम लोग मौजूद थे।

# भाजमो ने मनायी पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** भारतीय जनतंत्र मोर्चा के तत्वावधान में पार्टी कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि मनायी गयी। इस अवसर पर पार्टी नेताओं द्वारा पंडित दीनदयाल उपाध्याय द्वारा बताये गये मार्गों को अपना कर जनहित के कार्य में लगे लोगों को बधाई दी गयी। इस अवसर पर पार्टी के केंद्रीय अध्यक्ष धर्मेंद्र तिवारी ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने भारत की सनातन विचारधारा को युवा अनुकूल रूप में प्रस्तुत करते हुए देश को एकात्म मानववाद नामक विचारधारा दी। वह समावेशी विचारधारा के समर्थक थे, जो एक मजबूत और सशक्त भारत चाहते थे। राजनीति और साहित्य में भी उनकी गहरी रुचि के साथ हिंदी और अंग्रेजी में उनके बहुत सारे लेख विभिन्न पत्र पत्रिकाओं में प्रकाशित होते हैं। वह राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के आजीवन प्रचारक रहे और संघ के माध्यम से राजनीति में आये। डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी की अध्यक्षता में आगे बढ़े। इनके कार्यकुशलता से प्रभावित होकर डॉक्टर मुखर्जी ने कहा कि यदि मुझे दो दीनदयाल मिल जायें तो भारत की राजनीति का नक्शा बदल दूं। इस कार्यक्रम में वीरेंद्र सिंह, आशीष शीतल मुंडा, शिवानी लता, दुर्गेश चंद्रवंशी, सौरभ तिवारी, अविनाश कुमार, टिंकू चौधरी, शिव शंकर आदि मौजूद रहे।

# इडी के गवाह अशोक यादव को आर्म्स एक्ट में हाइकोर्ट से मिली जमानत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** आर्म्स एक्ट से जुड़े एक मामले में आरोपी अशोक यादव को झारखंड हाइकोर्ट से जमानत मिल गयी है। हाइकोर्ट के न्यायमूर्ति गौतम कुमार चौधरी की कोर्ट ने उसे जमानत प्रदान कर दी। कोर्ट ने उसे 25000 रुपये के बेल बांड पर जमानत दी है। यह मामला एक नदी घाट से दूसरे नदी घाट में बालू की ढुलाई विवाद से जुड़ा है। मामले को लेकर साहिबगंज मुफस्सिल थाना में कांड संख्या 30/ 2022 दर्ज की गयी थी। मामले का सूचक पानी जहाज के कैप्टन सच्चिदानंद दास हैं। इनकी शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज की गयी थी। घटना के संबंध में बताया जाता है कि 12 मार्च 2022 को पानी जहाज कोलकाता से मनिहारी की ओर जा रहा था। उसी दौरान पांच5छह अज्ञात लोगों ने जहाज पर फायरिंग की। गोलीबारी की घटना के बाद जहाज मालिक ने जहाज को कोलकाता की ओर लौटने को कहा। 12 मार्च 2022 की सुबह 5:30 बजे पांच-छह लोग नाव से जहाज पर आये और पानी जहाज को समदा घाट की ओर ले जाने लगे। इसी दौरान गोलीबारी की घटना हुई। नीरज यादव को इस घटना में गोली लगी थी। प्रार्थी पर इस घटना में शामिल होने का आरोप है।

## इडी ने अशोक यादव को बनाया था गवाह

8 जुलाई 2022 को इडी ने अवैध खनन मामले में अनुसंधान के दौरान साहिबगंज में मुख्यमंत्री के बरहेट विधानसभा क्षेत्र के विधायक प्रतिनिधि पंकज मिश्रा और उनके अन्य सहयोगियों ओर पत्थर कारोबारियों से जुड़े 20 ठिकानों पर एक साथ छापेमारी की थी। इस छापेमारी में इडी ने कुल 5.32 करोड़ रुपये नकदी बरामद की थी। छापेमारी में करोड़ों के बैंकिंग लेन-देन ओर निवेश से संबंधित दस्तावेज भी मिले थे। इसके लिए इडी ने विधिवत जब्ती सूची तैयार की थी। जब्ती सूची पर नियमतः गवाहों का दस्तखत होता है। इडी की जब्ती सूची पर तब अशोक यादव ने गवाह के तौर पर अपना दस्तखत किया था।

30 जुलाई 2022 को साहिबगंज पुलिस ने पत्थर किंग मुंगेरी यादव के करीबी अशोक अशोक यादव को गिरफ्तार किया था। अशोक यादव को दाहू यादव के जहाज पर गोलीबारी मामले में साहिबगंज मुसफ्फिल थाने में दर्ज केस में गिरफ्तार किया गया था। उस पर आधा दर्जन केस हैं, जो बिजली चोरी, अवैध खनन और आर्म्स एक्ट से संबंधित हैं।

# माड़ भात खाकर आ रही है एक और स्टार क्रिकेटर, माही जैसी है संघर्ष की कहानी

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** हमारे समाज में पुरुष क्रिकेटरों का अधिक बोलबाला है। चाहे घरेलू क्रिकेट हो या अंतरराष्ट्रीय मंच। हर तरफ क्रिकेट का नाम सुनते ही सिर्फ पुरुष क्रिकेटर का ही चेहरा जेहन में आता है। दरअसल इनकी लोकप्रियता आसमान छूती है। लेकिन जब बात महिला क्रिकेटर की आती है, तो शायद ही इक्का-दुक्का नाम छोड़ कर किसी को महिला क्रिकेटर के बारे में ज्यादा पता हो।

इसी कड़ी में आज हम आपको बताने वाले हैं झारखंड की महिला



शांति कुमारी

क्रिकेटर शांति कुमारी के बारे में, जिन्होंने अपने दम पर रूढ़िवादी सोच को तोड़ते हुए आज महिला क्रिकेट लीग के ऑक्शन में अपने बेस प्राइस 25 लाख के साथ शांति को शॉर्टलिस्ट किया गया है। शांति रांची से 35 किलोमीटर की दूरी पर स्थित रामगढ़ की रहने वाली है।

## पिता हैं किसान

बातचीत में भावुक होकर बोलीं, आज जो भी कुछ हूं सब परिवार ओर दोस्तों की बदौलत हूं। मेरे पापा का नाम जलेश्वर करमाली और मां का नाम सुंदरी देवी है। मेरी तीन बड़ी बहन, एक छोटी बहन और एक छोटा भाई है। इन सबका योगदान मेरे जीवन में काफी अहम है। घर की माली हालत ठीक नहीं थी। आसपास के लोग कहते थे, लड़की क्रिकेट नहीं खेलती, बल्कि घर संभालती है, पर पापा ने दुनिया को छोड़ मेरा साथ दिया और खेती कर मेरी सारी जरूरतों को पूरा किया है। कभी-कभी माड़ भात खाकर भी गुजारा करना पड़ता था। मेरे कुछ दोस्त जैसे सुनील मुंडा, गिनी गीता कजूर, संगीता कजूर और दीपिका इन चारों दोस्तों ने हमेशा मेरे हौसले को बढ़ाने का काम किया है। कभी परफॉर्मेंस खराब होता तो ये दोस्त हमेशा मेरे साथ खड़े होते और फिर से कोशिश करने की सलाह देते।

# मुख्यमंत्री से डीजीपी ने की शिष्टाचार मुलाकात

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री आवासीय कार्यालय में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से पुलिस महानिदेशक नीरज सिन्हा ने शनिवार को शिष्टाचार मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने उन्हें शॉल और मोमेंटो देकर उनकी लंबी उम्र, खुशहाल, सुखद और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक पुलिस पदाधिकारी के रूप में आपका लंबा कार्यकाल आज समाप्त हो रहा है। आपके कार्य और अनुभव का लाभ यहां के पुलिस बल, आम जनता और राज्य को मिला है। अब आप जीवन के दूसरे दौर में प्रवेश कर रहे हैं। आपको सुखद सेवानिवृत्ति की शुभकामनाएं।



# मुख्यमंत्री ने तिलका मांझी को किया नमन

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शनिवार को अमीर वीर शहीद बाबा तिलका मांझी की जयंती पर शत-शत नमन किया। मुख्यमंत्री ने ट्वीट करके कहा कि अंग्रेजों के शोषण के खिलाफ झारखंड के आदिवासी मूलवासियों के विद्रोह का इतिहास बहुत पुराना है। 1857 से कहीं पहले अंग्रेज शोषकों के खिलाफ विद्रोह का बिगुल बजाने वाले अमीर वीर शहीद बाबा थे।

## मल्लिकार्जुन खड़गे पहुंचे झारखंड, मुख्यमंत्री ने किया स्वागत

दुमका। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे हाथ से हाथ जोड़ो अभियान की शुरुआत करने के लिए शनिवार को झारखंड के दुमका पहुंचे हैं। उनके आगमन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने स्वागत किया है। मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने ट्वीट करके कहा है कि मल्लिकार्जुन खड़गे का झारखंड में स्वागत है। खड़गे के आगमन पर एयरपोर्ट दुमका पर कांग्रेस के झारखंड प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडे, झारखंड के संसदीय कार्य मंत्री आलमगीर आलम, वरिष्ठ नेता कृष्णानंद झा सहित कई नेताओं ने स्वागत किया।

# मेदांता में शिबू सोरेन से राजद नेता ने की मुलाकात, जाना हाल



आजाद सिपाही संवाददात

**रांची।** झामुमो सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन से राजद के राष्ट्रीय महासचिव श्याम रजक ने शनिवार को मेदांता अस्पताल में मुलाकात की। दरअसल, शिबू सोरेन का मेदांता हॉस्पिटल में इलाज चल रहा है। मालूम हो कि गुरुवार को झामुमो सुप्रीमो और पूर्व मुख्यमंत्री शिबू सोरेन की तबीयत बिगड़ने की वजह से उन्हें इलाज के लिए रांची के इरबा स्थित मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है। इस दौरान श्याम रजक ने उनका हाल-चाल जाना। इसके साथ ही जल्द स्वस्थ होने की कामना की है। कहा-ईश्वर गुरु जी को जल्द स्वस्थ करें यहीं कामना करते हैं।

# गरीबों को निःशुल्क द्वारिका और सोमनाथ की सैर करायेगी झारखंड सरकार

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य सरकार ने गरीबों खासकर बीपीएल श्रेणी के वरिष्ठ लोगों को धार्मिक तीर्थ दर्शन करायेगी। पर्यटन निदेशालय, झारखंड के मुताबिक राज्य के बुजुर्ग नागरिकों को सीएम तीर्थ दर्शन योजना का लाभ दिया जाना है। राज्य में ऐसे नागरिक, जिनके पास बीपीएल कार्ड है और उनकी उम्र 60 वर्ष या इससे अधिक है, उन्हें दर्शन कराने में सरकार मदद करेगी। इसके लिए उनसे कोई राशि नहीं ली जायेगी। पर्यटन,




कला संस्कृति विभाग, झारखंड के द्वारा इसके लिए इच्छुक हिंदू धर्मावलंबियों की तलाश शुरू कर दी गयी है। चयनित लोगों को द्वारिका और सोमनाथ की यात्रा विशेष ट्रेन द्वारा आइआरसीटीसी के माध्यम से फरवरी के अंतिम सप्ताह में प्रारंभ की जानी है।

## यहां करें संपर्क

पर्यटन निदेशालय ने कहा है कि जो भी योग्य हिंदू नागरिक हैं और जिनके पास बीपीएल कार्ड है, वे अपने-अपने जिलों में उपायुक्त कार्यालय में संपर्क करें। निर्धारित योग्यता और अन्य जानकारी के अलावा वहां आवेदन भी कर सकते हैं। 16 फरवरी 2023 तक इसके लिए डीसी ऑफिस में आवेदन जमा करने की समय सीमा तय है।

### स्ट्रेचर पर रिम्स की व्यवस्था

# एक्सीडेंट में घायल की ट्रॉली के इंतजार में मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**रांची।** राज्य का सबसे बड़ा ट्रॉमा सेंटर सिर्फ नाम का ही ट्रॉमा सेंटर है। सबसे बड़े अस्पताल रिम्स में रात्रि सेवा की स्थिति बदहाल है।

शुक्रवार की रात 10.45 के करीब नामकुम पुलिस सड़क दुर्घटना में बाइक सवार घायल को लेकर रिम्स ट्रॉमा सेंटर पहुंची। घायल को ले जाने के लिए पहले तो ट्रॉलीमैन नहीं पहुंचा, फिर डॉक्टर मौजूद नहीं होने से मरीज की मौत हो गयी। पुलिस घायल को लेकर रिम्स पहुंची, लेकिन 15 मिनट तक कोई ट्रॉलीमैन नहीं आया। इसके बाद नामकुम थाना के थानेदार सुनील तिवारी ने झल्लाते हुए वार्ड ब्वॉय को बुलाया और घायल को अंदर भेजा। इसके बाद भी 15 मिनट तक कोई डॉक्टर मरीज को देखने के लिए नहीं पहुंचा और घायल की मौत हो गयी। पुलिस का कहना था कि घायल को जिंदा ट्रॉमा सेंटर के दरवाजे तक लाया गया था, लेकिन इलाज होता तो शायद यह बच सकता था। उन्होंने बताया कि घायल को देखने के बाद कोई ग्लब्स खोज रहा था तो कोई मास्क। ट्रॉमा सेंटर में नियमों के अनुसार मरीज का तुरंत इलाज शुरू होना चाहिए था। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक रिम्स की इमरजेंसी में कोई सीनियर डॉक्टर मौजूद नहीं रहता।

# खीरू महतो ने रामगढ़ में डीएमएफटी फंड के दुरुपयोग की जांच की मांग की

आजाद सिपाही संवाददाता



**रांची।** राज्यसभा सांसद खीरु महतो ने रामगढ़ जिले में डिस्ट्रिक्ट मिनरल फाउंडेशन ट्रस्ट (डीएमएफटी) फंड के दुरुपयोग का मामला शनिवार को राज्यसभा में उठाया। साथ ही डीएमएफटी फंड के दुरुपयोग की जांच कराने की मांग केंद्र सरकार से की है। सांसद ने कहा कि इस फंड का उपयोग खनन प्रभावित क्षेत्रों में किया जाना है। इसके लिए कोल व्यवसायियों से तीस रुपये प्रति टन कटौती की जाती है। रामगढ़ जिला अंतर्गत मांडू, चितरपुर और पतरातू ब्लॉक खनन प्रभावित है, लेकिन यहां इस राशि को खर्च नहीं कर समाहरणालय, स्विमिंग पुल, टाउन हॉल, फर्नीचर, पार्क, इंडोर स्टेडियम सहित सदर अस्पताल के सामान आपूर्ति में करोड़ों रुपये खर्च किये गये हैं। जिले में कर्मचारियों और आउटसोर्सिंग से बहाल लोगों को भी वेतन इसी फंड से दिया जा रहा है। उपरोक्त कार्य फंड के मानक नियमों तथा ग्रामसभा की मंजूरी के बगैर खनन प्रभावित क्षेत्र की जगह शहरी क्षेत्र में किये गये हैं।

## राशिफल

डॉ एनके बेरा | 9431114351

- **मेष** — वांछित उन्नति का मार्ग प्रशस्त होगा, दोस्तों से संबंधों में सुधार में मधुरता आयेगी।
- **वृष** — विशिष्टजनों के सहयोग से विवादास्पद मामले दूर होंगे, सरकारी पक्ष का सहयोग-समर्थन मिलेगा।
- **मिथुन** — समाज में मान-यश-प्रतिष्ठा की प्राप्ति होगी।आमदनी से खर्च अधिक होगा।
- **कर्क** — बच्चों की तरफ से खुशखबरी प्राप्त होगी। घर और बाहर आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी।
- **सिंह** — घर में खुशी का वातावरण, व्यावहारिक कुशलता एवं बौद्धिक चतुरता से अनेक समस्याओं का समाधान निकलेगा।
- **कन्या** — कर्मक्षेत्र में अपनी सूझबूझ से सारे कार्य बना लेंगे। रोजी-रोजगार की स्थिति मजबूत होगी।
- **तुला** — नौकरी नया पद-पोजीशन-अधिकार मिलने की संभावना, महत्वपूर्ण कार्य में सफलता।
- **वृश्चिक** — संतान पक्ष की तरफ से कोई शुभ समाचार मिलेगा, मान-यश-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी।
- **धनु** — सफलता आपके दरवाजे पर दस्तक देगी, सरकारी कार्य में प्रगति होगी।
- **मकर** — मन उच्चाभिलाषी रहेगा, रोजगार संबंधी समस्यायें हल होंगी, कोई नया कार्य की योजना सफल होगी।
- **कुंभ** — आपको कोई नया कार्य या प्रोजेक्ट प्राप्त हो सकता है, घर में कोई मांगलिक कार्य संपन्न कर सकते हैं।
- **मीन** — आजीविका में परिवर्तन होने की संभावना, दूर की यात्रा के योग बन सकते हैं।

# खादगढ़ा बस स्टैंड में सिपाही का मिला शव

**रांची।** रांची के खादगढ़ा बस स्टैंड से शुक्रवार देर रात एक सिपाही का शव मिला है। मृतक की पहचान गुलशन बागे के रूप में हुई है। सिपाही नेतरहाट में प्रशिक्षण प्राप्त कर रहा था और वह चाइबासा जिला बल का सिपाही था। संदेहास्पद स्थिति में शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गयी। सिपाही सिमडेगा जिले के जलडेगा का निवासी था। खादगढ़ा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज मामले की जांच में जुट गयी है।

# अपराध पर हर हाल में अंकुश लगाने का एसपी ने दिया निर्देश

**रांची।** ग्रामीण एसपी नौशाद आलम ने शनिवार को क्राइम मीटिंग की। इस दौरान सभी डीएसपी, सभी थाना प्रभारी, ओपी प्रभारी मौजूद थे। एसपी ने सभी पदाधिकारियों को अपराध पर हर हाल में अंकुश लगाने का निर्देश दिया। साथ ही आगामी जी-20 का बैठक के मद्देनजर अपने-अपने क्षेत्र में स्थान बदल-बदल कर एंटी क्राइम चेकिंग चलाने का निर्देश दिया। एसपी ने पिछले माह में दिये गये निर्देशों की बारी-बारी से समीक्षा की। साथ ही आगामी माह के लिए कई निर्देश दिये। उन्होंने कहा कि हाल के दिनों में बाइक चोरी की घटनाओं में वृद्धि हुई है, जिस पर अंकुश लगाने को कहा गया। इसके अलावा एसपी ने पिछले दो वर्षों में जेल से छूटे अपराधकर्मियों का सत्यापन करने, संपत्ति मूलक कांडों के उद्भेदन, जुआ- शराब के अड्डेबाजी पर छापेमारी करने सहित कई दिशा-निर्देश दिये।

## जगदीश यादव मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल आज

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में खेले जा रहे जगदीश यादव मेमोरियल इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का फाइनल मैच रविवार को प्रातः 9 बजे से चंदवारा स्थित पुलिस लाइन मैदान में खेला जाएगा। फाइनल मैच डीएवी पब्लिक स्कूल झुमरी तलैया और आदर्श प्लस टू उच्च विद्यालय के बीच खेला जाना है। जिला क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में प्रत्येक वर्ष इंटर स्कूल क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन होता है जिसमें शहरी क्षेत्र के साथ-साथ ग्रामीण क्षेत्र से भी बड़ी संख्या में खिलाड़ी भाग लेते हैं। फाइनल मैच के मुख्य अतिथि पुलिस अधीक्षक कोडरमा कुमार गौरव और विशिष्ट अतिथि जेएससीए के पदाधिकारी गण और जिला परिषद सदस्य लक्ष्मण यादव होंगे।

## भाकपा जिला परिषद की बैठक कल

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** भाकपा जिला परिषद कोडरमा की बैठक 13 फरवरी सोमवार दोपहर 12 से साहू धर्मशाला झुमरी तिलैया में रखी गई है। इसमें नवीकरण एवं भर्ती पार्टी जन संगठन तथा कोडरमा अंचलाधिकारी के द्वारा जमीन ऑनलाइन खाता नंबर प्लॉट नंबर चढ़ाने के नाम पर मोटी रकम लेने एवं गैरमजरूआ जमीन का दाखिल खारिज गलत तरीके से करने एवं दाखिल खारिज रिजेक्ट कर पुनः दाखिल खारिज करने के खिलाफ कोडरमा अंचल में बड़ा आंदोलन का तिथि तय करने पर विचार किया जाएगा। बैठक में मुख्य रूप से भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के राष्ट्रीय परिषद सदस्य महादेव राम, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी के जिला मंत्री प्रकाश रजक, जिला कार्यकारिणी सदस्य पुरुषोत्तम यादव, जिला कार्यकारिणी सदस्य महेश प्रसाद सिंह, अंचल मंत्री धनंजय यादव, अंचल मंत्री रामेश्वर यादव, अंचल मंत्री सच्चिदानंद पांडे, अंचल मंत्री अर्जुन यादव, एटक नेत्री सोनिया देवी मुख्य रूप से मौजूद रहेंगी। यह जानकारी सीपीआई जिला मंत्री प्रकाश रजक ने दिया।

## महिला ने डोमचांच थाना प्रभारी पर मारपीट और गाली गलौज का लगाया आरोप

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुला खान सहित अन्य पुलिसकर्मियों पर ढोढाकोला पंचायत के समसिहरिया गाँव की रहने वाली एक महिला समीदा खातून (उम्र 30 वर्ष पति नसीम अंसारी) ने घर का दरवाजा तोड़कर घर में घुसकर शुक्रवार देर रात्री में गाली गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया है। वही पीड़ित महिला ने कहा कि डोमचांच थाना प्रभारी अब्दुला खान खुद पुलिस की वर्दी पहने हुए जबकि उनके साथ मौजूद सिपाही बिना वर्दी के और बगैर महिला पुलिस लिये मेरे पति नसीम अंसारी पर थाने में केस दर्ज होने की बात बताकर उसे ढूंढने की बात कहकर घर में लगा दरवाजा तोड़कर घुस गये। मेरे साथ और मेरे देवर एवं अन्य दो बच्चे के साथ जमकर मारपीट व गाली गलौज किया और मेरे 10 वर्षीय पुत्र का हाथ सिगरेट से भी जला दिया। महिला सहित अन्य जनप्रतिनिधियों ने मामले को लेकर कहा कि दोषी पुलिसकर्मियों पर करवाई होनी चाहिए। वही पूरे मामले को लेकर थाना प्रभारी अब्दुला खान से पूछे जाने पर अपने ऊपर लगे आरोपों को बेबुनियाद ठहराया।

## सड़क और नाली निर्माण का शिलान्यास

**डोमचांच (आजाद सिपाही)।** नगर पंचायत अंतर्गत वार्ड नंबर 3 क्षेत्र में पीसीसी सड़क और नाली निर्माण का शिलान्यास नगर पंचायत अध्यक्ष राज कुमार मेहता, उपाध्यक्ष पप्पू मेहता, वार्ड पार्षद गुड़िया देवी के द्वारा संयुक्त रूप से पूजा अर्चना के साथ नारियल फोड़कर किया। वार्ड पार्षद गुड़िया देवी ने कहा कि हमारे वार्ड में पीसीसी सड़क महादेव साव के घर से लेकर देवी मंडप तक बनने जा रहा है। जबकि नाली निर्माण मुन्ना साव के घर से लेकर कैलाश कोंदु के घर तक ढक्कन सहित होना है।

## पूर्व विधायक विश्वनाथ मोदी की 12वीं पुण्यतिथि 14 को

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** स्वतंत्रता सेनानी सह पूर्व विधायक स्वर्गीय विश्वनाथ मोदी की 12 वीं पुण्यतिथि को मनाने को लेकर एक बैठक संजय शर्मा के कार्यालय में हुई। बैठक की अध्यक्षता सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह तथा संचालन प्रोफेसर बीएनपी वर्णवाल ने किया। बैठक में पूर्व में हुए श्रद्धांजलि कार्यक्रम की चर्चा हुई और यह निर्णय लिया गया कि यह कार्यक्रम ओवर ब्रिज के नीचे विश्वनाथ मोदी प्रतिमा स्थल के पास 14 फरवरी को 3 अपराहन से मनाया जाएगा। इस श्रद्धांजलि कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए सर्वसम्मति से सेवानिवृत्त शिक्षक नारायण सिंह को अध्यक्ष तथा कार्यक्रम संचालन के लिए प्रोफेसर बीएनपी वर्णवाल का चयन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए संयोजक देवनारायण मोदी, संजय शर्मा, अमर सिंह, अजय झा, राजेश सिन्हा का चयन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि कोडरमा विधायक डॉ नीरा यादव एवं विशिष्ट अतिथि बरकट्ठा विधायक अमित यादव, जिला परिषद की पूर्व अध्यक्ष शालिनी गुप्ता होंगी। इस बैठक में मुख्य रूप से वीरेंद्र सिंह, विजय राम, चंद्रशेखर जोशी, विनोद मोदी, किशोर वर्णवाल उपस्थित थे।

## आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा के वार्षिकोत्सव की तैयारी जोरों पर



**जयनगर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत सीबीएसई पाठ्यक्रम पर संचालित आदर्श शिशु प्लस टू उच्च विद्यालय बाघमारा में 28वां वार्षिकोत्सव की तैयारी जोरों पर है। विद्यालय के निदेशक रामदेव प्रसाद यादव तथा प्राचार्य प्रोफेसर दशरथ प्रसाद राणा ने संयुक्त रूप से जानकारी दिया 16 फरवरी को 11 बजे से 28वां वार्षिकोत्सव मनाया जाएगा। इसे लेकर तैयारियां जोरों पर है। मुख्य आकर्षण के रूप में नृत्य झांकी, वाद विवाद, एकांकी तथा गीत-संगीत के कार्यक्रम प्रस्तुत किए जाएंगे।

### हनी ट्रैप के शिकार तो नहीं हुए शिक्षक गिरिजा नंदन प्रसाद

# हत्या और आत्महत्या में उलझा शिक्षक की मौत का मामला



संजीव

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिला मुख्यालय स्थित दूधीमाटी से गायब सेवानिवृत्त शिक्षक गिरिजा नंदन प्रसाद का शव शनिवार की सुबह बरामद तो कर लिया गया। पर अब सवाल उठने लगे हैं कि कहीं वे हनी ट्रैप के शिकार तो नहीं हो गए। उनकी हत्या हुई या फिर उन्होंने आत्महत्या कर ली, इसका भी खुलासा होना बाकी है। वे 31 जनवरी को गायब हुए थे और कोडरमा थाना में उनके अपहरण का मामला दर्ज किया गया था। शनिवार की सुबह कोडरमा थाना अंतर्गत डंगरा पहाड़ के आगे जंगल मे नाला के पास से उनका शव बरामद किया गया। उधर से गुजरते हुए लोगों ने शव देखा और पुलिस को सूचना दी जिसके बाद कोडरमा थाना प्रभारी द्वारिका राम पुलिस बल के साथ पहुंचे। वहां शव के पास मृतक का कुर्ता और चश्मा और थोड़ी दूर मोबाइल बरामद किया गया। हालांकि मृतक का चप्पल बरामद नहीं हो सका। घटना स्थल पर शव देखने से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि मृतक की हत्या की गयी है। हालांकि आत्महत्या की भी सम्भावना व्यक्त की जा रही है। यह भी कि एक सप्ताह से ज्यादा पहले ही उनकी मौत हो चुकी है। ज्ञात हो कि 69 वर्षीय सेवानिवृत्त माध्यमिक शिक्षक गिरिजा नन्दन प्रसाद के लापता होने के बाद उनके पुत्र आनंद किशोर के आवेदन पर कोडरमा थाना में अपहरण का मामला दर्ज किया गया था।

### सकुशल बरामदगी का दावा किया था एसपी ने

मामले में पुलिस की कार्यशैली पर सवाल उठ रहे हैं। पहले तो थाना को सूचना देने पर तुरंत प्राथमिकी दर्ज नहीं की गयी। बाद में अपहरण का मामला तो दर्ज हुआ पर गम्भीरता से मामले को लिया नहीं गया। पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव से मिलने गए परिजनों को उनके सकुशल बरामदगी का आश्वासन भी मिला। एसपी ने बताया था कि 1 फरवरी से ही दो टीमों का गठन कर उनकी बरामदगी के लिए प्रयास हो रहा है। खुद एसपी कुमार गौरव ने 5 दिनों पहले मीडिया से कहा कि लापता शिक्षक को दो दिन पहले बरही के आसपास देखा गया है। पर उसके बाद शनिवार को शिक्षक का शव बरामद किया गया।

### किसी साजिश या हनी ट्रैप के हो गये शिकार

इस बात का खुलासा हुआ है कि शिक्षक गिरिजा नंदन प्रसाद सोशल मीडिया में एक्टिव थे। उनके पांच फेसबुक प्रोफाइल पाए गए जिनमें एक लॉक है। वहीं अन्य चार फेसबुक प्रोफाइल में कोई 2017 कोई 2019 कोई 2022 तो कोई 2020 के बाद अपडेट नहीं है। इनमें उनके मित्रों की संख्या 61 तो किसी में 70 वहीं एक में 52 और 1 में 28 है। ऐसी जानकारी मिली है कि शिक्षक से साइबर फ्रॉड के जरिए या हनी ट्रैप में फंसा कर उनसे रकम की मांग की जा रही थी। उनके खाते से संदिग्ध निकासी भी हुई है। वे इसी साजिश के शिकार हो गए या तो ब्लैक मेलिंग के बाद उनकी हत्या कर दी गई है या फिर उन्होंने आत्महत्या कर ली। इसका खुलासा तभी होगा जब पुलिस इस पूरे मामले को गंभीरता से लेगी। हालांकि परिजन और शिक्षक के पुत्र अमित किशोर ने पुलिस पर लापरवाही बरतने का आरोप लगाया और कहा कि पिता के गायब होने के बाद पुलिस एक्टिव नहीं हुई अन्यथा यह हादसा नहीं होता।

## बिजली की ज्वलंत समस्या से जूझ रहे हैं प्रखंडवासी : हरिहर मेहता

आजाद सिपाही संवाददाता

**इचाक।** विद्युत प्रखंड सांसद प्रतिनिधि हरिहर मेहता ने प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए कहा है कि इचाक प्रखंड के ग्रामीण कई महीनों से बिजली संकट से जूझ रहे हैं। इस समस्या से कई बार विद्युत विभाग के महाप्रबंधक एवं अधीक्षण अभियंता, कार्यपालक अभियंता को अवगत कराया गया। जिसमें प्रधानमंत्री सिंचाई योजना में जहां जहां ट्रांसफर लगा है उसे चालू किया जाए। दरिया पंचायत में ग्राम जगडा एवं जोगीडीह में सिंचाई ट्रांसफॉर्मर लगाने एवं 50 पॉल के साथ-साथ तार की केबल तार मांग, ग्राम जगड़ा में 100 केवी का एडिशनल ट्रांसफार्मर की अति शीघ्र जरूरत, ग्राम कुरहा में पीडब्लूडी मुख्य पथ पर लगे पॉल को हटाना, राधेश्याम मेहता के घर से ऊपर 11000 का तार लटका हुआ जो घर बना रहा उसे हटाना से संबंधित कई समस्या से अवगत कराया गया था, लेकिन विभाग अभी तक मौन है। समस्या समाधान हेतु विभाग अति शीघ्र समाधान करने का कार्य करें।

## अज्ञात वाहन की चपेट में आने से बैंक अधिकारी की मौत

आजाद सिपाही संवाददाता

**पदमा।** पदमा एचएच 33 इटखोरी मोड़ के पास सड़क दुर्घटना में घटना स्थल पर ही बीओआई शाखा पदमा के अधिकारी की मौत हो गई। घटना शुक्रवार रात्रि साढ़े 9 बजे की बताई जा रही है। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक का नाम विकास कुमार उम्र 27 वर्ष बिहार (वैशाली) पदमा बैंक ऑफ इंडिया में कार्यरत था।वो अपने शाखा प्रबंधक प्रवीण कुमार सहित अन्य कर्मचारियों के साथ अपने अपने बाइक से रात्रि करीब 9:25 में कार्यो को निपटाते हुए निकला था। इटखोरी मोड़ के समीप सड़क पार करने के दौरान हजारीबाग की ओर से तेज रफ्तार से आ रही अज्ञात गाड़ी ने उन्हें अपनी चपेट में ले लिया जिससे वे गम्भीर रूप से घायल हो गए। घटना की जानकारी पाते के साथ पदमा थाना ओपी पुलिस घटना स्थल पहुंचे और घायल अधिकारी को इलाज के लिए हजारीबाग भेजा जहां डॉक्टरो ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।मृतक 5 दिन पहले ही पदमा शाखा में ज्वाइन किया था, इससे पहले वो रामगढ़ में मात्र दो महीना ड्यूटी किया था।मृतक के पिता फौज में ड्यूटी करते है और वो घर का इकलौता बेटा था।

## ब्रह्माकुमारी में 87वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती मनी

आजाद सिपाही संवाददाता



**केरेडारी।** प्रखण्ड के चट्टी बारियातु पंचायत के पगार गाँव में ब्रह्माकुमारी की पाठशाला में 87 वीं त्रिमूर्ति शिव जयंती महोत्सव का आयोजन किया गया। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ब्रह्मा कुमारीज केरेडारी शिवरात्रि पर्व (87 वी त्रिमूर्ति शिव जयंती) को बहुत ही धूमधाम से मना रही है जिसकी शुरूआत 3 फरवरी दिन शुक्रवार से ही शुरू हो गई है जिसमें ब्रह्मा कुमारीज से जुड़े सभी भाई बहनें अलग अलग गांवों में जाकर परमात्म अवतरण का संदेश जन जन तक पहुंचा रहे हैं इस प्रभात फेरी का मुख्य उद्देश्य भारत को फिर से सोने की चिड़ियां अर्थात स्वर्ग तथा मानव मन को बुराइयों से मुक्त करने के लिए जागरूक करना है। कार्यक्रम की संचालिका बीके सरिता बहन का कहना है की निराकार परमात्मा का अवतरण भारत भूमि पर हो चुका है, परमात्मा शिव सच्चा गीता ज्ञान देकर भारत को फिर से स्वर्णिम भारत (सतयुग) बना रहे हैं। यह प्रभात फेरी शनिवार को पुरनी पेटो,लोयसुकवार, जोरदाग होते हुए पगार पहुंची। जहां पगार ब्रह्माकुमारीज की पाठशाला में शिव ध्वज भी फहराया गया। जिसमे उपमुखिया प्रतिनिधी अनिल कुमार माली ने भी शिरकत की तथा ऐसे कार्यक्रमों की सराहना की साथ हीं साथ उन्होंने कहा कि परमात्मा शिव सभी आत्माओं के पिता है जो अंधकार को मिटाकर ज्ञान की ज्योत जगाते है। इस प्रभात फेरी में बीके योगेंद्र भाई, बीके यशोदा माता, बीके रीतू, बीके निरंजन, बीके रंजन, बीके भीम, बीके पारस, बीके भरत, बीके सुषमा माता, बीके रोहन, बीके बेचन तथा अन्य कई भाई बहने उपस्थित थे।

## भारती उच्च विद्यालय अपना 25वां वार्षिकोत्सव 13 फरवरी को

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो के पंचायत नावाडीह 1 स्थित भारती उच्च विद्यालय अपना 25वां वार्षिकोत्सव 13 फरवरी को धूमधाम से मनायगा। उक्त बातों की जानकारी विद्यालय के प्राचार्य सह निदेशक महावीर प्रसाद वर्मा ने दी। उन्होंने बताया कि विद्यालय अपना 25वां वार्षिकोत्सव रजत जयंती के रूप में मनाने जा रहा है। उन्होंने बताया कि इस मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में कोडरमा सांसद व मंत्री अन्नपूर्णा देवी एवं विधायक कोडरमा डॉ नीरा यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहेंगी।

# इको सेंसेटिव जोन रद्द करने की मांग, आंदोलन की हो रही तैयारी

### 1 अगस्त 2019 को हुई थी इको सेंसेटिव जोन की अधिसूचना जारी

आजाद सिपाही संवाददाता



**हजारीबाग।** जिले में स्थित हजारीबाग वन्य आश्रयणी क्षेत्र का 186.25 वर्ग किलोमीटर से विस्तार कर इको सेंसेटिव जोन बनाया गया है। इसमें हजारीबाग जिला के कटकमसाड़ी 76 गांव, ईचाक 81 गांव, पदमा 30 गांव, बरही 10 गांव, बरकट्ठा 8 गांव, टाटीझरिया 2 गांव, सदर 1 गाँव तथा चतरा जिला के सिमरिया के पत्थलगड्डा 4 गांव एवं मयूरहंड प्रखण्ड के 2 गांव कुल 218 गांवों के 573.86 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र को शामिल किया गया है। इसके विरोध में ईको सेंसेटिव जोन संघर्ष समिति लगातार विरोध करते हुए इको सेंसेटिव जोन को रद्द करने की मांग कर रही है। इसको लेकर संघर्ष समिति का प्रतिनिधि मंडल केंद्रीय वन पर्यावरण मंत्री से लेकर राज्य सरकार के मंत्री और पदाधिकारियों तक फरियाद कर चुके हैं, मगर अभी तक इस ओर किसी का ध्यान नही गया है। अब इसको रद्द कराने के लिए फिर से रणनीति बनाई जा रही है। समिति के अध्यक्ष भागवत प्रसाद मेहता ने बताया की भारत सरकार के पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय द्वारा अगस्त 2019 में ईको सेंसेटिव जोन घोषित कर दिया गया। इस कारण ग्रामीण जनता का जीवन दूभर हो गया है। वर्तमान समय में क्षेत्र में स्थापित एवं संचालित सभी तरह के उद्योग-धंधे, खदान एवं क्रशर बंद हो चुके हैं, जिससे यहाँ मजदूरों, नौजवानों और व्यवसायियों को बेरोजगारी एवं विस्थापन का दंश झेलना पड़ रहा है। अब फिर से आंदोलन का रुख अख्तियार कर इको सेंसेटिव जोन को रद्द करने का बिगुल फूका जायेगा।

### इको सेंसेटिव जोन से होनेवाले नुकसान

इको सेंसेटिव जोन लागू होने से सभी प्रकार के उद्योग-धंधे, पथर की खदानें एवं क्रेशर मशीन तत्काल प्रभाव से बंद कर दी गई है। भविष्य में भी यह संचालित नहीं होगा। इस क्षेत्र में पूर्व में संचालित आरा मशीन बंद कर दिये जाएंगे तथा लकड़ी आधारित कोई उद्योग-व्यवसाय नहीं कर पाएँगे। लकड़ी का व्यापार और ईंट भट्ठों का कारोबार पूरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा। प्लास्टिक के थैलों का प्रयोग भी प्रतिबंधित रहेगा। किसी भी प्रकार के विस्फोटक एवं नशीले पदार्थों का उपयोग या उत्पादन पुरी तरह से प्रतिबंधित रहेगा।

# सदर विधायक ने दारू प्रखंड में 5.4 करोड़ की विकास योजनाओं की रखी आधारशिला

धीरज पुरी

**दारु/हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर विधायक मनीष जायसवाल ने शनिवार को विधानसभा क्षेत्र के दारू प्रखंड क्षेत्र में कई विकास योजनाओं की आधारशिला रखी। ईरगा पंचायत स्थित दारू खरिका ग्राम स्थित कोनार नदी पर गड़ैया चोढ़ी पुल निर्माण का शिलान्यास किया। ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) मुख्यमंत्री ग्राम सेतु योजना अंतर्गत करीब 4 करोड़ की लागत से यहां 5 स्पेन के पुल का निर्माण होगा। इस पुल के निर्माण होने दारू प्रखंड से चुरचू प्रखंड के कई गांव आपस में जुड़ जायेंगे। हरली पंचायत स्थित ग्राम पेटो पहुंचे जहां ग्रामीण विकास विभाग (ग्रामीण कार्य मामले) डीएमएफटी मद अंतर्गत प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र, पेटो के सुदृढ़ीकरण कार्य का शिलान्यास किया. करीब 1 करोड़ 40 लाख रुपए की लागत से यहां तीन यूनिट ट्रांजिट क्वार्टर, लेबर रूम, एम्बुलेंस शेड, चारदिवारी, पुराने अस्पताल भवन का जीर्णोद्धार और डिप बोरिंग सहित अन्य कई कार्य किया जाएगा। यहां स्थानीय पेटो ग्राम वासियों के आग्रह पर कोनार नदी पर पुल निर्माण के लिए स्थल का निरीक्षण कर जायजा लिया।



### जेई चंदन कुमार को ग्रामीणों ने दारू प्रखंड से हटाने की मांग की

पेटो और कोनार में शिलान्यास के दौरान पहुँचे ग्रामीणों ने जेई चंदन कुमार को बासोबार पुल, पेटो में बन रहे चाहरदिवारी और कोनर नदी में शुरू होने जा रहे पुल से हटाने की मांग की है। ग्रामीणों ने कहा की जेई साइड पर नहीं पहुंचता है। बिना जेई के देखरेख में काम होता है। जिसके चलते सही काम नहीं हो पाता है। इसी के चलते प्रमुख, हरली मुखिया ने पेटो में काम को रोका था. ग्रामीणों ने कहा की अगर नहीं हटाया गया तो इसकी लिखित शिकायत हमलोग डीसी से करेंगे.मौके पर प्रमुख श्वेता कुमारी, ईरगा मुखिया अनीता देवी, दिगवार मुखिया महेंद्र मुर्मू, हरली मुखिया फरजाना खातून, पंसस गीता देवी,महावीर यादव, विधायक प्रतिनिधि बालदेव बाबू, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, महिला विधायक प्रतिनिधि सोनी देवी, प्रेम साव, भाजपा नेता रंजित सिन्हा, इंद्रदेव कुशवाहा सहित कई लोग उपस्थित थे।

## जनप्रतिनिधियों ने प्राथामिक विद्यालय करमाटांड़ अमनारी में वितरण किया शैक्षणिक कीट




**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** प्राथमिक विद्यालय करमाटांड अमनारी में अध्ययनरत विद्यार्थियों के बीच शनिवार को शैक्षणिक किट का वितरण भराजो पंचायत की मुखिया स्वास्तिका कुमारी, सांसद प्रतिनिधि महेश अग्रवाल, विधायक प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, वार्ड सदस्य ललिता कुमारी के द्वारा किया गया। कक्षा 1 से 5 तक के छात्र-छात्राओं के बीच 190 शैक्षणिक किट का वितरण किया गया है। मुखिया ने शिक्षिका से कहा कि विद्यालय में पढ़ने वाले बच्चे निर्धन परिवार से आते हैं, इसलिए सभी शिक्षक पूरे मनोयोग से बच्चों को शिक्षा प्रदान करें। वहीं उन्होंने बच्चों को प्रतिदिन ससमय विद्यालय पहुंचकर ठीक से पढ़ाई करने की बात कहा। शैक्षणिक किट झारखंड शिक्षा परियोजना के तहत बच्चों को वितरित किया जा रहा है। मौके पर प्रधानाध्यापिका रम्भा देवी, अध्यक्ष पूनम कुमारी, संयोजिका शीला कुमारी, नीतु देवी, प्रकाश सिंह, कृष्णा प्रसाद, रितलाल महतो ,मो उमीर्ला समेत अन्य उपस्थित थे।

## दिव्यांगों की सीढ़ी और रैंप में लगा देते हैं लोग वाहन



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव प्रखंड मुख्यालय में दिव्यांग भाई-बहनों के लिए बनाए गए सीढ़ी एवं रैंप के सामने लोग वाहन खड़े कर देते हैं। इस कारण दिव्यांगों को ब्लॉक मुख्यालय के अंदर जाने में काफी परेशानी होती है। राष्ट्रीय विकलांग पार्टी के जिला अध्यक्ष सचिन कुमार सोनी का कहना है कि प्रखंड मुख्यालय के सामने प्रखंड विकास पदाधिकारी द्वारा पम्पलेट दीवाल में साट कर लोगों को जानकारी दी गयी है पंपलेट में लिखा गया है कि रैम्प एवं सीढ़ी के सामने किसी भी प्रकार का वाहन लगाना वर्जित है। इसके बावजूद भी लोग रैंप व सीढ़ी के सामने खड़े कर देते हैं। आम नागरिक तो दूर अधिकारी वर्ग भी अपने मोटरसाइकिल को खड़ा कर देते हैं।

## मो. सरफराज अहमद ने अपने जन्मदिवस पर किया रक्तदान



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा के युवा नेता मोहम्मद सरफराज अहमद अपने जन्मदिवस पर किया रक्तदान किया जन्मदिन के अवसर पर झारखंड मुक्ति मोर्चा के कार्यकताओं ने धूम धाम से जन्मदिन मनाया और उन्हें बधाई दिया इस अवसर पर बहुत सारे सामाजिक कार्यकर्ता और नेता गण मौजूद थे। कार्यकर्ताओं में निर्मल जैन, कमाल कुरैशी, गुलाम रजा, तौकीर, नईम राही, राजा खान, असफाक हुसैन, जुनैद आलम, मिथिलेश महतो, अयान रजा, उपस्थित थे।

## डिवाइन पब्लिक स्कूल में चित्रकला प्रतियोगिता




**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित डिवाइन पब्लिक स्कूल में पाठ्य सह क्रियाकलापों के अंतर्गत चित्रकला, पत्र लेखन, कक्षा उपस्थिति प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता वर्ग वार आयोजित की गयी। विद्यालय के चित्रकला शिक्षक राजीव कुमार मोदी के निर्देशन में बच्चों ने एक से एक पेंटिंग बनाए। बच्चों ने बहुत ही अच्छे से अपने सृजनात्मक शक्ति को कागज पर प्रदर्शित किया। विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने सफल छात्रों को पुरस्कृत करते हुए कहा कि छात्र अपने भीतर छिपी पहचाने और शिक्षक के मार्गदर्शन में उस प्रतिभा को निखारें।इससे उनकी सृजनात्मक क्षमता बढ़ेगी। सफल छात्रों को सम्मानित करते हुए विद्यालय के प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि बच्चों के अंदर प्रतिभा छिपी रहती है उस प्रतिभा को बाहर निकाल कर उसे निखारना ही विद्यालय का मुख्य उद्देश्य है। इसमें शिक्षक और अभिभावक की भूमिका महत्वपूर्ण होती है।प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागी में अस्मिता कुमारी, कुंदन राणा, रेखा कुमारी, रितेश पंडित, नितिश कुमार, सिद्धार्थ पंडित, स्रुति कुमारी, शिवम कुमार, रिंकी कुमारी, सोनु कुमार, सूरज कुमार, कुलदीप कुमार, हसन रजा, बादल राज, आरुषि सुमन, कुंदन कुमार, द्रौपदी कुमारी, अनिश गुप्ता, प्रीति कुमारी, वर्षा कुमारी, राजन कुमार आदि थे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में काशीनाथ महतो,रामनन्दन कुमार, प्रीति प्रभा,संजय कुमार यादव, कुलदीप पासवान, सोनाली कुमारी, अजय मंडल, अनिल उपाध्याय, विमल किशोर,रविन्द्र गुप्ता, राधा देवी, रूबी खातून आदि शिक्षकों का योगदान सराहनीय रहा।

## महान विचारक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की मनायी गयी पुण्यतिथि




**टाटीझरिया (आजाद सिपाही)।** एकात्म मानववाद के प्रणेता, प्रखर वक्ता, विचारक, सफल पत्रकार, भारतीय जनसंघ के पूर्व अध्यक्ष पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि टाटीझरिया भाजपा कार्यालय में मनायी गयी। प्रखंड के पंचायतों में भी पंडित जी की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनायी गयी। इस मौके पर प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र प्रसाद यादव ने पंडित जी के आदर्शों पर चलने की बात कही। उन्होंने बताया कि पंडित जी एकात्म मानववाद के सिद्धांत का प्रतिपादन किए। वे अंत्योदय के समर्थक थे। वे देश और समाज के उत्थान के लिए हमेशा कार्य करते थे। इस अवसर पर उनके तस्वीर पर कार्यकताओं ने श्रद्धासुमन अर्पित किया। मौके पर उपेंद्र पांडेय, महेश अग्रवाल, रजनीकांत चौधरी, मिथिलेश कुमार पाठक, परमेश्वर यादव, यादव, शैलेश सिंह, अजय सिंह,होपनसिंह, अरुण सिंह, अर्जुन राणा, सहदेव यादव,सोनू,रवि एसीवाला समेत अन्य उपस्थित थे।

## इलाज के लिए घायलों के पास पर्याप्त पैसे नहीं, बढ़ी परेशानी



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव के ग्राम आराहारा निवासी योगेंद्र कुमार महतो को हाथी द्वारा घायल करने के बाद उसकी स्थिति दिन-प्रतिदिन गंभीर होती जा रही है उसे बेहतर इलाज के लिए रांची के वेदांता में भर्ती किया गया है। योगेंद्र महतो के भाई प्रदीप महतो ने बताया कि हाथी द्वारा उठापटक कर देने के बाद योगेंद्र कुमार महतो का दाहिना कान उखड़ गया है,जबकि गाल फट गया है। माथा में गंभीर चोट लगी है। बेहतर इलाज के लिए पर्याप्त पैसे नहीं है। उसकी पत्नी प्रीति कुमारी गांव वालों से कर्ज लेकर अपने पति को इलाज कराने के लिए वेदांता रांची गयी है। परिजनों ने वन विभाग से आर्थिक मदद करने की गुहार लगाई है 9 फरवरी की शाम को ईट भट्ठा के मजदूर बंधनी देवी को हाथी ने घायल कर दिया था। उक्त महिला का पैर टूट गया था। इलाज के लिए उसे उसी रात हजारीबाग के आरोग्यम में भर्ती किया गया था । उसे ऑपरेशन करने के लिए उसके पास पर्याप्त पैसे नहीं थे।इसलिए उसे रिम्स में भर्ती किया गया। वन समिति के अध्यक्ष राजेश रजक ने बताया कि उक्त घायल महिला को इलाज के लिए वन विभाग द्वारा 10,000 के आर्थिक सहयोग की गई है।योगेंद्र कुमार महतो का भी इलाज के लिए वन विभाग द्वारा 10000 मदद के तौर पर दी जाएगी। बाकी मुआवजा विभागीय प्रक्रिया के तहत मिल सकती है। 10 फरवरी की रात आराहारा में हाथी तबाही मचाने के बाद जुगरा के जंगल की ओर चला गया था। श्री रजक ने बताया कि उक्त हाथी जुगरा के नर्सरी जंगल स्थित बनारसी बांध तालाब में 11 फरवरी को दिन भर बैठा रहा।इस हाथी को भगाने के लिए डिएगो आरसीसी एप अपने दल बल के साथ आएंगे।

## जेएमएम केंद्रीय प्रवक्ता विनोद पांडेय चतरा पहुंचे



आजाद सिपाही संवाददाता

**चतरा ।** झामुमो का भाजपा पर तीखा हमला, विकास के नाम पर गंदी राजनीति करने का गंभीर आरोप लगाया है। मुख्यमंत्री के खतियानी जोहार यात्रा की तैयारियों का जायजा लेने चतरा पहुंचे राज्यमंत्री दर्जा प्राप्त झामुमो के केंद्रीय प्रवक्ता सह केंद्रीय महासचिव विनोद पांडेय ने भाजपा को आड़े हांथो लिया। कहा बीजेपी राज्य में ही नहीं देशभर में झूठ बोलने का कर काम कर रही है। इसके नेता सदन के अंदर तक झूठ बोलते है। भाजपाई झूठ बोलने वाले और मुख्यमंत्री हैं काम करने वाले। जेएमएम प्रवक्ता ने कहा हमें जो जनता आदेश देती है हम उसे धरातल पर उतारते हैं। झामुमो को राज्यवासियों का दर्द है लेकिन भाजपा को ना दर्द है ना अहसास। ये सिर्फ राजनीति करना जानते हैं। जेएमएम प्रवक्ता ने कहा..जो पार्टी नेता प्रतिपक्ष का चुनाव नहीं कर सकी उसके बयान को तवज्जो देना उचित नहीं। स्पीकर पर उंगली उठाने वाले भाजपाइयों से पूछा..? क्या याद नहीं पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में दूसरे दलों के लोगों को भाजपा में शामिल कराकर उस मामले को कैसे लंबित रखा.? भाजपा के नेता प्रतिपक्ष और स्पीकर के मसले पर प्रदेश में मचे सियासी भूचाल पर बड़ी बात। कहा भाजपाइयों को जेएमएम और सरकार को सीख देने की आवश्यकता नहीं। मुख्यमंत्री के खतियानी जोहार यात्रा को बताया जनता के उम्मीदों का यात्रा बताया। कहा चुनाव के वक्त किये गए वादों को मुख्यमंत्री धरातल पर उतार रहे है, जनता के हक में मुख्यमंत्री कई ऐतिहासिक फैसले लिए। सीएम 13 को चतरा आगमन के दौरान सरकार के 3 साल के उपलब्धि व योजनाओं से अवगत कराएंगे, अपेक्षाओं को पूरा कर चतरा को विकास की बड़ी सौगात देंगे।

### 'आजाद सिपाही' में खबर छपने के बाद खानापूर्ति में जुटी पुलिस

## आठ ईंट भट्ठों में आधा दर्जन ट्रैक्टर से गिराया जाता है अवैध कोयला!

### मांडू पुलिस ने अवैध कोयला लदा ट्रैक्टर किया जब्त

आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़/मांडू (आजाद सिपाही )।** अखबार में छपी खबर के बाद मांडू पुलिस की गतिविधि बढ़ गयी है। पुलिस ने अवैध कोयला लदे एक ट्रैक्टर को जब्त कर थाना लायी है। पुलिस की कार्रवाई ने आजाद सिपाही की खबर की सत्यत्ता पर मुहर लगा दी है। इधर मामले में कोयला तस्करों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की गयी है। हालांकि पुलिस की कार्रवाई से कोयला तस्करों को कोई फर्क नहीं पड़ रहा है। वह अपना कारोबार अभी भी जारी रखे हैं, जिसके कारण चर्चा है कि पुलिस की कार्रवाई महज एक खानापूर्ति है। क्योंकि कोयला तस्कर लगातार ईंट भट्ठों में कोयला खपा रहे हैं।



### ट्रैक्टर थाना और प्रखंड कार्यालय के निकट फोरलेन से होता पार

इधर सूत्रों ने बताया कि मांडू के आठ ईंट भट्ठों में आधा दर्जन ट्रैक्टर से अवैध कोयला गिराया जा रहा है, जिसे रोकने वाला कोई नहीं है। कुछ ट्रैक्टर तो थाना और प्रखंड कार्यालय के निकट फोरलेन से पार होते हैं। इसके बावजूद कार्रवाई नहीं होना भी एक सवाल है। सूचना है कि साव जी के दम पर बेधड़क कोयला खपाया जा रहा है।

### क्या साव जी पर कोई खास मेहरबानी?

इधर सूत्रों ने बताया कि मांडू के साव जी पर विशेष कृपा बरस रही है, जिसके कारण वो खुलेआम अवैध कोयला ईंट-भट्ठों को आपूर्ति कर रहा है। सूत्रों ने बताया कि वह संबंधित अधिकारी के लिए पैसा वसूलता है और हर माह चढ़ावा चढ़ाता है। इस कारण उसका कारोबार चलता है। सूत्रों ने बताया कि हर बार और हर सीजन में पैसा की बदौलत वह व्यवस्था में शामिल हो जाता है।

## भारत जकात माझी परगना महल ने मनायी बाबा तिलका मांझी की जयंती

**कुजू (आजाद सिपाही)।** भारत जकात माझी परगना महल माण्डू द्वारा बाबा तिलका मांझी का 273वां जयंती आरा उतरी पंचायत भवन में मनाया गया। कार्यक्रम कि शुभारंभ बाबा तिलका मांझी की तस्वीर पर रामगढ हजारीबाग जिला परगना सोहराय किस्कु, महादेव मरांडी, जयबीर हांसदा समेत आगत अतिथियों के द्वारा मल्यार्पन कर किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए सोहराय किस्कु ने कहा कि तिलका माझी को इतिहास कारो द्वारा इतिहास में स्थान नहीं दिया गया। बाबा तिलका माझी ही स्वतन्त्रता कि पहली लड़ाई की शुरूआत किया। हमारे स्वत्न्त्रता सेनानियो को पाठयक्रम शामिल किया जाय। जिससे आनेवाली पीढी जान सके। मौके पर मनेन्द्र हेम्ब्रोम, राम सिन्ह मराण्डी, सुरेश टुडू, बिरजा मुर्मू, रासका हेम्ब्रोम, गणेश टुडू, मनाराम हेम्ब्रोम, भोला मुर्मू, मुचरु हांसदा, चंद्रमोहन मुर्मु, मानकी टुडु, गोपाल माझी, सुनिल किस्कु, प्रकाश मरान्डी, हीरालाल बास्के, तालोराम माझी, नरेश माझी, किशोर कुमार बास्के, अर्जुन किस्कु, मनोज मराण्डी, कृष्णा मराण्डी, चेतलाल हेम्ब्रोम, कर्मा माझी, लालदेव मराण्डी, उमेश मुर्मु, प्रिया कुमारी, उर्मिला कुमारी, सुनिता कुमारी, संगीता हेम्ब्रोम, पिन्की बास्के, वार्सा टुडू, आरती मुर्मु, मोनिका मुर्मू, मनिशा मुर्मू, अंजली कुमारी, लक्ष्मी कुमारी, पुजा कुमारी, मेनका टुडू, सोनम टुडू, निलु बस्के, नन्दनी बेसरा, सुलेखा हेम्ब्रोम, सुनिता कुमारी, रिंकू हेम्ब्रोम, सुरेश माझी सहित माण्डू, डाडी, चुरचु व गोमिया प्रखन्ड के लोग शामिल रहे।

## ओपी जिंदल स्कूल में समारोहपूर्वक 12वीं के विद्यार्थियों को दी गयी विदाई



**भुरकुंडा (आजाद सिपाही)।** जेएसपी केंपस स्थित ओपी जिंदल स्कूल, पतरातू में शनिवार को 12वीं कक्षा के विद्यार्थियों के लिए एकादश कक्षा के विद्यार्थियों द्वारा विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम 12वीं के विद्यार्थियों को तिलक लगाकर उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की गई। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय की हेड गर्ल पृषा वर्मा और हेड बॉय सिद्धार्थ गौतम ने दीप-प्रज्ज्वलन कर किया। तत्पश्चात एकादश के विद्यार्थियों द्वारा समूह गान, समूह नृत्य और विभिन्न तरह के खेलों का आयोजन किया गया। खेल में विजेता प्रतिभागियों को विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने पुरस्कृत किया। मौके पर विद्यालय के प्राचार्य गुरुदत्त पांडेय ने कहा कि आज आपके विद्यालयी जीवन का अंतिम दिन है। इसके बाद आप अपने जीवन का प्रारंभ एक नए आयाम में करेंगे। जहां की चुनौतियां, वातावरण और संघर्ष सब कुछ नया होगा। उन्होंने कहा की विद्यालय का आधार आपको इन सब मुश्किलों का सामना करने में सहयोग करेगा। श्री पांडेय ने कहा की हम सब यही कामना करते हैं कि आप अपनी प्रतिभा का पूर्ण प्रदर्शन करते हुए राष्ट्र का गौरव बढ़ाएंगे। उन्होंने वार्षिक परीक्षा की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए विद्यार्थियों को विदाई दी। कार्यक्रम का संचालन एकादश कक्षा के यशराज और सुहानी साहू ने संयुक्त रूप से किया। मौके पर एकादश और द्वादश कक्षा के सभी विद्यार्थी व शिक्षक उपस्थित थे।

## शराब पीकर वाहन चलाना पड़ेगा महंगा ड्रंक एंड ड्राइव टेस्ट अभियान शुरू

### बगैर हेलमेट ट्रिपल लोड गाड़ी चलाने पर भी गिरेगी गाज

आजाद सिपाही संवाददाता



**चतरा ।** अगर आप बगैर हेलमेट व लाइसेंस के गाड़ी चलाकर ट्रैफिक नियमों का माखौल उड़ाने के आदी हो चुके हैं तो यह खबर आपके आर्थिक व सुरक्षा के दृष्टिकोण से महत्वपूर्ण है। अब बगैर हेलमेट और लाइसेंस के गाड़ी लेकर सड़कों से गुजरना आपको महंगा पड़ेगा। क्योंकि अगले कुछ दिनों तक चतरा पुलिस जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में विशेष वाहन चेकिंग अभियान चलाने जा रही है। इसकी विधिवत शुरूआत भी हो चुकी है। पुलिस मुख्यालय के सख्ती के बाद एसपी राकेश रंजन के निर्देश पर एसडीपीओ अविनाश कुमार के नेतृत्व में शहर के विभिन्न चौक-चौराहों पर आज से स्पेशल एंटी क्राइम चेकिंग अभियान की शुरूआत की गई। अभियान के दौरान अधिकारियों व जवानों ने शहर से होकर गुजरने वाले हर चार पहिया वाहनों व मोटरसाइकिल की गहनता से जांच की। साथ ही साथ बगैर दस्तावेज व ट्रिपल लोड पकड़े गए दर्जनों दो पहिया वाहनों को भी जब्त किया। शराब पीकर वाहन चलाने से आए दिन घट रहे घटनाओं पर लगाम को ले पुलिस ड्रंक एंड ड्राइव के विरुद्ध अभियान चला रही है। अभियान के दौरान हेलमेट व लाइसेंस के साथ-साथ वाहन चालकों का ब्रेथ एनलाइजर से जांच किया जा रहा है। एसडीपीओ ने बताया कि जांच के दौरान अगर अल्कोहल सेवन रिपोर्ट पॉजिटिव मिलती है तो संबंधित व्यक्ति को मेडिकल जांच के लिए अस्पताल भेजा जाएगा। अस्पताल की रिपोर्ट के आधार पर संबंधित व्यक्ति के खिलाफ अभियोजन की कार्रवाई की जाएगी। साथ ही उसका लाइसेंस जप्त करते हुए भारी भरकम परिवहन अधिनियम के तहत फाइन की कार्रवाई कर लाइसेंस निरस्त करने की भी अनुशंसा की जाएगी। एसडीपीओ ने कहा कि अनियंत्रित स्पीड से लगातार हो रही सड़क दुर्घटनाओं पर पूरी तरह ब्रेक लगाने को ले सघन वाहन चेकिंग अभियान चलाया जाएगा। उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान स्पीड बाइक से स्टंट बाजी करने वाले कम उम्र के बाइक संचालकों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी।

### सड़क हादसों पर ब्रेक लगाने को लेकर उठाया कदम

सड़क हादसे में मरने वालों में सर्वाधिक युवा ही होते हैं। इस बात को ध्यान में रखते हुए पुलिस यूवा चालकों पर विशेष नजर रखेगी। हाल ही में तेज रफ्तार, हाई स्पीड बाइक और ड्राइविंग का रोमांच यानी कि स्टंट बाजी कई युवाओं के मौत का सबब बन चुकी है। कम उम्र के बच्चों द्वारा किए जाने वाले स्टंट बाजी से न सिर्फ उनकी जान जा रही है बल्कि सड़कों पर आवागमन करने वाले आम लोग भी सड़क दुर्घटनाओं के शिकार हो रहे हैं।

### लगातार चलेगा अभियान

एसडीपीओ अविनाश कुमार ने बताया कि चतरा पुलिस जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों में लगातार वाहन चेकिंग अभियान चलाएगी। इसके तहत वाहन संचालकों के ड्राइविंग लाइसेंस, वाहनों का रजिस्ट्रेशन पेपर व इंसयूरेन्स समेत ड्रंक एंड ड्राइव की भी जांच की जाएगी। उन्होंने कम उम्र के नाबालिक बच्चों को बाइक देने वाले अभिभावकों से भी मार्मिक अपील की है। कहा है कि जबतक उम्र सीमा पूरी ना हो जाए और बच्चे पूरी तरह परिपक्व होकर परिवहन नियमों के तहत वाहन चलाने के काबिल ना हो जाए तबतक उन्हें किसी भी परिस्थिति में बाइक ना दें। क्योंकि उनके बचकाने हरकत से न सिर्फ वे अकाल मौत के गाल में समा रहे हैं बल्कि कम उम्र के वाहन चालकों के गलती के कारण किसी के घर की खुशियां भी छीन रही है। एसडीपीओ ने वाहन चेकिंग अभियान के दौरान पकड़े गए बाइक चालकों की पैरवी करने वालों को भी चेताया है। कहा है कि कानून को चुनौती पेश करने वालों की पैरवी कर अपनी छवि धूमिल ना करें।

### एनडीए प्रत्याशी ने क्षेत्र में चलाया जनसंपर्क अभियान

## तीन वर्षों में पिछड़ा रामगढ़, आपके आशीर्वाद से फिर से बनाऊंगी नंबर वन : सुनीता चौधरी



आजाद सिपाही संवाददाता

**रामगढ़।** एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी ने शनिवार को चुनावी अभियान के तहत कई क्षेत्रों मैं जनसंपर्क अभियान चलाकर अपने पक्ष में मतदान करने की अपील की। वार्ड नंबर 8, स्टाफ क्वार्टर, आदर्श नगर, सूर्य नगर, अयोध्या नगर, किसान नगर, दीनबंधु नगर, गायत्री मंदिर, सहित कई क्षेत्रों में चुनावी अभियान चलाया । इस दौरान कई जगह पर एनडीए प्रत्याशी सुनीता चौधरी का स्वागत किया गया। मौके पर सुनीता चौधरी ने कहा कि 15 साल में आजसू पार्टी ने विकास के पैमाने पर एक नया कीर्तिमान हासिल किया। लेकिन 3 वर्षों में ही पूर्व विधायक ने सबकुछ चौपट कर रख दी। उन्होंने कहा कि क्षेत्र की जनता त्राहिमाम है। आमजनमानस निजात पाना चाहते हैं। उन्होंने कहा कि मुझे एक बार सेवा करने का मौका दे। आपके आशीर्वाद से रामगढ़ विधानसभा क्षेत्र को फिर से नंबर वन बना दूंगी। चुनावी अभियान में विमल बुधिया, मनोज चंद्र, अजय महतो, अरुण अग्रवाल, राजेश गोयल, उत्तम पासवान, विक्की ठाकुर, अनुपमा सिंह, रिंकल खान, आराधना राज , कंचन रीना राज, अनिता कुमारी, बबलू मोदी, लालू शर्मा, कुलदीप वर्मा, भाजपा के छोटन सिंह, संजय सिंह, रविंद्र शर्मा, नरेंद्र चंचल, एनके गुप्ता, अनिल कुमार, दिनेश सिंह माँ, वकील सिंह, अरुण महतो, विक्रांत शर्मा, सागर महतो, दीपक कुमार सिंह, संतोष गुप्ता, मनीष गोयल, गोविंद गुप्ता, संजू यादव, लालू महतो, अमित शर्मा, पिंकी शर्मा, ममता देवी, कंचन देवी के अलावे बड़ी संख्या में भाजपा और आजसू कार्यकर्ता शामिल थे।

## कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने को लेकर नगर कमेटी ने की बैठक



**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** नगर कांग्रेस कमेटी की एक आवश्यक बैठक चट्टी बाजार स्थित नेहा फर्नीचर के सभागार में संपन्न हुई। जिसकी अध्यक्षता नगर अध्यक्ष बलराम साहू ने किया तथा संचालन पूर्व नगर अध्यक्ष संजय साव ने किया। बैठक में नगर कांग्रेस कमेटी के सभी पदाधिकारी एवं वार्ड कमेटी के सदस्य उपस्थित होकर उपचुनाव में कांग्रेस प्रत्याशी को जीत दिलाने का संकल्प लिया एवम इसके लिए आवश्यक रणनीति बनाई गयी। बैठक को संबोधित करते हुए जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष मुन्ना पासवान ने कहा कि महागठबंधन के प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित है। पूर्व विधायक ममता देवी के द्वारा किए गए कार्य और झारखंड सरकार के 3 सालों के कार्यों को लेकर हमें जनता के बीच जाना है। उन्होंने कहा कि ममता देवी के कार्यकाल में पूरे विधानसभा में गुंडाराज एवं रंगदारी का खात्मा हुआ और पूरे क्षेत्र में अमन चैन का माहौल रहा। जो आज चर्चा का विषय बना हुआ है ।बैठक में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष मुन्ना पासवान, मुकेश यादव,सुधीर सिंह, अनु विश्वकर्मा, पंकज प्रसाद तिवारी, बलजीत सिंह बेदी, राजेंद्र चौधरी, अख्तर आजाद, अनिल नायक, समीर हुसैन, राव राम, उपेंद्र वर्मा, गगन करमाली, जे के अग्रवाल, संजीव खंडेलवाल, गगन करमाली, सागर नायक, संतोष नायक,ज्योति देवी, रोहित कुमार यादव, साजिद हुसैन, साजिद हुसैन, आजाद सिंह, टिंकू खान, राजा खान, संजू गुप्ता, संजय वर्मा, मुकेश प्रजापति, मनीष पासवान, पप्पू पासवान, दानिश कुरेशी, सोनू सिंह, अनिल मुंडा, राजू मालाकार, चंदन सिंह, पवन महतो सभी कांग्रेसी जन उपस्थित थे।

## हाइटेक चतरा पुलिस, शहर की निगरानी अब तीसरी आंख के जिम्मे



**चतरा (आजाद सिपाही)।** हाईटेक चतरा पुलिस ने शहर की निगरानी तीसरी आंख करेगी। अब चप्पे-चप्पे की निगहबानी होगी, अत्याधुनिक कैमरों से लैश नियंत्रण कक्ष का एसपी राकेश रंजन ने नियंत्रण कक्ष का फीता काट कर उद्घाटन किया। एसपी ने कहा छेड़खानी व पाकेटमारी समेत अन्य छोटी-बड़ी घटनाओं पर लगाम लगेगी। एनटीपीसी व चेंबर आफ कामर्स के संयुक्त पहल से अत्याधुनिक कैमरों से जुड़ा नियंत्रण कक्ष जुड़ गया है। चौबीसों घंटे प्रशिक्षित पुलिसकर्मी कैमरे के जरिये शहर की निगहबानी करेगी। उद्घाटन के मौके पर एसडीपीओ अविनाश कुमार, सदर थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक मनोहर करमाली व चेंबर ऑफ कॉमर्स के अध्यक्ष जितेंद्र जैन समेत अधिकारी मौजूद थे। शहर के पुराना पेट्रोल पंप के समीप स्थित टीओपी में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया। एसपी की नई पहल से आमलोगों व व्यवसाई वर्ग में काफी खुशी देखी जा रही है।

### रामगढ़ उपचुनाव को लेकर डीसी-एसपी ने दी कई जानकारियां

## शांतिपूर्ण उपचुनाव संपन्न कराने को लेकर हर स्तर पर है तैयारी : डीसी

### निष्पक्ष चुनाव मद्देनजर जिला के सीमावर्ती इलाका सील : पीयूष पांडेय

बीरू कुमार

**रामगढ़ (आजाद सिपाही)।** उपचुनाव को लेकर शनिवार को छत्तरमांडू स्थित समाहरणालय के सभागार में डीसी माधवी मिश्रा एवं एसपी पीयूष पांडेय ने प्रेस वार्ता किया। मौके पर निवार्ची पदाधिकारी सह अनुमंडल पदाधिकारी मोहम्मद जावेद हुसैन उपस्थित थे। मौके पर डीसी माधवी मिश्रा ने बताया कि 31 जनवरी से शुरू हुई नामांकन प्रक्रिया के तहत नामांकन की आखिरी तिथि तक कुल 20 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जिसके बाद 8 फरवरी को हुई स्क्रुटनी के दौरान नाम निर्देशन पत्र में त्रुटि के कारण 2 प्रत्याशी संजय कुमार एवं नितेश कुमार सिन्हा की उम्मीदवारी को रद्द किया गया। जिसके बाद चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों की संख्या 18 है। जिनमें 2 प्रत्याशी मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों के प्रत्याशी है। दो प्रत्याशी रजिस्ट्रीकृत राजनीतिक दलों के अभ्यर्थी हैं। वहीं अन्य 14 अभ्यर्थी निर्दलीय है। उप निर्वाचन के मद्देनजर सभी अभ्यर्थियों को चुनाव चिन्ह आवंटित किया जा चुका है।




### शांतिपूर्ण मतदान को लेकर हर स्तर पर की जा रही है तैयारी

डीसी माधवी मिश्रा ने बताया कि जिला प्रशासन द्वारा उप निर्वाचन के सफल आयोजन हेतु सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं। नियमित रूप से मतदान केंद्रों व क्लस्टर आदि का निरीक्षण कर मूलभूत सुविधाओं का जायजा लिया जा रहा है। वही गठित विभिन्न कोषांगो के वरीय पदाधिकारियों/ प्रभारी पदाधिकारियों के साथ लगातार बैठक आयोजित कर कार्यों की समीक्षा की जा रही है। चुनाव के मद्देनजर सेक्टर दण्डाधिकारियों को दो चरणों में प्रशिक्षण दिया जा चुका है। वही मतदान पदाधिकारियों को प्रथम चरण का प्रशिक्षण दिया जा चुका है एवं उनके लिए दूसरे चरण का प्रशिक्षण 13 फरवरी से प्रस्तावित है।

### गहन जांच अभियान चलाया गया

एसपी पीयूष पांडे ने बताया कि स्वतंत्र व निष्पक्ष तरीके से उपचुनाव संपन्न कराने के ले रामगढ़ जिले के सभी बॉर्डर को सील किया गया है। इसके लिए 13 चेक नाके बनाये गये हैं एवं चेक नाकों के माध्यम से सघन जांच अभियान चलाया जा रहा है। वर्तमान में 5 स्टेटिक सर्विलांस टीम एवं 3 पालियों में 3-3 कुल 9 फ्लाइंग स्क्वायड टीम के द्वारा गहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। इसके अलावा नन बेलेबल वारंट संबंधित 80 फीसदी मामलों का निष्पादन कर लिया गया है। वही शेष मामलों को तीव्र गति से निष्पादित करने का कार्य किया जा रहा है। उपचुनाव के मद्देनजर लगातार चलाए जा रहे जांच अभियान के तहत अब तक लगभग 22 लाख रुपए के अनुमानित अवैध शराब व कैश की जब्ती की गई है। वहीं असामाजिक तत्वों के खिलाफ 107 एवं 116 की कार्रवाई की जा रही है।

## खेलकूद जिंदगी में रौनक और ऊर्जा देता है : अजय सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता

**भुरकुंडा।** सेंट्रल सौंदा मैदान में शुक्रवार से चल रहे दो दिवसीय बरका-सयाल क्षेत्र अंतर परियोजना खेल-कूद प्रतियोगिता पुरस्कार वितरण का साथ संपन्न हो गया। प्रतियोगिता के मुख्य अतिथि बरका सयाल जीएम अजय सिंह को अंग वस्त्र देकर और बुके देकर सम्मानित किया गया। पारितोषिक वितरण समारोह का संचालन केदार राम और गुरजीत सिंह ने किया। इसके पूर्व छात्राओं द्वारा अतिथियों को झारखंडी गीत और नृत्य के माध्यम से स्वागत करते हुए मंचासीन कराया गया। मौके पर मुख्य अतिथि जीएम अजय सिंह ने प्रतियोगिता में शामिल उरीमारी, भुरकुंडा, बिरसा, महाप्रबंधक कार्यालय, सयाल डी आदि परियोजनाओं के खिलाड़ियों का उत्साह बढ़ाते हुए कहा कि खेल कूद जिंदगी में रौनक और ऊर्जा देता है। खेल-कूद जीवन का अभिन्न अंग होता है। इससे शारीरिक व मानसिक विकास भी होता है। उन्होंने कहा कि खेलकूद जीवन में नई ऊर्जा देती है। सीसीएल प्रबंधन कोयला उत्पादन के साथ खिलाड़ियों की प्रतिभा निखारने में ही हर संभव सहयोग करेगी। श्री सिंह ने कहा कि बेहतर प्रदर्शन कर अपने परियोजना का नाम रोशन करें। प्रतियोगिता में उरीमरी परियोजना 258 अंकों के साथ ओवर ऑल चैंपियन बनी। जबकि भुरकुंडा परियोजना 149 अंकों के साथ उप विजेता बनने का गौरव पाया। वहीं बिरसा 142, जीएम यूनिट 106 और सयाल डी परियोजना ने 50 अंक पाया। विजेता और उप विजेता खिलाड़ियों को मेडल, ट्राफी और उपहार देकर पुरस्कृत करते हुए मुख्य अतिथि जीएम अजय सिंह ने कहा कि खेलकूद जीवन का अभिन्न अंग है। इसमें हार और जीत लगी रहती है।



### शारीरिक और मानसिक विकास के लिए खेलकूद जरूरी : मनोज पाठक

प्रतियोगिता के विशिष्ट अतिथि भुरकुंडा पीओ मनोज पाठक ने कहा कि हार और जीत खेल का पहलू होता है। हारने वाला टीम ही एक न एक जीत का असली स्वाद चखता है। उन्होंने कहा कि बरका-सयाल में बेहतर खिलाड़ियों की कमी नहीं है, सिर्फ तराशने की जरूरत है।

### प्रतियोगिता को सफल बनाने में इनका रहा योगदान

प्रतियोगिता को सफल बनाने में बीरेंद्र पासवान, अजय कुमार, संतोष पासवान, जेपी सिंह, वरुण कुमार, पीके कुंदन, सुनील कुमार, गंगेश्वर महतो, संभू, गुरजीत सिंह, मिस मेरी आदि का विशेष योगदान रहा।

### समापन समारोह में ये अधिकारी और यूनियन के लोग थे मौजूद

मौके पर जीएम अजय सिंह, भुरकुंडा पीओ मनोज कुमार पाठक, बिरसा पीओ डी शिव दास, उरीमारी पीओ दिलीप कुमार, बिरसा मैनेजर रामेश्वर मुंडा, एसओएमएम संजय सिंह, एसओएंडएम अमरेंद्र कुमार, प्रवीण सहारे, आरके प्रसाद, अंकुर विश्वनाथ, श्रमिक नेता ब्रजकिशोर पासवान, संजय मिश्रा, शशि सिंह, उदय मालाकार, अशोक गुप्ता, डॉ. अशीष कुमार, श्रीकांत गुप्ता, सुखदेव प्रसाद, संजय वर्मा, ललन सिंह, अजीत सिन्हा, अशोक गुप्ता, वासुदेव साव, एस एन प्रसाद, शंभु प्रसाद सिंह, ओम प्रकाश सहित दर्जनों लोग मौजूद थें।

## सड़क सुरक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित किये जायेंगे चतरा एसपी राकेश रंजन



**चतरा (आजाद सिपाही)।** रोड एक्सीडेंट को रोकने और लोगों के जीवन रक्षा करने के लिहाज से झारखंड पुलिस ने काम करना शुरू कर दिया है। हर जिले के पुलिस कप्तानों से रोड एक्सीडेंट को रोकने की दिशा में पहल करने को कहा गया है। जरूरत पड़े तो स्थानीय समाजसेवी, व्यापारियों से तालमेल बना स्पीड गन, ब्रेथ एनालाइजर, बॉडी वर्न कैमरा, स्ट्रेक्कर बेड, फस्ट एड किट जैसे जुगाड़ जुटा सड़क हादसे को रोकने में जुट जाने को कहा गया है। यह आदेश एडीजी अभियान संजय आनंद लाठकर ने तमाम जिलों के पुलिस कप्तानों को दिया। श्री लाठकर ने वीडियो कांफ्रेंसिंग के जरीये पुलिस कप्तानों से बातें की। उनके साथ सड़क सुरक्षा कोषांग के सुनील भास्कर भी मौजूद थे। इस हाई लेवल मीटिंग में खूंटी, गोड्डा एवं पलामू एसपी द्वारा की जा रही पहल की सराहना भी की गई। खूंटी के एसपी अमन कुमार अपने जिलों में सड़क हादसे को रोकने की खातिर कुछ ब्लैक स्पॉट चिंहित किये हैं। इन स्पॉट पर चेकिंग और बैरेकेटिंग लगा दिये गये हैं। वहीं गश्ती तेज कर दी गई है। इसके बाद से खूंटी में रोड एक्सीडेंट की घटना में कमी आई है। वहीं गोड्डा के एसपी श्री मीणा ने खुद पहल कर 5 ब्रेथ एनालाइजर, 15 फस्ट एड किट, 200 ट्रैफिक कोन, 50 हेलमेट, 110 प्लास्टिक के बने बैरेकेटिंग, 15 जैकेट और 10 जगहों पर सीसीटीवी कैमरा लगवाये है। यह सराहनीय है। मीटिंग में इस बात पर गौर किया गया कि आमतौर पर सुबह 6 से 10 और शाम 6 से 9 बजे रात तक ज्यादा सड़क हादसे की घटनाएं होती है। इन समयों पर पुलिस को अलर्ट मोड में रखने को कहा गया है। वहीं चतरा एसपी राकेश रंजन, पलामू एसपी चंदन सिन्हा, लातेहार एसपी अंजनी अंजन एवं जमशेदपुर के सीनियर एसपी प्रभात कुमार ने रोड एक्सीडेंट रोकने के लिये कई कारगर कदम उठाये हैं। इन पांचों जिलों के एसपी को प्रशस्ति पत्र देकर नवाजे जाने का ऐलान किया गया है।

# बाइडन का संदेश

अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन का सालाना स्टेट ऑफ द यूनियन भाषण इस बार ऐसे मौके पर आया है, जब उनके कार्यकाल में पहली बार विधायिका पूरी तरह उनकी पार्टी के नियंत्रण में नहीं है। सीनेट पर अब भी उनकी पार्टी का नियंत्रण है, लेकिन हाउस ऑफ रिप्रेजेंटेटिव्स में विरोधी रिपब्लिकन पार्टी का बहुमत है। राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि राष्ट्रपति बाइडन अगले कार्यकाल के लिए चुनावी मैदान में उतरने का मन बना चुके हैं। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि उनका भाषण खासतौर पर घरेलू मामलों पर ही केंद्रित रहा। जहां उन्होंने अमेरिका को फिर से मजबूती दिलाने वाली अपनी उपलब्धियां गिनायीं, वहीं इस बात पर भी जोर दिया कि वह विपक्षी दल के साथ मिल कर भी देश हित में जरूरी फैसले लेते हुए देश को आगे ले जा सकते हैं। यह इसलिए भी जरूरी था कि अपने कार्यकाल के बचे हुए हिस्से में अगर उन्हें कुछ बड़े फैसले करने हैं तो विपक्ष के सहयोग की दरकार होगी। बहरहाल, इन सबके बीच भी विदेश नीति को लेकर जो संकेत उन्होंने अपने भाषण में दिए, वे खासे अहम हैं। सबसे ज्यादा जोर उन्होंने चीन पर दिया, जिसके कथित जासूसी गुब्बारे को मार गिराने के उनके फैसले की पिछले दिनों खासी चर्चा रही है। स्वाभाविक ही उन्होंने अपने इस फैसले का बचाव किया और यह भी दोहराया कि जब भी चीन की तरफ से अमेरिका की संप्रभुता के लिए किसी तरह का खतरा पैदा किया जायेगा, हम कार्रवाई करेंगे। हालांकि इसके साथ ही बाइडन यह रेखांकित करने से भी नहीं चूके कि वह अमेरिकी हितों और वैश्विक हितों के मद्देनजर चीन के साथ सहयोग करने को प्रतिबद्ध हैं। उन्होंने ध्यान दिलाया कि चीनी राष्ट्रपति शी चिन फिंग के सामने भी वह स्पष्ट कर चुके हैं कि अमेरिका कॉन्फ्लिक्ट नहीं कॉम्पिटिशन चाहता है। दिलचस्प है कि इस भाषण पर प्रतिक्रिया जताते हुए चीनी विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि चीन को प्रतियोगिता से डर नहीं लगता, हालांकि वह दोनों देशों के संपूर्ण रिश्ते को प्रतियोगिता के ही रूप में परिभाषित करने के पक्ष में नहीं है। जाहिर है, भाषणों में निहित औपचारिकता को ध्यान में रखें तो इस भाषण के पॉजिटिव पहलुओं को चीन-अमेरिका रिश्तों में सुधार के संकेत के रूप में नहीं लिया जा सकता। खासकर यूक्रेन युद्ध और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में चीन का रुख ऐसी कोई संभावना नहीं छोड़ता, लेकिन पिछले साल अगस्त में पूर्व हाउस स्पीकर नैंसी पेलोसी की ताइवान यात्रा से दोनों देशों के रिश्तों में आये अप्रत्याशित उबाल को ध्यान में रखें तो ये संकेत उस उबाल को नियंत्रित रखने की कोशिश जरूर माने जा सकते हैं। खासकर इस तथ्य के मद्देनजर कि नए हाउस स्पीकर केविन मैकार्थी (रिपब्लिकन) के भी इस साल ताइवान जाने की योजना है।

**राजनीतिक हलकों में माना जा रहा है कि राष्ट्रपति बाइडन अगले कार्यकाल के लिए चुनावी मैदान में उतरने का मन बना चुके हैं। ऐसे में आश्चर्य नहीं कि उनका भाषण खासतौर पर घरेलू मामलों पर ही केंद्रित रहा।**

अभिमत
आजाद सिपाही

**8 मार्च 2019 को तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली की उपस्थिति में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखी गयी थी। इस एक्सप्रेस-वे की संकल्पना कुछ इस तरह थी कि वह पिछड़े क्षेत्र जो मुख्य मार्ग से दूर हैं, उन्हें जोड़ा जाये। सड़क को इस तरह बनाया जाए, जिसमें आधुनिक तकनीक का समावेश हो।**

# देश का पहला हाइटेक हाइवे

वैभव डांगे

आने वाले साल में आप एक बार जरूर सड़क से दिल्ली से मुंबई तक की यात्रा करना चाहेंगे। एक लाख करोड़ की लागत से विश्वस्तरीय बन रहे दिल्ली-मुंबई ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे के जरिए 1382 किलोमीटर की दूरी केवल 12 घंटे में तय होगी। 8 लेन की सड़क का यह सफर न थकाऊ होगा और न ही ऊबाऊ।

कारण, दिल्ली से आगे चलते ही हरे-भरे खेत, धूप-छांव की आंख मिचौली खेलते पेड़ों के बीच से गुजरते हुए ऐसे चार टाइगर रिजर्व से गुजरेंगे, जहां जाने के लिए हम कई बार योजना बनाकर भी नहीं जा पाते। रास्ते में पर्यटन का आनंद और अलग-अलग व्यंजनों का स्वाद लेते हुए यह सफर कब पूरा हो जायेगा, पता ही नहीं चलेगा।

8 मार्च 2019 को तत्कालीन विदेश मंत्री सुषमा स्वराज और तत्कालीन वित्तमंत्री अरुण जेटली की उपस्थिति में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी द्वारा इस महत्वाकांक्षी परियोजना की आधारशिला रखी गयी थी। इस एक्सप्रेस-वे की संकल्पना कुछ इस तरह थी कि वह पिछड़े क्षेत्र जो मुख्य मार्ग से दूर हैं, उन्हें जोड़ा जाये। सड़क को इस तरह बनाया जाए, जिसमें आधुनिक तकनीक का समावेश हो। कम लागत में ऐसा उम्दा मार्ग बनाया जा रहा है जो समय और ईंधन दोनों की बचत करेगा।

**पीएम मोदी हरियाणा के सोहना से राजस्थान के दौसा तक 246 किमी, 8-लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का पहला हिस्सा देश को समर्पित कर रहे हैं।**

इस एक्सप्रेस-वे के एक हिस्से को ई-हाइवे (इलेक्ट्रिक हाइवे) के रूप में विकसित किया जा रहा है, जहां ट्रक और बसें 120 किलोमीटर प्रतिघंटे की गति से चलेंगे, जिससे लॉजिस्टिक लागत में 70 प्रतिशत की कमी आयेगी। पूरे एक्सप्रेस-वे को पर्यावरण और अर्थव्यवस्था को ध्यान में रखते हुए डिजाइन किया गया है, जिसमें 20 लाख पेड़ लगाये जा रहे हैं, प्रत्येक 500 मीटर पर वर्षा जल संचयन प्रणाली के साथ पूरे खंड में ड्रिप सिंचाई की व्यवस्था की गयी है। इस एक्सप्रेस-वे में हर साल 32 करोड़ लीटर से अधिक डीजल-पेट्रोल की बचत होगी, जिससे करीब 85 करोड़ किलोग्राम कार्बन डाइआक्साइड के उत्सर्जन में कमी आयेगी। यह एशिया का पहला एक्सप्रेस-वे होगा, जहां जानवरों के लिए ओवरपास बनाये जा रहे हैं। यह एक्सप्रैस-वे चार टाइगर रिजर्व रणथंभौर, सरिस्का, मुकुंदरा नेशनल पार्क और रामगढ़ वन्यजीव अभयारण्य के बीच से गुजरेगा।

यहां दोनों ओर 8 मीटर लंबी शोर अवरोधक दीवारें तथा 6 फुट ऊंची दीवारें होंगी, जिससे जानवर सड़क पर और यात्री जंगल में नहीं जा सकेंगे। यह यात्रा लोगों को नई अनुभूति देगी। यह एक्सप्रेस-वे कई दृष्टि से खास है। क्या कभी किसी ने सोचा होगा कि जिस भारत में गड्ढों में सड़क तलाशी जाती थी, वह भारत सड़क निर्माण में विश्व रिकार्ड भी बनायेगा, लेकिन यह कीर्तिमान स्थापित हुआ गुजरात में। आप जब दिल्ली-मुम्बई एक्सप्रेस-वे से गुजरेंगे तो बड़ौदा के हुसेपुर-सादण गांव और भरूच से 20 किलोमीटर दूर कैलोद गांव के पास 24 घंटे में अढ़ाई किलोमीटर की 4-लेन सीमेंट कंकरीट की उसी सड़क से गुजरेंगे, जिसने विश्व कीर्तिमान स्थापित किया है। गुजरात में पटेल इंफ्रास्ट्रक्चर कंपनी द्वारा यह रिकार्ड कायम किया गया है।

1 फरवरी 2021 को सुबह 8 बजे शुरू हुआ काम अनवरत 24 घंटे चला और 2 फरवरी को जब सूर्योदय हुआ तो सड़क निर्माण के कीर्तिमान की वह लालिमा बिखेर रहा था। खाने के लिए उम्दा किस्म के रेस्तरां होंगे। चाइल्ड केयर रूम होगा। सर्विस सेंटर, पेट्रोल पंप, एटीएम के अलावा एक छोटा हाट-बाजार होगा। यह ऐसा एक्सप्रेस-वे है जो केवल पांच राज्यों दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश, गुजरात और महाराष्ट्र को ही नहीं जोड़ेगा, बल्कि यह हमें उत्तरप्रदेश, पंजाब, हिमाचल प्रदेश, जम्मू-कश्मीर तक जाने का सुलभ साधन प्रदान करेगा। इसके लिए कई स्थानों पर इंटरचेंज दिया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हरियाणा के सोहना से राजस्थान के दौसा तक 246 किलोमीटर, 8-लेन ग्रीनफील्ड एक्सप्रेस-वे का पहला हिस्सा देश को समर्पित कर रहे हैं। यह पूरा एक्सप्रेस-वे 2024 तक बन कर तैयार हो जायेगा।



**1 फरवरी 2021 को सुबह 8 बजे शुरू हुआ काम अनवरत 24 घंटे चला और 2 फरवरी को जब सूर्योदय हुआ तो सड़क निर्माण के कीर्तिमान की वह लालिमा बिखेर रहा था। खाने के लिए उम्दा किस्म के रेस्तरां होंगे। चाइल्ड केयर रूम होगा। सर्विस सेंटर, पेट्रोल पंप, एटीएम के अलावा एक छोटा हाट-बाजार होगा।**

## जमशेदपुर की खबरें

# मजदूर यूनियन और झामुमो नेताओं ने बाबा तिलका मांझी को दी श्रद्धांजलि

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** बाबा तिलका मांझी के जयंती पर गोबिंदपुर के गदरा चौक में श्रद्धांजलि सभा काआयोजन किया गया। शनिवार को झारखंड मजदूर यूनियन व झामुमो नेताओं ने गदरा चौक में बाबा तिलका मांझी के जयंती के अवसर पर पुष्प अर्पित कर व अगरबत्ती दिखाकर उन्हें श्रद्धांजलि दी। मौके पर झामुमो नेता राजेश सामंत ने कहा बाबा तिलका मांझी का संकल्प था आदिवासी की पहचान जल,जंगल,जमीन की रक्षा करना। आज दिन झारखंड के सभी आदिवासी व मूलवासियों को उसके पद चिन्हों पर चल कर संकल्प लेने की आवश्यकता है। ताकि के आदिवासियो व मूलवासियों के अस्तित्व,उनका पहचान जल जंगल जमीन को बचाया जा सके। उन्होंने कहा झारखंड अलग राज्य के लड़ाई लड़ने वाले ढिशुम गुरु शिबू सोरेन का भी यही सोच है। उन्होंने जल जंगल जमीन की लड़ाई के लिए लगातार संघर्ष करते आए हैं। आज उनके बताये हुए रास्ते पर राज्य के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत वाली सरकार राज्य को हरा भरा और विकसित करने में प्रयासरत है। उन्होंने युवाओ से बाबा तिलका मांझी के बताए हुए रास्ते पर चल कर आदिवासी मूलवासी की पहचान जल जंगल जमीन की रक्षा करने की अपील की। मौके पर झामुमो जिला उपाध्यक्ष सागेन पूर्ति, झारखंड मजदूर यूनियन केंद्रीय सचिव राजेश सामंत, जेना जामुदा, छोटे सरदार, राजेश मुण्डा, पूर्व प्रिंसिपल महात्मा प्रसाद सिंह, लखविंदर पिंगुआ शामिल रहे।

# कमलपुर सबर टोला में कंबल का वितरण



आजाद सिपाही संवाददाता

**पटमदा।** फरवरी महीना में दिन भर गर्मी और शाम होते ही ठंडे की लहर से बचाव के लिए जिला परिषद खगेन महतो ने ग्रामीण क्षेत्र में जरूरतमंदों के बीच कंबल वितरण किया। शनिवार को जिला परिषद सदस्य खगेन महतो ने मुखिया जामिनी बेसरा, समाजसेवी समीर महतो के साथ पटमदा प्रखंड स्थित कमलपुर गांव के सबर टोला में पहुचे। जहा उन्होंने दो दर्जन से ज्यादा जरूरतमंदों के बीच कंबल का वितरण किया। ग्रामीणों ने जिला परिषद के प्रति आभार व्यक्त की। इस अवसर पर लाभुको में जमुना सबर सोमा, सबर सोमवारी, सबर जोबा सबर, चलो सबर, कल्पना सबर, शकुंतला सबर, रुद्र सबर गुलापी सबर के आलाये अन्य शामिल रहे। वही जिला परिषद के साथ कार्यक्रम के दौरान विभूति महतो, ब्रज मोहन महतो और जहर सबर मौजूद रहे।

# सिंहभूम चैंबर व व्यापार मंडल ने कृषि मंत्री का फूंका पुतला

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** झारखंड सरकार द्वारा कृषि उत्पादन बाजार समिति पर लगाये गये दो प्रतिशत शुल्क के विरोध में व्यापारी आंदोलनरत हैं। शनिवार को सैकड़ों की संख्या में व्यापारी चैंबर भवन में एकत्रित हुए। जहां से सभी ने जुलूस की शक्ल में नारे लगाते हुए बिष्टुपुर स्थित छगनलाल चौक में कृषि मंत्री बादल पत्रलेख का पुतला फूंका। इस दौरान उन्होंने जम कर नारेबाजी की। अध्यक्ष विजय आनंद मूनका ने बताया पुतला दहन का कार्यक्रम राज्य के सभी जिलों में किया जा रहा है। उन्होंने बाजार शुल्क के वापस लेने की मांग की। इस मौके पर चैंबर अध्यक्ष विजय आनंद मूनका, महासचिव मानव केडिया, उपाध्यक्ष व्यापार एवं वाणिज्य नितेष धूत, सचिव व्यापार एवं वाणिज्य अनिल मोदी, कोषाध्यक्ष किशोर गोलछा, सुरेश सोंथालिया, सत्यनारायण अग्रवाल, व्यापार मंडल के अध्यक्ष दीपक भालोटिया, उपाध्यक्ष पवन नरेडी, सचिव करण ओझा, रामू देबुका, पवन शर्मा, विजय सरायवाला, नवलकिशोर वर्णवाल, मनोज अगीवाल, राजेश अगीवाल, हनुमान भंडार, बंटी, कुंजबिहारी अग्रवाल, चंद्रप्रकाश शुक्ला, कन्हैया लाल नागेलिया, रौनक सिंह, बिजय अग्रवाल, अजय अग्रवाल, केशव अग्रवाल, आशीष शर्मा, सुरेंद्र कुमार, भीमसेन शर्मा, संतोष अग्रवाल, राजू अगीवाल, बबलू प्रसाद, अनिल अग्रवाल, मनोज गोयल, अजय कांवटिया, प्रकाश सचदेवा, बिनोद मित्तल, श्याम चेतानी, पवन अग्रवाल विद्या ट्रेडर्स के अलावा जुगसलाई, बिष्टुपुर, साकची, सोनारी, कदमा, गोलमुरी, मानगो, बर्मामाइंस, परसुडीह के व्यापारी उपस्थित रहे।

# जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी में पोस्ट बजट कार्यक्रम के समापन सत्र में स्टार्ट अप और एंटरप्रेन्योरशिप की हुई चर्चा

आजाद सिपाही संवाददाता



**जमशेदपुर।** जमशेदपुर वीमेंस यूनिवर्सिटी के कॉमर्स एंड बिजनेस मैनेजमेंट विभाग की ओर से आयोजित छह दिवसीय पोस्ट बजट चर्चा सत्र शनिवार को संपन्न हो गया। समापन सत्र में कुलपति डॉ अंजिला गुप्ता ने सभी चर्चा सत्रों की समीक्षा करते हुए विभाग के सभी सदस्यों को सफल कार्यक्रम के आयोजन कि लिए बधाई दी। समापन सत्र में सुरेश सोंथालिया एवं संतोष खेतान अतिथि वक्ता थे।

मुख्य वक्ता, एसिया के अध्यक्ष संतोष खेतान का परिचय कराया। श्री खेतान ने कौशल प्रशिक्षण के लिए पंजीयन कराने, व्यावहारिक प्रशिक्षण के लिए बीओपीटी पोर्टल, संबंधित वित्त पोषण आदि से संबंधित जानकारी छात्राओं को दी। उन्होंने लोकेशन, डिमांड, मैन्युफैक्चरिंग आदि से मार्केट का आकलन करने की भी बात कही। उन्होंने स्टार्ट अप एंटरप्रेन्योरशिप के लिए विचार दिये, जैसे स्क्रब, क्षारीय पानी, अचार, टेनिस बॉल और इसी तरह के अनेक स्टार्ट अप, जिनमें कम पूंजी की आवश्यकता होती है।

दूसरे अतिथि सुरेश सोंथालिया ने वार्षिक वित्तीय विवरण पर जोर दिया, जिसमें सभी स्तर और श्रेणियां शामिल थीं। 500 करोड़ के कृषि स्टार्टअप, 157 नर्सिंग कॉलेज, डिजिटल लाइब्रेरी, आदिवासी स्कूल में भर्ती जैसे अवसर, 5जी सेवाएं, कौशल विकास योजना, बचत प्रावधान, जीएसटी, प्रति व्यक्ति आय में वृद्धि से जीवन स्तर में सुधार, महिलाओं के लिए बचत, मुद्रा ऋण आदि की चर्चा की। उन्होंने छात्रों को इस पर रिपोर्ट लिखने और प्रोजेक्ट बनाने के लिए भी प्रेरित किया। प्रश्नोत्तर सत्र में अतिथि वक्ताओं ने छात्राओं के व्यापार करने, उसका पंजीकरण, ऑनलाइन प्लेटफॉर्म के लिए जीएसटीआइएन की आवश्यकता आदि पर प्रश्नों के उत्तर दिये। समापन सत्र में डीन सह विभागाध्यक्ष डॉ दीपा शरण ने पहले दिन से लेकर अंतिम दिन तक बजट के बाद की चर्चा का सारांश दिया। विषय प्रवेश वित्त अधिकारी डॉ जावेद अहमद ने कराया. उन्होंने छात्राओं को स्वरोजगार में संलग्न होकर सफल उद्यमी बनने के लिए प्रेरित किया। अंत में कॉम्फेस्टा 2023 के सभी विजेताओं और उपविजेताओं को पदक देकर सम्मानित किया गया। धन्यवाद ज्ञापन डॉ ग्लोरिया पुर्ती ने किया।

# सरायकेला के 14 साक्षर आरक्षी बने एएसआइ

आजाद सिपाही संवाददाता



**सरायकेला।** सरायकेला के दुगनी पुलिस केंद्र सभागार में शनिवार को जिले के प्रोन्नत 14 साक्षर आरक्षियों के लिए रैंक सेरेमनी आयोजित हुआ। इसमें साक्षर आरक्षी से सहायक अवर निरीक्षक की श्रेणी में पदोन्नत 14 कर्मचारियों को रैंक प्रदान किये गये 14 पुलिस कर्मियों को रैंक प्रदान किया गया। सरायकेला-खरसावां जिले में पदस्थापित 14 साक्षर आरक्षियों को झारखंड पुलिस मुख्यालय ने आरक्षी की कोटि से सहायक अवर निरीक्षक की कोटि में प्रोन्नति दी है। उक्त नव प्रोन्नत सहायक अवर निरीक्षकों के रैंक सेरेमनी का आयोजन शनिवार को दुगनी पुलिस केंद्र के सभागार में हुआ। इस अवसर पर आरक्षी अधीक्षक आनंद प्रकाश, एसडीपीओ चांडिल संजय कुमार सिंह जिला पुलिस एसोसिएशन के अध्यक्ष आलोक रंजन चौधरी सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। नव प्रोन्नत सहायक अवर निरीक्षकों को आरक्षी अधीक्षक एवं अन्य वरीय पदाधिकारियों ने कंधे पर स्टार लगाकर सम्मानित किया एवं बधाई दी। आरक्षी अधीक्षक द्वारा नव प्रोन्नत सहायक अवर निरीक्षकों को मेहनत, लगन एवं ईमानदारी के साथ अपने कर्तव्य का निर्वहन करने की हिदायत भी दी गयी।

**महत्वपूर्ण न्यूज**

## उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय में फाइलेरिया व कृमि नाशक दवा खाने से आधा दर्जन बच्चे हुए बीमार



**हरिहरपुर (आजाद सिपाही)।** ओपी क्षेत्र के उत्क्रमित प्राथमिक विद्यालय महुआधाम में शनिवार को फाइलेरिया व कृमि नाशक दवा खाने से आधा दर्जन बच्चों का स्वास्थ्य खराब होने का मामला प्रकाश में आया है। जानकारी के अनुसार इन दिनों स्वास्थ्य विभाग के द्वारा 10 फरवरी से 25 फरवरी तक फाईलेरीया मुक्त करने का अभियान चलाया जा रहा है। जिसमें स्वास्थ्य सहिया व आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं के सहयोग से अपने-अपने क्षेत्र में हर आयुवर्ग के लोगों के बीच दवा खिलायी जा रही है। इसी क्रम में जब महुआधाम विद्यालय के बच्चों के बीच सहिया के द्वारा दवा को खिलायी गयी। कुछ ही समय के बाद बच्चों के द्वारा उल्टी व सर में दर्द की शिकायत शुरू हो गयी। इसकी जानकारी प्रखंड विकास पदाधिकारी कांडी मनोज तिवारी को दी गयी। इसके बाद प्रखंड विकास पदाधिकारी के द्वारा तत्काल एम्बुलेंस को बुलाकर सभी अस्वस्थ बच्चों को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मझिआंव भेजा गया। स्वास्थ्य खराब होने वालों में रोहित कुमार व सोनू कुमार वर्ग 5, निक्की कुमारी व बबिता कुमारी वर्ग 4, चुलबुल कुमारी व रेखा कुमारी वर्ग 3, चांदनी कुमारी व शगुन कुमारी वर्ग 2 शामिल हैं बीडीओ कांडी मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि दवा खाने से बच्चों का स्वास्थ्य बिगड़ गया था, तत्काल उपचार हेतु मझिआंव अस्पताल में भेजा गया है। जहां सभी बच्चों के स्वास्थ्य में सुधार है।

## जिला जल सहिया संघर्ष समिति की बैठक में 19 फरवरी को सम्मेलन एवं संघर्ष तेज करने का निर्णय



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला जल सहिया संघर्ष समिति की बैठक जिला अध्यक्ष मालती देवी के अध्यक्षता में नवादा मोड़ दुर्गा मंडप के प्रांगण में हुई। बैठक में मुख्य रूप से संघ के संरक्षक सह भाजपा नेता सूरज गुप्ता उपस्थित थे। बैठक में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर संगठन का पुनर्गठन के लिए 19 फरवरी को नवादा मोड़ बंधन मैरिज हॉल में जल सहिया जिला सम्मेलन किया जाए तथा अपने हक अधिकार के लिए संघर्ष तेज करने पर भी विचार विमर्श किया गया। बैठक में विचार व्यक्त करते हुए जल सहिया संघ के संरक्षक सूरज गुप्ता ने कहा कि संगठन निर्माण के बाद से ही जल सहिया बहनों के हक की लड़ाई जा रही है लेकिन हेमंत सरकार आपके सम्मानजनक अधिकार देने के मुद्दे पर कान में तेल डालकर सोई हुई है यह लोकतांत्रिक व्यवस्था के विपरित है अब जरूरत है सभी जल सहियाओं को गोलबंद होकर जिला से लेकर राज्य स्तर पर आर पार की लड़ाई लडी जाए। जिला अध्यक्ष मालती देवी एवं महासचिव रेखा देवी ने कहा कि अब जल सहिया अपने परिजनों का साथ लेकर हक की लड़ाई जोरदार करने वाली है यदि राज्य सरकार अनसुना करेगी तो हम नारी शक्ति हाथों चुडियां पहने हैं तो क्या तलवार भी उठाने का काम करेंगे। उन्होंने जिला सम्मेलन में सभी जल सहियाओं को अपने अपने परिवार के सदस्यों के साथ जायदा से जायदा संख्या में उपस्थित होने पर जोर दिया। बैठक का संचालन जिला उपाध्यक्ष संयुक्ता देवी ने किया।

## भाजपा श्री बंशीधर नगर ग्रामीण मंडल ने पं. दीनदयाल की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाया




**श्री बंशीधर नगर (आजाद सिपाही)।** भारतीय जनता पार्टी श्री बंशीधर नगर ग्रामीण मंडल कार्य समिति बैठक व पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। सभी कार्यक्रम क्षेत्रीय कार्यालय स्टेशन रोड में मंडल अध्यक्ष विकास पांडे के अध्यक्षता में किये गये। बैठक में मुख्य रूप से संगठन के मजबूती पर विचार किया गया। बैठक में मंडल प्रभारी अनिल चौबे ने कहा कि देश में यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी की अगुवाई में देश हर दिन नया इतिहास दर्ज कर रहा है। बैठक में मुख्य अतिथि प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रघुराज पांडे ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी सबका साथ सबका विकास सबका विश्वास के नीति पर काम करती है। बैठक में ओबीसी मोर्चा जिला उपाध्यक्ष ओम प्रकाश गुप्ता, मंडल के पदाधिकारी सतनारायण पांडे, सुदेश्वर विश्वकर्मा, विवेकानंद पांडे, नारद प्रजापति, रामसकल दुबे, अरुण कुमार तिवारी, मनोहर प्रजापति, सुरेंद्र राम, धर्मदेव यादव, बालक पासवान, अनुज कुमार चौधरी, देव कुमार पासवान, दीपक कुमार चौधरी, सतेंदर उरांव, जय कुमार, यादव ननकू पासवान, उपेंद्र सिंह और अन्य कार्यकर्ता कार्यक्रम में उपस्थित थे। बैठक का संचालन मंडल महामंत्री लाल मोहन यादव ने किया।

**प्रेस कांफ्रेंस :** पुलिस ने किया नन्हकू चौधरी हत्याकांड का खुलासा

# हत्या में शामिल सात अपराधी गिरफ्तार, आठ हथियार बरामद

**हनुमान पाई नामक सिक्का प्राप्त करने को लेकर अपराधियों ने ननकू चौधरी का अपहरण एवं हत्या की घटना को दिया अंजाम : एसपी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** सदर प्रखंड के डंडा थाना क्षेत्र अंतर्गत भीखही टोला गोबरदाहा गांव निवासी नन्हकू चौधरी हत्याकांड के मामले में पुलिस ने खुलासा करते हुए सात अपराधियों की गिरफ्तारी की है। गिरफ्तार अपराधियों की निशानदेही पर सात हथियार व घटना के समय अपराधियों के द्वारा उपयोग किया गया ड्रेस भी बरामद किया गया। घटना बीते 5 फरवरी 2023 की रात्रि 10:00 बजे घटित हुई थी। जिसके बाद गढ़वा पुलिस अधीक्षक के द्वारा पुलिस निरीक्षक गढ़वा अंचल के नेतृत्व में एसआईटी की टीम गठित कर कांड का उद्भेदन करते हुए गिरफ्तारी की गयी। गिरफ्तारी के बाद पुलिस अधीक्षक अंजनी कुमार झा ने प्रेस वार्ता कर बताया कि जिला मुख्यालय अंतर्गत प्रखंड डंडा थाना क्षेत्र के गोबरदाह गांव निवासी ननकू चौधरी उर्फ यशु चौधरी की हत्या 5 फरवरी 2023 को अज्ञात अपराधियों के द्वारा अपहरण कर गांव के ही बरवाही के पास खाली सुनसान जगह पर हत्या कर दी गयी थी। जिसके बाद मृतक की पत्नी दुखनी देवी के फर्द बयान के आधार पर अज्ञात अपराधियों की गिरफ्तारी हेतु एसआईटी की टीम गठित कर उद्भेदन किया जा रहा था। जिसके बाद उद्भेदन के क्रम में घटना में संलिप्त सात अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया गया। गिरफ्तार अपराधियों से गहन पूछताछ के क्रम में यह सामने आया कि डंडा क्षेत्र के इलाके में हनुमान पाई नामक सिक्का प्रचलित है। जिसे ननकू चौधरी से प्राप्त करने को लेकर घटना को अंजाम दिया गया। क्योंकि अभियुक्तों को यह लग रहा था कि मृतक के पास उक्त हनुमान पाई है। वहीं अभियुक्त अपनी पहचान छिपाने के लिए वर्दी में आये थे। क्योंकि मृतक का अपहरण के पश्चात जब उन्हें हनुमान पाई नहीं मिला तो अपना पहचान उजागर न हो जाने के भय से उसकी हत्या धारदार हथियार से गला काटकर कर दी व साथ ही वर्दी पहनकर अपहरण करने का कारण था कि आसपास इस तरह की अफवाह फैले कि उसका अपहरण किसी नक्सली के द्वारा किया गया तो वहीं अभियुक्तों की निशानदेही पर घटना में प्रयुक्त अग्नेयास्त्र एवं वर्दी बरामद किया गया।

छापेमारी टीम में पुलिस निरीक्षक गढ़वा अंचल कृष्णा कुमार साहू, पुलिस अवर निरीक्षक सह थाना प्रभारी डंडा नीरज कुमार, पुलिस अवर निरीक्षक रंजन कुमार, फ्रांसिस मिंज, सुरीन टूडू, हवलदार सुरेंद्र राम एवं निरंजन कुमार पासवान एवं सशसत्र बल शामिल थे।




**गिरफ्तार आरोपी एवं बरामद सामान**

गिरफ्तार आरोपियों की निशानदेही पर चार पीस पिस्टल, एक पीस राइफल, तीन भरथुआ बंदूक, दो गोली 315 बोर की, 6 मोबाइल फोन एवं गन पाउडर बरामद किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में डंडा थाना क्षेत्र के गोबरदाह निवासी हरी चौधरी, सूचित चौधरी, नीरज भैया, नंदू भैया जबकि पलामू जिले के चैनपुर थाना क्षेत्र सलथुआ गांव निवासी हरेंद्र उर्फ सुरेंद्र उर्फ गुड्डू भैया, अनिल चौधरी एवं बराव निवासी संजय चौधरी के नाम शामिल हैं।

## बसपा-भाजपा के दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता झामुमो में हुए शामिल

**राज्य सरकार ने 1932 का खतियान देकर यहां के मूलवासियों को सम्मान देने का कार्य किया है : अनंत प्रताप देव**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**रमना।** झामुमो कार्यकर्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। सम्मेलन में बसपा, भाजपा के दो दर्जन से अधिक कार्यकर्ता झामुमो में हुए शामिल। सम्मेलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए झामुमो नेता सह पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि राज्य में आदिवासी, मूलवासी के हेमंत सोरेन की सरकार ने अपने तीन वर्ष के कार्यकाल में 1932 खतियान, ओबीसी में 27 प्रतिशत आरक्षण, पुरानी पेंशन, पारा शिक्षक का स्थाई सहित कई महत्वपूर्ण कार्य को गति देने का कार्य किया है। जिसे हम सभी को पंचायत से लेकर प्रखंड तक जागरूक करने की जरूरत है। पूर्व विधायक अनंत प्रताप देव ने कहा कि राज्य सरकार 1932 का खतियान देकर यहां के मूलवासियों को सम्मान देने का कार्य किया है।

झामुमो के वरिष्ठ नेता ताहिर अंसारी ने कहा कि चुनावी भाषण में बोलने वाले नगर उंटारी को जिला बनाने व रमना को अनुमंडल बनाने वाले 130 करोड़ के भ्रष्टाचारी को आने वाले दिनों में तिहाड़ जेल होगा। कहा कि विधानसभा के प्रत्येक प्रखंडों में कार्यकर्ता सम्मेलन के माध्यम से भाजपा के करतूत के बारे में जानकारी देने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि बीस साल तक राज्य में शासन करने वाली भाजपा सरकार को आदिवासी सरकार बनने पर पेट में दर्द हो रहा है तथा केंद्र सरकार के इशारे पर ईडी संस्था के द्वारा परेशान किया जा रहा है। जिप अध्यक्ष शांति देवी ने कहा कि राज्य में हेमंत सोरेन की सरकार जनहित से जुड़े कई योजनाओं को संचालित कर रही है जिसे हम सभी को लाभ के बारे में जानकारी देने की जरूरत है। वक्ताओं मुक्तेश्वर पांडे, शंभू चंद्रवंशी, तुलसी सिंह खरवार, जिला उपाध्यक्ष लालू राम, निर्मल पासवान, रामचंद्र राम आदि ने कार्यक्रम को संबोधित किया। जबकि कार्यक्रम का संचालन प्रदीप सिंह ने किया।

मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष नागेंद्र कुमार सिंह, रोहित वर्मा, अनुज कुमार, नरेश गुप्ता, जीतन ठाकुर, भीरगुन पासवान, धर्मेंद्र सिंह, पवन गुप्ता, जसवंत पासवान, मेनुद्दीन अंसारी, राजेंद्र उराव, उमेश उरांव, मंजन प्रसाद गुप्ता सहित अन्य लोग उपस्थित थे।

## तीन माह से राशन नहीं मिलने से नाराज लाभुकों ने प्रखंड कार्यालय में किया हंगामा

**मौके पर पहुंचे डीसी ने एमओ को अविलंब कार्रवाई का दिया निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**मझिआंव।** नगर पंचायत क्षेत्र के जन वितरण प्रणाली के दुकानदार अरुण दुबे के द्वारा कार्ड धारियों से अंगूठा लगवाने के बावजूद भी तीन माह का राशन नहीं देने का मामला प्रकाश में आया है। जिससे दर्जनों की संख्या में आक्रोशित कार्ड धारियों ने प्रखंड सह अंचल कार्यालय पहुंचकर जमकर हंगामा किया। इसके पश्चात अंचलाधिकारी सह प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता को हस्ताक्षर युक्त आवेदन देकर तीन माह का राशन दिलवाने के साथ ही दुकानदार अरुण दुबे के ऊपर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि दुकानदार अरुण दुबे के द्वारा नवंबर-दिसंबर 2022 एवं जनवरी 2023 यानी तीन माह का राशन बायोमेट्रिक मशीन में अंगूठा लगवाने के बाद भी नहीं दिया गया। इनके द्वारा हर बार बोला जाता है कि आप सबको अगले माह में राशन देंगे।

इधर प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कार्डधारियों के द्वारा हंगामा करने के दौरान ही जिला उपायुक्त रमेश घोलप पहुंचकर सभी कार्डधारियों की समस्या से अवगत हुए। साथ ही उन्होंने अंचलाधिकारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता को जन वितरण प्रणाली के दुकानदार अरुण दुबे के ऊपर अभिलंब कानूनी कार्रवाई करने का निर्देश दिया। इधर इस संबंध में पूछने पर उपायुक्त रमेश घोलप ले बताया कि उपरोक्त डीलर के ऊपर प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी को तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया गया है। आवेदन देने वालों में नीरज कुमार, चिंता देवी, रामजी ठाकुर, सीता देवी, रीना देवी, सीमा कुंवर, सरिता देवी, सुनीता देवी, लक्ष्मण रजवार, संतोष मेहता, पारस रजवार, राजेंद्र राम, शारदा देवी, सरस्वती देवी, बिसरा खातून, असीमा बीवी, कईली देवी, फूला देवी एवं बिप्ति देवी सहित लगभग तीन दर्जन कार्ड धारियों के नाम शामिल हैं।

## उपायुक्त गढ़वा ने मझिआंव प्रखंड कार्यालय का किया औचक निरीक्षण



**बीडीओ-सीओ को सभी कर्मियों के कार्यालय अवधि तक रुकने और जरूरत पड़े तो छह सात बजे तक रुककर काम करवाने के दिये निर्देश**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**मझिआंव।** उपायुक्त गढ़वा रमेश घोलप द्वारा शनिवार को दोपहर में मझिआंव प्रखंड कार्यालय का औचक निरीक्षण किया गया। उपायुक्त ने प्रखंड कार्यालय में आते ही सबसे पहले अंचल निरीक्षक के कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने उपस्थित बीडीओ नितेश कुमार भास्कर एवं सीओ रामजी प्रसाद गुप्ता को निर्देश देते हुए कहा कि सभी कर्मी कार्यालय अवधि तक अपने-अपने कार्यालय में रुकें और जरूरत पड़े तो छह सात बजे तक रुककर लोगों का काम करें। सीआई कक्ष के बाद डीसी ने अंचल नजारत, अंचल कार्यालय एवं सीडीपीओ कार्यालय का निरीक्षण किया। इस दौरान इन्होंने सावित्री बाई फुले योजना के तहत 18 से 19 वर्ष तक के कितने लड़कियों का नाम जोड़ा गया, इसकी जानकारी ली और निर्धारित लक्ष्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया। इसके पश्चात डीसी ने रसोई कक्ष, शिक्षा विभाग का कार्यालय, जेएसएलपीएस महिला समूह के कक्ष का निरीक्षण किया। इस दौरान सीओ सह प्रभारी प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी रामजी प्रसाद गुप्ता से तीन माह के राशन का घोटाला करने की शिकायत करने आये दुबे तहले एवं मझिआंव के दो दर्जन से अधिक लाभुकों ने डीसी को देखते ही लपके और उनसे तीन माह से राशन नहीं मिलने की शिकायत की। डीसी ने तत्काल सीओ को जांच कर प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश दिया। इसके बाद डीसी द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय एवं नगर पंचायत कार्यालय का भी निरीक्षण किया। उन्होंने नगर पालिका के सफाई कर्मियों से बात कर उनकी समस्याएं सुनी। प्रेस वार्ता के दौरान डीसी से पूछा गया कि विगत दस वर्षों से प्रखंड आपूर्ति विभाग एवं जिला आपूर्ति विभाग के संयुक्त कार्रवाई में राशन गबन करने वाले डीलर को तीन माह के लिए निलंबित कर दिया जाता है और एक माह गुजरते ही उसे पुनः बहाल कर दिया जाता है, लेकिन गबन किये गये राशन की रिकवरी आज तक नहीं की गई। आखिर वह राशन जाता कहां है। इस सवाल के जबाब में डीसी ने कहा कि मेरे समय में ऐसा नहीं होगा। निलंबित डीलर को जांच के बाद प्राथमिकी दर्ज करते हुए सीधे बर्खास्त किया जाएगा।

## सेवानिवृत्त शिक्षक जनार्दन तिवारी के निधन पर मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने दी श्रद्धांजलि



**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** गढ़वा के करुआ ग्राम निवासी सेवानिवृत शिक्षक जर्नादन तिवारी का आकस्मिक निधन हो गया। वे अपने पीछे भरा-पूरा परिवार छोड़ गये। उनके निधन की खबर मिलने के बाद गढ़वा विधायक झारखंड सरकार के पेयजल एवं स्पच्छता मंत्री मिथिलेश कुमार ठाकुर उनके आवास पर पहुंचकर अंतिम दर्शन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी। ज्ञात हो कि स्व. तिवारी मंत्री श्री ठाकुर के शिक्षक रहे थे। मंत्री ने शोक संतप्त परिजनों को सांत्वना दी। साथ ही मंत्री ने पुण्यात्मा को बैकुंठ लोक में स्थान देने एवं परिजनों को दुःख की इस घड़ी से उबरने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से प्रार्थना की। मौके पर कई अन्य लोग उपस्थित थे।

**वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉची**

**सर्वसाधारण के लिए सूचना**

उपरोक्त लोअर बाजार थाना काण्ड सं0–121/2013, दिनांक–05.06.2013, धारा–406/420/468/471/34 भा0द0वि0 के प्राथमिकी अभियुक्त 1. प्रकाश प्रसाद लाला पिता–राजो लाला, सा0–फलैट नं0–503 रिवर्स अपार्टमेंट, एच0बी0 रोड, कोकर थाना–सदर, जिला–रॉची तथा 2. जे. डी. नंदी पे0–स्व0 कलामेंट जोय नंदी, सा0–करण बिल्ला, चेयशार होम रोड थाना–सदर, जिला–रॉची का द0प्र0सं0 की धारा–82 के अन्तर्गत माननीय न्यायालय से इस्तेहार निर्गत किया गया है। इनके संबंध में झारखण्ड/बिहार राज्य के दैनिक अखबार में प्रकाशन की आवश्यकता है।

अतः सभी जन साधारण से अनुरोध है कि यदि प्राथमिकी अभियुक्त 1. प्रकाश प्रसाद लाला 2. जे.डी. नंदी कहीं मिलते/दिखते हैं तो इसके संबंध में वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय में या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।

पुलिस उपाधीक्षक, नगर, रॉची। –9431706139

थाना प्रभारी, लोअर बाजर, रॉची। –9431706171

वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉची।

PR 290011Police(22-23)#D

**बैठक :** भाजपा कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाया, जिला अध्यक्ष ने कहा

# एकजुटता से ही श्रद्धेय दीनदयाल उपाध्याय का सपना होगा साकार

**लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से हर बूथ पर 50- 50 व्यक्तियों की एक समिति बनायी जायेगी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गढ़वा।** भाजपा जिला कार्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि को समर्पण दिवस के रूप में मनाया गया। कार्यक्रम में पलामू प्रभारी पूर्व जिला अध्यक्ष प्रेम सिंह उपस्थिति थे। वहीं श्रद्धेय महापुरुष के चित्र पर श्रद्धा सुमन पुष्प अर्पित किया गया एवं समर्पण दिवस मनाया गया। मुख्य अतिथि ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय के व्यक्तित्व एवं कृतित्व पर प्रकाश डालते हुए कहा कि देश के लोकप्रिय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी उनके सपने को साकार कर रहे हैं। आज पूरा विश्व मोदी की जय जयकार कर रहा है। लेकिन एक विपक्ष है कि जिसको यह रास नहीं आ रहा है। उन्होंने यह भी बताया कि हमें पूरे बूथ को मजबूत करना है। लोकसभा चुनाव के दृष्टिकोण से हर बूथ पर 50- 50 व्यक्तियों की एक समिति बनायी जाएगी। इस पर बृहद रूप से कार्य किया जाए।

वहीं कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिलाध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने उनकी जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कहा कि हमारे पूरे जिला के कार्यकर्ता एक परिवार के रूप में संगठित टीम भावना से पूरी सक्रियता से काम कर रहे हैं। आने वाले चुनाव में पूरी मजबूती से खड़ा रहेंगे, तब जाकर श्रद्धेय दीनदयाल उपाध्याय का सपना साकार होगा। नगर मंडल अध्यक्ष उमेश कश्यप ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय बहुमुखी विचारधारा के व्यक्ति थे। उनकी सोच उनका सपना एक सवाल और मजबूत भारत बनाने का था। उनका कहना था कि यह देश तब मजबूत होगा जब एकीकृत होगा। जब समाज के सबसे अंतिम पायदान पर बैठा हुआ व्यक्ति पूरे स्वाभिमान के साथ खड़ा होगा।




कार्यक्रम का संचालन महामंत्री संतोष दुबे ने किया। तत्पश्चात नगर मंडल कार्यसमिति एवं गढ़वा ग्रामीण की बैठक हुई जिसकी अध्यक्षता मुख्य अतिथि प्रेम सिंह के द्वारा की गयी। उन्होंने सामूहिक रूप से टास्क दिया कि हम सभी को बूथ स्तर तक मजबूती के साथ खड़ा होना है। अब पन्ना प्रमुख नहीं बल्कि उसका विस्तृत रूप बनाया जाएगा। बीच-बीच में इसकी समीक्षा भी की जाएगी। साथ ही डाटा प्रमुख सोशल मीडिया के प्रभारी बृजेंद्र पाठक के द्वारा सरल ऐप की जानकारी एवं प्रशिक्षण दिया गया।

कार्यसमिति की बैठक का संचालन महामंत्री यशवंत मिश्रा के द्वारा किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से उपस्थित मुकेश निरंजन सिन्हा, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य ओम प्रकाश तिवारी, सांसद प्रतिनिधि प्रमोद चौबे, विवेकानंद तिवारी, रामाशीष तिवारी, अनवर शाह, मुरली श्याम सोनी, वीणा पाठक, अखिलेश तिवारी, कामेश्वर सिंह, सोमनाथ सोनी, रामदेव राम, मनीष गुप्ता, संजीव दुबे, लखन गुप्ता, मनोज महतो, धर्मेंद्र अग्रवाल, सोनू सिंह इत्यादि काफी संख्या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**उपायुक्त-सह-जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, गुमला**

**(परिवहन शाखा)**

**आम-सूचना**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण एवं संबंधित सभी इच्छुक बोलीकर्त्ता को इस आम सूचना के माध्यम से सूचित किया जाता है कि विज्ञापन सं0–1/2023, दिनांक 20.01.2023 के द्वारा गुमला जिला के विभिन्न थानों में लावारिस वाहनों की नीलामी की सूचना प्रकाशित की गई थी, जिसके आलोक में उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, गुमला के आदेशानुसार वाहन की नीलामी दिनांक 30.01.2023 को निर्धारित की गई थी। उक्त आलोक में नीलाम में भाग लने वाले सभी डाकवक्ताओं के द्वारा सुरक्षित राशि भी जमा की गई थी, परन्तु नीलामी की तिथि को नीलामी की निर्धारित शर्तो में पाई गई कतिपय त्रुटियों के कारण विज्ञापन सं0–1/2023, दिनांक 20.01.2023 को तत्काल प्रभाव से रद्द किया जाता है।

उक्त सापेक्ष में वैसे सभी डाक बोलीकर्त्ता जिनके द्वारा सुरक्षित राशि को बैंक ड्राफ्ट अथवा चेक के द्वारा जिला नजारत शाखा, गुमला में जमा किया गया है, वे सूचना प्रकाशन के 10 (दस) दिनों के अन्दर अपना बैंक ड्राफ्ट अथवा चेक जिला नजारत शाखा, गुमला से प्राप्त कर लें।

जिला परिवहन पदाधिकारी
गुमला

PR 289980 Transport (22-23)_D

## करंज थाना के नवनिर्मित भवन का एसपी ने किया उद्घाटन



**एसपी ने लोगों को यह विश्वास दलाया कि थाना आने पर आपके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाएगा और ऐसा नहीं किये जाने पर होगी कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** आदर्श करंज थाना भवन का एसपी ने शनिवार को उद्घाटन किया। उदघाटन समारोह की अध्यक्षता पुलिस अधीक्षक गुमला डॉ एहतेशाम वकारीब ने की। बतौर मुख्य अथिति आमंत्रित सिसई विधान सभा क्षेत्र के विधायक जिग्गा सुसारन होरो का प्रतिनिधत्व करते हुए उनकी धर्मपत्नी क्रिस्टीना हीरो उपस्थित हुईं। कई गणमान्य लोगों की उपस्थिति में उद्घाटन कार्यक्रम संपन्न हुआ। उल्लेखनीय है कि करंज थाना की स्थापना वर्ष 2018 में हुई, परन्तु स्वयं का भवन ना होने के कारण इसका संचालन लैम्पस भवन में किया जा रहा था। अब अपना नये थाना भवन मिल जाने से पुलिस कर्मियों के साथ-साथ ग्रामीणों में भी खुशी देखी गई। उद्घाटन के मौके पर पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगों को यह विश्वास दिलाया गया कि पुलिस उनकी मदद के लिए है, और आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी।

पुलिस अधीक्षक द्वारा लोगों को यह विश्वास भी दिलाया गया कि आपके थाना आगमन पर आपके साथ सम्मानपूर्वक व्यवहार किया जाएगा और ऐसा नहीं किये जाने पर संबंधित पदाधिकारियों या कर्मियों पर कड़ी अनुशासनिक कार्रवाई की जाएगी। इस कार्यक्रम में पुलिस अधीक्षक गुमला, विधायक की धर्मपत्नी, जिला परिषद की अध्यक्ष किरण माला बड़ा, एसडीपीओ गुमला मनीष चंद्र लाल, बीडीओ भरनो तेज प्रताप हेस्सा, सीओ भरनो संजीव कुमार, इंस्पेक्टर सिसई श्यामानंद मंडल, थाना प्रभारी करंज, आशीष भारती, सार्जेंट मेजर प्रणव कुमार, थाना प्रभारी भरनो कृष्ण कुमार तिवारी, ग्राम डूडिया के मुखिया श्रीमती रश्मि साहित काफी लोग मौजूद थे।

## नहाने के दौरान तालाब में डूबने से युवक की मौत

**गढ़वा (आजाद सिपाही)।** जिला मेराल थाना क्षेत्र के अक्लवाणी गांव निवासी सुखदेव राम के 30 वर्षीय पुत्र रमेश राम उर्फ मटन की मौत नहाने के दौरान डूबने से हो गई। घटना के संबंध में परिजनों ने बताया कि रमेश राम उर्फ मटन गांव के ही बेलम तलाब में नहाने गया हुआ था। वहीं नहाने के दौरान बीच तालाब में जाने पर डूब गया। जिसके बाद उसे सदर अस्पताल लाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस ने सदर अस्पताल पहुंच शव को कब्जे में लेकर अंत्यपरीक्षण कराकर शव परिजनों को सौंप दिया।

## भूअर्जन कार्यालय ने पलमा-गुमला सड़क परियोजना का मुआवजा भुगतान के लिए लगाया शिविर

**उपायुक्त ने कैंप का निरीक्षण कर रैयतों की समस्याओं का किया समाधान**

**267 करोड़ की मुआवजा राशि का अब तक किया जा चुका है वितरण**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

**गुमला।** जिला भूअर्जन कार्यालय द्वारा एनएच 23 के पलमा- गुमला परियोजना अंतर्गत क्षतिपूर्ति राशि के भुगतान के लिए एक दिवसीय कैंप का आयोजन बख्तर साय इंडोर स्टेडियम में किया गया। इस दौरान उपायुक्त सुशांत गौरव ने आयोजित कैंप का निरीक्षण किया। उन्होंने सभी काउंटर पर जा कर कर्मियों से बातचीत की एवं उनके द्वारा किए जा रहे सहयोग के बारे में जानकारी ली। इसके साथ ही उपायुक्त ने वहां उपस्थित सभी रैयतों से भी मुलाकात की एवं उनकी समस्याओं का ऑन द स्पॉट समाधान भी किया।

बताते चलें कि अब तक एनएच 23 (पलमा- गुमला) परियोजना अंतर्गत सिसई, भरनो एवं गुमला प्रखंड से 28 गांव के रैयतों के बीच 335 करोड़ राशि की विरुद्ध अब तक 267 करोड़ से अधिक की राशि का भुगतान किया जा चुका है। आवंटन की प्रक्रिया अभी भी जारी है। आज के कैंप में सैंकड़ों की संख्या में रैयतों की उपस्थिति रही एवं कैंप के दौरान विवादित मामलों को छोड़ कर सभी का ऑन द स्पॉट मुआवजा राशि का भुगतान कर दिया गया। जिसके कारण सभी लोगों के चेहरे पर खुशी देखने को मिली।इस दौरान जिला भूअर्जन पदाधिकारी, सभी बैंक के कर्मी, सभी अंचल के कर्मी के अलावा संकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति रही।

# सिसई में सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत

**मृतक के परिजन एवं ग्रामीण अज्ञात वाहन चालक की गिरफ्तारी और मुआवजे की मांग को लेकर थाने पर जमे थे**

**सरकारी प्रक्रिया के तहत पीड़ित परिजनों को आर्थिक व अन्य लाभ दिलाया जाएगा : सीओ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**सिसई।** सड़क दुर्घटना में सिसई कुलंकेरी बगीचाटोली गांव के आपस में रिश्ते के तीन भाइयों की मौत हो गयी। मृतकों में विरेन्द्र उरांव (19), विकास उरांव (17) व बुधदेव उरांव (17) शामिल हैं। घटना शुक्रवार रात करीब पौने एक बजे की है। तीनों युवक पास के सिसई पुनाटोली गांव अपने रिश्तेदार के शादी समारोह से होंडा साईन बाईक नं. जेएच 01बीबी 0206 से अपने घर लौट रहे थे। इसी क्रम में बीएन जालान कॉलेज के सामने अज्ञात वाहन की चपेट में आ जाने से घटनास्थल पर ही तीनों युवकों की मौत हो गई। दुर्घटना में मोटरसाइकिल पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गयी। प्राप्त जानकारी के अनुसार मृतक विरेन्द्र उरांव, विकास उरांव व बुधदेव उरांव अपने घर से शुक्रवार सुबह 11 बजे अपने दीदी बसंती देवी के घर पुना टोली में शादी समारोह में शामिल होने गए थे। वहां से रात 12 बजे के करीब अपनी बाइक से घर लौट रहे थे। कॉलेज के सामने अज्ञात वाहन इन्हें टक्कर मार कर घटना स्थल से फरार हो गया।

थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी व पुलिस गश्ती दल द्वारा सभी को रेफरल अस्पताल पहुंचाया गया, जहां चिकित्सकों ने तीनों युवकों को मृत घोषित कर दिया। तीनों युवकों के परिजन व ग्रामीण शव का पोस्टमार्टम कराने से पूर्व सड़क मार्ग में लगे निजी सीसीटीवी कैमरे की जांच पड़ताल करने, दुर्घटना को अंजाम देने वाले वाहन व चालक की गिरफ्तारी व उचित मुआवजा की मांग को लेकर थाना परिसर में अड़े हुए थे। जिसके बाद प्रशासन द्वारा परिजनों को समझा-बुझाकर शनिवार दोपहर करीब एक बजे शवों को पोस्टमार्टम के लिए गुमला सदर भेजा गया।

घटना की सूचना पर सीओ अरुणिमा एक्का, इंस्पेक्टर एसएन मंडल, बरगांव उत्तरी मुखिया सुनीता देवी थाना परिसर पहुंची। बसिया सर्किल इंस्पेक्टर एसएन मंडल ने बताया कि मार्ग में लगे सीसीटीवी कैमरे की फुटेज की जांच में विपरीत दिशा से बरगांव से सिसई की ओर आ रहे आईसर ट्रक का फुटेज मिला है। आईसर ट्रक का पता लगाया जा रहा है। साथ ही दुर्घटना से संबंधित अन्य पहलुओं की छानबीन की जा रही है। वहीं सीओ अरुणिमा एक्का ने कहा कि सरकारी प्रक्रिया के तहत पीड़ित परिजनों को आर्थिक व अन्य लाभ दिलाया जाएगा।

### लावारिश हालत में एक आइसर ट्रक को सिसई पुलिस ने किया बरामद

**सिसई (आजाद सिपाही)।** बीएनजालान कॉलेज के सामने सड़क दुर्घटना में तीन युवकों की मौत होने और घटना की सीसीटीवी कैमरे के फुटेज में दिखाई दिये आईसर ट्रक वाहन की खोजबीन के दौरान सिसई पुलिस को गुमला थाना क्षेत्र के लांजी पेट्रोल पंप के समीप लावारिस हालत में एक आईसर ट्रक जेएच 01 ईएन 8301 के खड़े होने की जानकारी मिली। उक्त ट्रक को पुलिस द्वारा जब्त कर सिसई थाना लाया गया है।

## कृषि शुल्क विधेयक के विरोध में चेंबर ने निकाला जुलूस

**व्यापारियों ने टावर चौक में झारखंड सरकार के कृषि मंत्री का पुतला फूंका**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** कृषि शुल्क विधेयक के विरोध में चेंबर ऑफ कॉमर्स ने शहर में जुलूस निकाला और झारखंड सरकार के कृषि मंत्री का पुतला दहन किया। यह कार्यक्रम निवर्तमान अध्यक्ष हिमांशु केसरी की देखरेख में निकाला गया था। कार्यक्रम में मौजूद चेंबर अध्यक्ष दिनेश अग्रवाल ने कहा कि यह जुलूस कृषि शुल्क में कृषि उत्पाद में 2 प्रतिशत की वृद्धि के विरोध में निकाला गया है। इस विधेयक के विरोध में झारखंड के लगभग सभी शहरों में व्यापारिक संस्थाओं द्वारा विरोध प्रदर्शन किया जा रहा है। उसी के निमित्त एफजेसीसीआई रांची के निर्देशानुसार गुमला में भी विरोध जुलूस और पुतला दहन का कार्यक्रम आयोजित किया गया है। व्यापारियों ने स्थानीय टावर चौक में झारखंड सरकार के कृषि मंत्री का पुतला दहन किया गया और वक्ताओं ने अपने उद्बोधन के माध्यम से अपने अपने विचार रखे। साथ ही आम जनों को उद्बोधन के माध्यम से बताया गया कि यह विधेयक किस प्रकार आम लोगों की जिंदगी से जुड़ा है और आम लोगों को किन परेशानियों का सामना करना पड़ेगा। मौके पर गुमला चेम्बर ऑफ कॉमर्स के सचिव दिलीप गुप्ता, सह सचिव बबलू वर्मा, पूर्व अध्यक्ष दीपक गुप्ता, मो. सब्बू, सरजू साहू, कोषाध्यक्ष विकास हन्नी मंत्री, उपाध्यक्ष गुन्नू शर्मा, कार्य सद्स्य अभिजीत जायसवाल रॉकी, अमित मंत्री गोलू, राहुल केशरी, सहित गुरमीत सिंह, अशोक अग्रवाल, विनोद कारू, सतेन्द्र कुमार, दिलीप साबू, शेखर अग्रवाल, रूपक साहू, निर्मल अग्रवाल, वीनू साहू, बृजकिशोर फोगला, राजू अग्रवाल, संजू साहू, सिमरनजीत सिंह, रिंकू कुमार, अनिल साहू, कृष्णा साहू, दीपू गुप्ता, मकसूद आलम, संजय कुमार, गुड्डू कुमार सहित सैकड़ों की संख्या में व्यापारी उपस्थित थे।

## व्यंग्य लेखन के लिए गढ़वा के राजीव भारद्वाज को मिला अंतरराष्ट्रीय कबीर कोहिनूर अवार्ड

**राजीव को सम्मानित किये जाने से जिले के लोगों से लगातार शुभकामनाएं और बधाई मिल रही है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** गढ़वा के राजीव भारद्वाज को अंतरराष्ट्रीय कबीर कोहिनूर अवार्ड से व्यंग लेखन के लिए नयी दिल्ली के जनपथ स्थित डॉक्टर भीम राव अंतरराष्ट्रीय भवन में सम्मानित किया गया। देश-विदेश में अभिनय, सामाजिक क्षेत्र, नशा मुक्ति, गौ सेवा, साहित्य, भाषा प्रचार, विधि विशेषज्ञ, दर्पण लेखक तथा व्यंग लेखन के क्षेत्रों में कार्य करने वाले सौ प्रतिभागियों को सम्मानित किया गया। इसी क्रम में गढ़वा के राजीव भारद्वाज को व्यंग लेखन के क्षेत्र में सम्मानित किया गया।

इस कार्यक्रम में भारत भूषण, संत नानक देव महाराज तथा अहिंसा विश्व भारती के लोकेश मुनि महाराज, बाइबल इंटरनेशनल विश्वविद्यालय जिम्बाबे के कुलपति सौरभ पाण्डेय, ब्रिटेन के प्रख्यात समाजसेवी एस परिमल के साथ-साथ अयोध्या के महंत सुधीर दास शास्त्री के साथ-साथ अलवर के सांसद तथा केंद्रीय मंत्री सीआर दास उपस्थित हुए।

राजीव को पूर्व में श्रीराम अंतराष्ट्रीय साहित्य सम्मेलन अयोध्या में व्यंग भूषण और नागौर की संस्था ने व्यंग लेखन के लिए सदैव अटल सम्मान से तथा स्थानीय स्तर पर संस्कार भारती और पंडित हर्ष द्विवेदी नाट्य कला मंच द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। झारखंड से एकलौते राजीव को अंतरराष्ट्रीय कबीर कोहिनूर सम्मान से सम्मानित किया गया। गढ़वा जैसे छोटे जिले से साहित्य में व्यंग लेखन के लिए राजीव को सम्मानित किए जाने से जिले में खुशी का माहौल है तथा इन्हें लगातार शुभकामनाएं और बधाई मिल रही है।

## कार्यक्रम : व्यवहार न्यायालय में रक्तदान सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन

# 35 रक्तदाताओं ने किया स्वैच्छिक रक्तदान

**सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए : रेनू सिंह**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गढ़वा।** जिला विधिक सेवा प्राधिकार में रक्तदान शिविर सह स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। आज 11 फरवरी को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के निर्देश पर व्यवहार न्यायालय परिसर में रक्तदान सह स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया गया। जिसकी शुरुआत राजेश शरण सिंह के द्वारा की गयी। शिविर में न्यायिक पदाधिकारियों, अधिवक्ताओं, वादीकारियो व सुरक्षाकर्मियों की स्वास्थ्य जांच मुफ्त में की गई। रक्तदान शिविर में सभी ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए स्वैच्छिक रूप से रक्तदान किया। रक्तदान करने वालों में प्रमुख रूप से प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार की पत्नी रेनू सिंह, न्यायिक दंडाधिकारी संतोष आनंद प्रसाद सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार कुमार विपुल, सिविल सर्जन गढ़वा अनिल कुमार सिंह, न्यायिक दंडाधिकारी कृष्णा लोहरा, न्यायालय कर्मी संजय कुमार सिंह, अभिषेक कुमार, राजन कुमार, बीरन उरांव, मनीष कुमार, अमर कुमार, अजय सिंह, मनोहर कुर्ती, आलोक मिश्रा, अनीता रंजन, शिवकुमार आदि लगभग 35 लोगों ने रक्तदान किया।

मौके पर प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार की पत्नी रेनू सिंह ने रक्तदान की महत्ता को बताते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान है सभी महिलाओं को भी रक्तदान करना चाहिए। इससे कोई कमजोरी नहीं होती है। रक्तदान से किसी को नया जीवन प्रदान किया जा सकता है। उन्होंने कहा कि सभी को रक्तदान के लिए आगे आना चाहिए। पूरे कार्यक्रम का संचालन प्रधान जिला सत्र न्यायाधीश अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार के मार्गदर्शन पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गढ़वा कुमार विपुल के द्वारा कार्यालय कर्मी गिरीपुरम, अमर कुमार, श्याम बिहारी राम, सुमित्रा, राजेश कुमार, सूर्य देव चौधरी आदि की उपस्थिति में संपन्न कराया गया।

## 14 वर्षीय छात्रा ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बसिया (आजाद सिपाही)।** थाना अंतर्गत कलिगा की रहने वाली लगभग 14 वर्षीय अदिति बरवा, पिता प्रदीप बरवा ने अपने घर में दुपट्टा से फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। वह अपने बड़े पिता कलिगा निवासी राजेश बरवा के यहां रहकर उसुर्लाइन कॉन्वेंट कोनबीर नवाटोली में कक्षा 7 में पढ़ाई करती थी। शनिवार को वह प्रतिदिन की तरह स्कूल से लौटी तब उसकी बड़ी मां एक मेहमान को लाने गयी उसी दौरान अदिति ने दुप्पटा से फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। अदिति का घर सिमडेगा जिलान्तर्गत कोलेबिरा थाना के अघरमा में है। बसिया पुलिस आत्महत्या के कारणों की जांच कर रही है।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल में क्लास 10वीं के छात्रों का फेयरवेल एंड प्राइज डिस्ट्रिब्यूएशन प्रोग्राम आयोजित



**बसिया (आजाद सिपाही)।** मोंटफोर्ट सीनियर सेकेंडरी स्कूल कोनबीर नवाटोली में क्लास 10वीं के छात्रों के फेयरवेल एंड प्राइज डिस्ट्रिब्यूएशन प्रोग्राम आयोजत किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि बसिया के एसडीओ संजय पीएम कुजूर ने दसवीं के छात्रों को आगामी परीक्षा की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि आप अपने जीवन में बेहतर कर न केवल बसिया बल्कि क्षेत्र का नाम रोशन करें। अतिथि के रूप में मौजूद बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता एवं स्कूल के प्रिंसिपल अल्बिनुस तिग्गा ने भी छात्र-छात्राओं को दसवीं एग्जाम बोर्ड की शुभकामनायें देते हुए बेहतर रिजल्ट करने के लिए टिप्स दिये। अतिथियों द्वारा दसवीं के सभी छात्र-छात्राओं को शील्ड देकर पुरस्कृत भी किया गया। प्रोग्राम के दौरान स्कूल के छात्रों द्वारा संथाली स्टेप डांस, रीमिक्स डांस एवं गीतों से अतिथियों, छात्रों एवं शिक्षकों का मन मोह लिया। मौके पर वाईस प्रिंसिपल जेवियर टेटे, अमर कंडुलना, शैली सेवियर, ममता कुमारी मिंज, अंजू कुमारी, रूबी कुमारी, स्लायमका टोप्पो, आनंद संजय बाड़ा, राजेश साहू समेत शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

### वार्ड सदस्य की पहल पर छह महीनों से खराब पड़े पांच चापाकलों की मरम्मत करायी गयी



**सिसई (आजाद सिपाही)।** भदौली पंचायत के सकरौली गांव के वार्ड सदस्य कृष्णा कुमार साहू की पहल पर विगत छह महीनों से खराब पड़े पांच चापाकलों की मरम्मती करायी गयी। कृष्णा कुमार साहू ने जानकारी देते हुए बताया कि गांव के सभी चापाकल में लगे पाइप में जंग लगने के कारण पाइप और रॉड सड़ने से बार-बार चापाकल में खराबी आने से लोग पेयजल की समस्या से परेशान थे। जिसे लेकर वार्ड सदस्य द्वारा प्रखंड प्रशासन और पीएचडी विभाग से नये पाइप व रॉड लगाने की मांग की गई थी। जिसके उपरांत शनिवार को विभाग द्वारा गांव के पांच चापाकलों की मरम्मती की गई। मौके पर ग्राम प्रधान सुमन पहान, आंगनबाड़ी सहायिका सरस्वती देवी, गुड़िया कुमारी, समाजसेवी बजरंग साहु, दीपक साहू, लक्ष्मण लोहरा, प्रभु प्रसाद लोहरा, संतु साहू, जगरनाथ साहू, बंधनु लोहरा सहित अन्य ग्रामीण मौजूद थे।

### 70 वर्षीय वृद्ध ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

**बिशुनपुर (आजाद सिपाही)।** प्रखंड अंतर्गत गुरदरी थाना क्षेत्र के बेंती गांव निवासी 70 वर्षीय दशमा उरांव ने शुक्रवार की रात अपने ही घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। घटना की सूचना पर गुरदरी पुलिस गांव पहुंचकर मृतक का पंचनामा उपरांत शव को कब्जे में करते हुए पोस्टमार्टम के लिए सदर गुमला भेज दिया। घटना के संबंध में मृतक की बहू जर्मनिया देवी ने पुलिस को बताया कि मेरे ससुर दशमा अत्यधिक शराब का सेवन करते थे। घर में सिर्फ मेरे ससुर और मैं रहती थी। घर के बाकी लोग बाहर काम करने के लिए गए हैं। शुक्रवार को मैं लकड़ी बिनने जंगल गई शाम को वापस आयी। मुझे पता नहीं चला कब वह घर आये। मैंने जह उनके कमरे में जाकर देखा तो वह रस्सी के सहारे झूल रहे थे, इसके बाद आसपास के ग्रामीणों को सूचना दिये जाने के पश्चात ग्रामीणों ने पुलिस को सूचना दी।

### पं. दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल योजना से ट्रेनिंग पाकर बनेंगे आत्मनिर्भर : प्रियंका कुमारी



**केतार (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के पाचा डूमर के बिजडीह गांव में पंडित दीनदयाल उपाध्याय के पुण्यतिथि पर जेसएस एलपीएस के तत्वाधान में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में दीन दयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना (डीडीयूजीकेवाई) अंतर्गत पाचाडूमर पंचायत के विजडीह ग्राम में विशेष शिविर का आयोजन किया गया। इस विशेष शिविर में जेएसएलपीएस प्रखंड समन्वयक प्रियंका कुमारी ने बताया कि सरकार द्वारा ग्रामीण आजीविका को बढ़ावा देने के लिए मिशन संचालित कर रही है। इस मिशन का मुख्य उद्देश्य गरीबी कम करना है। इस मिशन से ग्रामीण क्षेत्र के गरीब परिवारों को लाभ मिलेगा और उन्हें स्थायी स्वरोजगार उपलब्ध होगा। सरकार द्वारा यह कार्यक्रम तब तक जारी रखा जायेगा, जब तक गरीबी अमीरी के इस अंतर को कम न किया जा सके। गरीब ग्रामीण आबादी भी एक अच्छा जीवन यापन कर सके। इस विशेष शिविर में 10 कैंडिडेट का चुनाव किया गया। उक्त सभी कैंडिडेट को एसएमओ और मोबाइल रिपेयरिंग ऑपरेटर ट्रेंड में ट्रेनिंग करवाया जाएगा। जहां पर रहने खाने-पीने की सुबिधा बिल्कुल निशुल्क मुहैया कराई जाएगी। वहां से बेहतर तरीके से ट्रेनिंग प्राप्त कर विभिन्न संस्थानों में प्लेसमेंट करवाया जाएगा ताकि वे अपना जीवन यापन बेहतर तरीके से कर सकें। इस मौके पर इसी बसंत कुमार, निर्वाचित अभ्यर्थी एवं सखी मंडल की महिलाएं उपस्थित थी।

### पलामू प्रमंडलवासियों की भावना से जुड़ा है मेला का आयोजन

# दुबियाखांड़ में दो दिवसीय राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला शुरू

**निरंतर भव्यता की ओर बढ़ेगा राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला, लोगों को मिलेगा लाभ : मंत्री**



आजाद सिपाही संवाददाता

**मेदिनीनगर।** राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला निरंतर भव्यता की ओर बढ़ेगा। मेला का लाभ आदिवासी समाज सहित अन्य लोगों को मिले इसके प्रयास हो रहे हैं। मेले के माध्यम से आदिवासियों को उनका हक, अधिकार देकर राजा मेदिनीराय के सपनों का झारखंड बनाने का प्रयास हो रहा है। मेला आदिवासियों सहित पूरे पलामू प्रमंडलवासियों की भावना जुड़ी है। मेले में विभिन्न विभागों के स्टॉल लगाये गये हैं, जहां सरकार की विभिन्न योजनाओं की जानकारी लोगों को दी जा रही है। आमजन इसका लाभ उठाएं यही राजा मेदिनीराय की के प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। उक्त बातें पेयजल एवं स्वच्छता मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कही। वे आज पलामू जिले के दुबियाखांड़ में आयोजित राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला में बोल रहे थे। मेला का आयोजन पर्यटन, कला, संस्कृति, खेलकूद एवं युवा कार्य विभाग एवं राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास सह मेला समिति की ओर से किया गया था। मेला का समापन 12 फरवरी को होगा। मंत्री मिथिलेश ठाकुर ने कहा कि योजनाओं का लाभ देने एवं लेने के लिए सभी की सहयोग जरूरी है। समाज के अग्रिम पंक्ति के लोग आगे आयें और सरकारी योजनाओं को बताने एवं लाभ लेने के लिए जन जागरूकता फैलाएं। आम लोग सरकार के साथ कंधे-से-कंधा मिलाकर चले और सरकार की योजना की जानकारी एवं लाभ लें। उन्होंने कहा कि झारखंड सरकार ने ऐसी- ऐसी योजनाएं लागू की है, जिसका सीधा लाभ आमजनों को मिल रहा है। उन्होंने कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला का विकास एवं प्रचार-प्रसार झारखंड के साथ-साथ आसपास के राज्यों में भी होगा। इसकी भव्यता निरंतर बढ़ती जाएगी। उन्होंने मेला आयोजन कि बेहतर तैयारी एवं सफलता के लिए पलामू जिला प्रशासन को धन्यवाद देते हुए कहा कि इसकी व्यापार तैयारी में पदाधिकारियों की अहम भूमिका रही है।

मेला में मेदिनीराय स्मृति न्यास-सह- मेला समिति के अध्यक्ष अर्जुन सिंह ने सभीका स्वागत करते हुए मेला के इतिहास से अवगत कराया। साथ में ही वनों में रह रहे लोगों को चिन्हित कर उन्हें वन पट्टा उपलब्ध कराने, पलामू समाहरणालय परिसर में राजा मेदिनीराय की प्रतिमा स्थापित करने, रेलवे स्टेशन का नाम बदलकर मेदिनीनगर करने आदि से संबंधित मांग रखी।

अतिथियों द्वारा राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला परिसर में चेंजिंग रूम एवं स्टोर रूम का शिलान्यास तथा शौचालय एवं स्टेज का उद्घाटन किया गया। मौके पर विभिन्न योजनाओं के लाभुकों के बीच परिसंपत्ति का भी वितरण किया गया। कार्यक्रम का संचालन अजय सिंह चोरो ने किया।

मौके पर कला दलों द्वारा आदिवासियों की भाषा संस्कृति एवं पहचान को प्रदर्शित आदिवासी नृत्य-संगीत प्रस्तुत किया गया। मौके पर पलामू जिला प्रशासन की ओर से विभिन्न विभागों के स्टाल लगाए गए हैं। जहां सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। वहीं लोगों को लाभान्वित भी किया जा रहा है। इसके अलावा बैनर, पोस्टर के माध्यम से भी सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं से लोगों को जागरूक किया जा रहा है।

मेले में शहीद नीलांबर-पीतांबर के वंशज को मोमेंटो एवं शॉल उड़ाकर सम्मानित किया गया। साथ ही समाज के लिए उत्कृष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को भी सम्मानित किया गया।

राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला के उद्घाटन कार्यक्रम में उक्त अतिथियों के अलावा जिला परिषद के उपाध्यक्ष आलोक कुमार सिंह, गढ़वा जिला विससूत्री उपाध्यक्ष, पलामू जिला विससूत्री उपाध्यक्ष, खेल पदाधिकारी उमेश लोहरा, सदर अनुमंडल पदाधिकारी राजेश कुमार साह, अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी ऋषभ गर्ग, अंचल अधिकारी झुनू मिश्रा के अलावा अन्य सरकारी पदाधिकारी-कर्मी, समाजसेवी राजेंद्र कुमार सिन्हा, तनवीर आलम सहित राजा मेदिनीराय स्मृति न्यास सह मेला समिति के त्रिपुरारी सिंह, रामेश्वर सिंह चेरो, जेपी मिंज, भरदुल सिंह चेरो, हृदया सिंह, निर्मल सिंह, प्रमोद सिंह, उमेश सिंह, राजकुमार सिंह, अजीत सिंह, सुनील उरांव, सुरेंद्र सिंह, प्रताप तिर्की, विपिन सिंह, लक्ष्मण सिंह के अलावा बड़ी संख्या में लोग उपस्थित थे।

### प्रत्येक व्यक्ति तक पहुंच रही सरकार की योजनाएं : डीसी

पलामू डीसी आंजनेयुलू दोड्डे ने कहा कि राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला की भव्यता आगामी वर्ष में और बढ़ेगी। राजकीय मेला घोषित होने के बाद पहली बार यह आयोजन हो रहा है। आगामी वर्ष में राज्यभर में इसका प्रचार-प्रसार होगा। उन्होंने कहा कि सरकार एवं प्रशासन हर घर के हर व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाने के लिए संकल्पित है। सुदूरवर्ती गांवों में रह रहे आदिम जनजाति परिवारों तक प्रशासन पहुंचकर योजनाओं का लाभ दे रही है। इससे समाज के लोगों का उत्थान एवं विकास हो रहा है। पलामू के योग्यताधारी व्यक्तियों को पेंशन योजना से आच्छादित किया गया है। उन्होंने कहा कि मेला परिसर में पलामू जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जा रही है। साथ ही उन योजनाओं से लोगों को जोड़ते हुए लाभ देने का कार्य किया जा रहा है।

### सादगी, निश्चलता एवं बहादुरी के प्रतीक थे राजा मेदिनीराय: एसपी

पलामू एसपी चंदन कुमार सिन्हा ने कहा कि राजा मेदिनीराय सादगी, निश्चलता एवं बहादुरी के प्रतीक थे। उनकी यादों में लगाई जा रही राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेला की भव्यता एवं लोकप्रियता और अधिक बढ़ेगी।

### आदिवासी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिये सार्थक साबित हो रहा मेला : नामधारी

पूर्व विधानसभा अध्यक्ष इंदर सिंह नामधारी ने कहा कि बिहार के सोनपुर मेले की तर्ज पर राजकीय आदिवासी विकास महाकुंभ मेले का विस्तार उनका सपना है। आदिवासी महाकुंभ मेला का राजकीय मेला घोषित होना लोगों के लिए गौरव की बात है। उन्होंने कहा कि मेले को राजनीतिक दृष्टिकोण से नहीं देखा जाना चाहिए। मेले के माध्यम से आदिवासियों के समस्याओं का निदान होना चाहिए। दिन प्रतिदिन मेले का विराट रूप हो रहा है। आदिवासी संस्कृति को आगे बढ़ाने के लिए मेला काफी सार्थक साबित हो रहा है।

## छह दिवसीय उद्यमिता विकास प्रशिक्षण संपन्न 16 प्रतिभागियों को मिला प्रशिक्षण प्रमाण पत्र

आजाद सिपाही संवाददाता

**हरिहरगंज/पलामू ।** नगर विकास एवं आवास विभाग के निर्देश पर दीनदयाल अंत्योदय योजना राष्ट्रीय शहरी आजीविका मिशन अन्तर्गत स्वरोजगार कार्यक्रम के तहत संचालित छह दिवसीय कार्यशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम शनिवार को संपन्न हुआ। इस दौरान हरिहरगंज नगर पंचायत कार्यालय में स्वयं सहायता समूह के सदस्यों का उद्यमिता विकास प्रशिक्षण दी गयी। जहां विभिन्न समूहों के प्रशिक्षित 16 प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र दिया गया। इस दौरान सूर्या एजुकेशन एंड वेलफेयर सोसायटी द्वारा प्रशिक्षण में समूह की महिलाओं की आर्थिक विकास के लिए स्वरोजगार से जोड़ने की योजना के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। ताकि महिलाएं अपनी आय में वृद्धि कर अपना व्यवसाय कुशल तरीके से संचालित कर सकें। मौके पर नगर प्रबन्धक अजमल हुसैन ने कहा कि वैसे स्वयं सहायता समूह के सदस्य जो फिनायल, सर्फ, सत्तू, बेसन, ब्रेड, मिक्सर अगरबत्ती, पापड़, अचार, आंवला मुरब्बा, हर्बल अबीर गुलाल बनाने एवं मिनरल वाटर के व्यवसाय करना चाहते हैं उन्हें स्वरोजगार के लिए बैंकों से ऋण दिलाया जाएगा। प्रशिक्षण में रंजीत कुमार, सहायक प्रशिक्षक आनन्द कुमार, नगर प्रबन्धक,मो०लीम, सरयु बैगा, सामुदायिक संगठनकर्ता बिचीत्रा कुमारी, सामुदायिक संसाधन सेविका के साथ ही एसएचजी की 16 महिलाएं शामिल थे।



### जंगली जानवर के हमले से दो महिला घायल



**सतबरवा/पलामू (आजाद सिपाही) ।** एक बार फिर से सतबरवा प्रखंड में आदमखोर जंगली जानवरों का आतंक बढ़ गया है। शुक्रवार को सतबरवा प्रखंड अंतर्गत शोहरी गांव में जानलेवा जानवर ने दो महिलाओं पर हमला कर घायल कर दिया। जिसमें बासमती देवी लगभग 45 वर्ष लीलावती देवी लगभग 50 वर्ष शामिल हैं। हल्ला सुनकर गांव के लोगों ने दौड़ कर इन दोनों महिलाओं को जान बचाई। बासमती देवी को माथा में एवं लीलावती देवी को पैर में काफी चोट है, इन दोनों का इलाज सदर अस्पताल में चल रहा है। शनिवार को पीड़ित महिला से मिलने भाकपा माले के नीलाम्बर पीताम्बर पुर एवं सतबरवा संयुक्त सचिव और अखिल भारतीय किसान महासभा के जिला सचिव कमेश सिंह चेरों ने सदर अस्पताल में जाकर मुलाकात किया ।उन्होंने कहा कि गांव के लोग जानवर की भय से रात भर सो नहीं रहे ,सरकारी पदाधिकारी एवं सरकार चैन के नींद सो रही हैं , यदि सोहरी गांव के लोगों को सुरक्षा नहीं दिया गया तो भाकपा माले धारावाहिक आंदोलन चलाएंगी। लोगों को घर से निकलना मुश्किल हो गया है। वहीं पीड़ित परिवार ने बताया कि बकरी बांधा हुआ था उसी को देखने लोग निकले और अचानक बासमती देवी के माथे पर हमला कर दिया उन्हीं का हल्ला सुनकर लीलावती देवी दौड़े इसके बाद उन पर हमला कर दिया।

### सरस्वती शिशु विद्या मंदिर जपला में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन

## छात्र-छात्राओं के समग्र विकास के लिए अभिभावकों का सहयोग जरूरी : प्रधानाचार्य

आजाद सिपाही संवाददाता

**हुसैनाबाद।** विद्या विकास समिति, झारखंड द्वारा संचालित सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, जपला में अभिभावक गोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत विद्यालय प्रबंधकारणी समिति के अध्यक्ष शिवप्रसाद मेहता, कोषाध्यक्ष सतीश सिंह,प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे,प्रभारी प्रधानाचार्य अखिलेश विश्वकर्मा ने संयुक्त रूप से मां सरस्वती एवं भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्पार्चन कर किया ।कार्यक्रम में मुख्य रूप से वार्षिक माध्यमिक परीक्षा-2023 में सम्मिलित होने वाले कक्षा-दशम के छात्र-छात्राओं के पठन-पाठन एवं उज्जवल भविष्य से संबंधित विभिन्न आयामों पर चर्चा हुई। इस दौरान छात्र- छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अभिभावकों ने अपने-अपने मंतव्य दिए। छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिए अनेक बिंदुओं पर चर्चा की गयी। इसमें शिक्षण, गृहकार्य, भोजन, नई तकनीकी, मोबाइल का प्रयोग, अनुशासन, उपस्थिति और वेश मुख्य बिंदु रहे ।सभी अभिभावक विद्यालय के व्यवस्था से संतुष्ट नजर आये। अभिभावकों द्वारा विद्यालय के हित में अनेक सुझाव दिए गए ।प्रधानाचार्य कृष्णकांत दूबे ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा ही व्यक्ति के चरित्र उसके व्यक्तित्व को निखारती है। आज अपने बच्चों की सजगता ही उनके कल को सुनहरा बनाएंगी। दुनिया को बदलने की तमन्ना हो तो सबसे पहले अपने आप को बदलना होगा। परीक्षा में नकल करने से बचना तथा कठिन परिश्रम कर आगामी बोर्ड परीक्षा में अच्छे अंक प्राप्त करने पर विशेष बल दिया ।अध्यापक ही बच्चों में संस्कार डालते हैं, लेकिन घर में अभिभावक बच्चों के होमवर्क पर ध्यान दे तो उसे आगे बढ़ने में कोई परेशानी नहीं होगी। बच्चों से मित्र बनकर अभिभावक उनकी समस्याओं को समझे ।विद्यालय व अभिभावकों के बीच में समन्वय की बात करते हुए सभी का धन्यवाद किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में राजेश्वर सिंह यादव, रंजीत मिश्र, राजकुमार सिंह, हर्षदा चौबे, दीप्ति सिन्हा,दीपक पाण्डेय, सुनील कुमार, मृत्युंजय प्रसाद, हरिमोहन पाठक, कमलेश्वर सिंह, प्रचार- प्रसार प्रमुख अभिषेक पाठक सहित सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं का महत्वपूर्ण योगदान रहा।



## स्पोर्ट्स



**रवींद्र जडेजा पर लगा मैच फीस का 25 प्रतिशत जुमार्ना**

# भारत ने पहले टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया को पारी और 132 रन से हराया

**नागपुर।** भारत ने बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के तहत यहां के विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम में खेले जा रहे पहले टेस्ट मैच के तीसरे ही दिन ऑस्ट्रेलिया को एक पारी और 132 रन से हराकर चार मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त हासिल कर ली है। इस मैच में ऑस्ट्रेलियाई टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 177 रनों पर सिमट गई। जिसके जवाब में भारत ने अपनी पहली पारी में 400 रन बनाए और पहली पारी के आधार पर 223 रनों की बढ़त हासिल की। ऑस्ट्रेलियाई टीम दूसरी पारी में मात्र 91 रनों पर सिमट गई और मैच एक पारी और 132 रनों से हार गयी।

**दूसरी पारी में 91 रनों पर सिमटी ऑस्ट्रेलियाई टीम, अश्विन ने लिए 5 विकेट**

दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाजों का प्रदर्शन पहली पारी जैसा ही रहा। दूसरी पारी में अनुभवी ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन ने ऑस्ट्रेलिया की शुरूआत बिगाड़ दी और 52 रन पहुंचते-पहुंचते उन्होंने उस्मान ख्वाजा (05), डेविड वॉर्नर (10), मैट रेनशॉ (02) और पीटर हैंड्सकॉम्ब (06) पवेलियन भेज दिया, जबकि जडेजा ने मार्नस लाबुशेन (17) को अपना शिकार बनाया। 64 के कुल स्कोर पर अश्विन ने एलेक्स कैरी (10) को आउट कर मैच में अपना पांचवां विकेट लिया। जडेजा ने पैट कमिंस (01) को आउट कर भारत को सातवीं सफलता दिलाई। अक्षर ने 75 के कुल स्कोर पर टॉड मर्फी (02) को आउट कर भारत को आठवीं सफलता दिलाई। 88 के कुल स्कोर पर मोहम्मद शमी ने नाथन लियोन (08) को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलिया को नौवां झटका दिया। 91 के कुल स्कोर पर मोहम्मद शमी ने स्कॉट बोलैंड को बोल्ड कर ऑस्ट्रेलियाई पारी का अंत किया और भारत को एक पारी और 132 रनों से जीत दिला दी। दूसरी पारी में ऑस्ट्रेलिया के लिए स्टीव स्मिथ ने सबसे ज्यादा रन बनाए। वह 25 रन बनाकर नाबाद रहे।



**भारत ने पहली पारी में बनाए 400 रन, रोहित शर्मा ने लगाया शतक**

इससे पहले भारतीय टीम ने अपनी पहली पारी में 400 रन बनाए। भारत के लिए कप्तान रोहित शर्मा ने शानदार शतकीय पारी खेलते हुए 120 रन बनाए। जबकि रवीन्द्र जडेजा और अक्षर पटेल ने बेहतरीन अर्धशतक लगाए। जडेजा ने 60 और अक्षर ने 84 रन बनाए। इन दोनों के अलावा मोहम्मद शमी ने भी महत्वपूर्ण 37 रनों की पारी खेली। भारत को पहली पारी के आधार पर 223 रनों की बढ़त मिली। ऑस्ट्रेलिया ने अपनी पहली पारी में 177 रन बनाए थे।

### भाजपा कार्यकर्ताओं ने मनाया पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जयंती समारोह



**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही) ।** हुसैनाबाद नगर मंडल व उरद्वार मंडल के भारतीय जनता पार्टी के कार्यकर्ताओं ने भारतीय जनसंघ के संस्थापक, एकात्म मानववाद के प्रणेता कार्यकर्ताओं व नेताओं के लिए प्रेरणाश्रोत पंडित दीनदयाल उपाध्याय को जयंती के मौके पर याद किया। उनके तैल चित्र पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि अर्पित किया ।नगर मंडल में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष अजय प्रसाद गुप्ता ने की जबकि उरद्वार मंडल कार्यक्रम की अध्यक्षता मंडल अध्यक्ष रामराज मेहता ने किया ।मौके पर बीजेपी के वरीय नेताओ व कार्यकताओं ने उनके द्वारा स्थापित आदर्शों की चर्चा करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल के सपनों का भारत अब तैयार हो गया है तथा ताकतवर बनकर विश्व में खड़ा है। उन्होंने कहा कि पंडितजी का सपना था एकात्म मानववाद, एक भारत अखंड भारत। वे कहा करते थे कि जब तक देश में निचले पायदान का आदमी सामान्य व्यक्तियों की तरह नहीं हो जाता है तब तक कार्य करते रहना है। उन्हीं के सपनों पर आधारित केंद्र की सरकार ने सुविधा विहीन वंचितों को उठाने के लिए कई कार्यक्रम अंत्योदय, उज्ज्वला योजना, हर घर बिजली, हर घर शौचालय, बैंकिग व्यवस्था से सभी परिवारों को जोड़ना, स्वास्थ्य के लिए हर गरीब परिवार को आयुष्मान भारत से जोड़ना व आवास उपलब्ध कराना जैसे कार्यक्रमों को चलाया है। प्रधानमंत्री मोदी जी की नेतृत्व वाली सरकार ने 70 सालों से असंभव दिख रहे जम्मू कशमीर की 370 धारा तथा अनुच्छेद 35ए को हटाकर एक भारत तथा अखंड भारत का उनका सपना पूरा किया है ।मौके पर मुख्य रूप से भाजपा के वरिष्ठ नेता रामप्रवेश सिंह, जिला मंत्री संतोष सिंह, सांसद प्रतिनिधि अखिलेश्वर मेहता, श्रवण अग्रवाल, जिला कार्यकारिणी सदस्य अविनाश कश्यप, राजीव ठाकुर, उदय विश्वकर्मा, सुशील सिंह, मनीष कश्यप, सुनील गुप्ता, पप्पू कुमार समेत कई अन्य भाजपा कार्यकर्ता मौजुद थे ।

### भगवान शिव की 12 ज्योतिर्लिंगम दर्शन के लिए सजायी गयी झांकियां






**हरिहरगंज/पलामू (आजाद सिपाही)।** प्रखण्ड क्षेत्र के सेमरवार पंचायत अंतर्गत ढाब खुर्द में त्रिमूर्ती शिव जयंती महोत्सव के शुभ अवसर पर औरंगाबाद जिले के अंतर्गत प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के मुख्य संचालिका ब्रह्माकुमारी सबिता बहन की नेतृत्व में शनिवार को भगवान शिव की 12 ज्योतिर्लिंगम दर्शन झांकी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्घाटन ब्रह्माकुमारी सविता बहन, सुमन, बेब्बी, बबली, निकिता के अलावा राजद नेता कमलेश कुमार यादव,पंचायत के पूर्व मुखिया सुनील राम एवं दिनेश भईया एवं बहनों ने सोमनाथ, वैद्यनाथ, ओंकारेश्वर, नागेश्वर, मलिकार्जुन, ग्रिनेश्वर विश्वनाथ, केदारनाथ, त्रियंबकेश्वर, रामेश्वरम भीमाशंकर तथा महाकालेश्वर सहिंत 12 ज्योतिर्लिंगम दर्शन झांकी का फिता काटकर एवं दीप प्रज्वलित कर किया गया। मुख्य संचालिका सबिता बहन ने कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य बताया कि त्रिमूर्ति शिव की दर्शन करने के लिए भईया बहने देश के विभिन्न तीर्थ स्थलों पर जाते हैं ।उनके दर्शन के लिए ढाब खुर्द में 12 ज्योतिर्लिंगम दर्शन झांकी सजाई गई है जो दो दिनों तक चलेगा ।उन्होंने कहा कि भगवान शिव स्वयं में महाकाल हैं। जिनका काल भी कुछ बिगाड़ नहीं सकता, जिनके दर्शन मात्र से मोक्ष प्राप्ति होती है। भारत में अलग-अलग जगहों पर उनके 12 ज्योतिर्लिंग स्थापित हैं, जिनके दर्शनों से लोगों की मनोकामनाएं पूरी होती हैं ।इस दौरान कार्यक्रम का संचालन करण भाईया ने की ।सहयोगी में प्रतिमा, उपेन्द्र कुमार यादव, गिरजा प्रसाद यादव,सतीश, शम्भू,संतोष आदि भईया एवं बहनों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में लगे हैं।

### रक्तदान को लेकर लोग हो रहे जागरूक : धीरज मिश्रा



**मेदिनीनगर (आजाद सिपाही)।** वनंजा आरोग्य केंद्र में भर्ती रेड़मा डालटनगंज निवासी शांति देवी को ओ पॉजिटिव रक्त की आवश्यकता की जानकारी मिलने पर सामाजिक कार्यकर्ता सह सहायक अध्यापक धीरज मिश्रा के आग्रह पर रोहित सिंह ने सदर अस्पताल स्थित बल्ड बैंक में रक्तदान किया। मालूम हो कि डां अरुण शुक्ला के क्लिनिक में भर्ती रेड़मा डालटनगंज निवासी महिला मरीज शांति देवी को ऑपरेशन के लिए ओ पॉजिटिव बल्ड उपलब्ध नहीं हो पाने पर महिला के परिजन द्वारा पलामू प्रमंडल में रक्तदान को लेकर जागरूकता अभियान चला रहे सामाजिक कार्यकर्ता धीरज मिश्रा से संपर्क कर महिला मरीज को रक्त उपलब्ध कराने का आग्रह किया गया। तत्पश्चात सामाजिक संस्था इंसानियत का रिश्ता के संचालक धीरज मिश्रा ने हिंदू बजरंगी सेना के सक्रिय सदस्य आबादगंज निवासी रोहित सिंह से रक्तदान करवा कर मरीज को रक्त उपलब्ध कराया। धीरज मिश्रा ने रक्तदाता रोहित सिंह का आभार प्रकट करते हुए कहा कि रक्तदान जीवनदान के समान है ।रक्तदान पुण्य का कार्य है। रक्तदान महादान को लेकर जागरूकता अभियान चलाकर लोगों को जागरूक करने के परिणाम स्वरुप, अब लोग जागरूक होकर रक्तदान करने की एक अपील लोगों की जान बचाने का सराहनीय कार्य कर रहे हैं ।श्री मिश्रा ने कहा कि अक्सर मामलों में रक्त के जरूरत मंद मरीजों के परिजनों द्वारा अपना रक्तदान नही कर अन्य लोगों से रक्त दान करने का आग्रह किया जाता है ।रक्त के जरूरतमंद मरीजों के परिजनों को भी रक्तदान करना चाहिए। बल्ड बैंक में रक्त समुह की मात्रा की कमी न हो इसके लिए श्री मिश्रा ने सभी निजी, सरकारी एवं स्वयंसेवी संस्थाओं से रक्तदान शिविर का आयोजन करने का अपील किया है।

### जांच के क्रम में औषधि निरीक्षक के साथ धक्का मुक्की, मामला दर्ज




**हुसैनाबाद (आजाद सिपाही)।** पलामू औषधि निरीक्षक के साथ सरकारी कार्यो में बाधा उत्पन्न व धक्का मुक्की करने का मामला प्रकाश में आया है ।इस संबंध में औषधि निरीक्षक अमरेश कुमार ने हुसैनाबाद थाना में प्राथमिकी दर्ज कराई है। दर्ज प्राथमिकी में कहा है की राज्य औषधि नियंत्रण निदेशालय नामकुम राँची के पत्रांक संख्या 190 (डी) के आलोक में एक टीम गठित कर पुलिस बल के उपस्थिति में हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के बड़ेपुर गांव निवासी अखिलेश्वर सिंह के घर का निरीक्षण किया, निरीक्षण के दौरान दो कमरों में औषधियां पायी गई,इन औषधियों का कागजात व क्रय विक्रय अभिलेख एवं औषधि अनुज्ञप्ति मांगे जाने पर कोई कागजात उनके द्वारा प्रस्तुत नहीं किया गया ।नियमानुसार प्रपत्र 16 में औषधियों की जब्ती सूची बनाने के क्रम में अखिलेश्वर सिंह व उसके पुत्र व गाँव के कुछ लोग हो हंगामा करने लगे और धक्का मुक्की कर जब्त औषधियों को लाने नहीं दिया। इस संबंध में हुसैनाबाद पुलिस निरीक्षक सह थाना प्रभारी जगन्नाथ धान ने बताया की औषधि निरीक्षक के लिखित शिकायत पर प्राथमिकी दर्ज करवाई शुरू कर दी गई है ।मौके पर औषधि निरीक्षक लातेहार कैलाश मुंडा,चिकित्सक उदय सिंह,हुसैनाबाद थाना के एसआई जिम्मी हासदा समेत पुलिस के जवान शामिल थे।

## शांति समृद्धि, प्रेम और सौहार्द पाने का सबसे अच्छा मंच है लोक अदालतः प्रधान जिला जज

# धनबाद में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में की गयी 107.26 करोड़ के राजस्व की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता

**धनबाद।** नालसा के निर्देश पर धनबाद जिले में आयोजित साल 2023 के पहले राष्ट्रीय लोक अदालत का उद्घाटन शनिवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह डालसा के चेयरमैन राम शर्मा ने किया। उन्होंने कहा कि हमारा संविधान सभी को सामाजीक, आर्थिक एवं सुलभ न्याय की गारंटी देता है। राष्ट्रीय लोक अदालत संविधान की परिकल्पना को पूरी करने की दिशा में एक कदम है। प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने कहा कि लोक अदालत में महीनों कोर्ट के चक्कर लगाने और पैसे की बर्बादी से बचा जा सकता है। इससे मानसिक शांति मिलने के साथ ही आपस में प्रेम और सौहार्द फिर से बन जाता है। लोगों में प्रेम, शांति, समृद्धि और समरसता बनी रहे यही इस लोक अदालत का मुख्य उद्देश्य है। वहीं, जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा ने कहा कि लोक अदालत के माध्यम से व्यापक पैमाने पर मुकदमों का निष्पादन किया जा रहा है। जिसमें समय की बचत के साथ ही वादकारियों को विभिन्न कानूनी पचड़ों से मुक्ति मिल रही है। वहीं, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह ने कहा कि लोक अदालत में विवादों का तत्काल निपटारा होता है। लोक अदालत ऐसा मंच है जहां तत्काल प्रभाव में मामलों का निष्पादन हो जाता है और विवाद आगे नहीं बढ़ पाता।

### 67 हजार 110 विवादों का हुआ निपटारा



राष्ट्रीय लोक अदालत में मामलों के निष्पादन को पहुंची लोगों की भारी भीड़।

मुकदमों के निपटारे के लिए प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आदेश पर 17 बेंच का गठन किया गया था है जिनके माध्यम से विभिन्न तरह के सुलहनीय विवादों का निपटारा किया गया। इस बाबत जानकारी देते हुए जिला एवं सत्र न्यायाधीश राम शर्मा ने बताया कि राष्ट्रीय लोक अदालत में 67 हजार 110 विवादों का निपटारा किया गया। इस दौरान कुल 107 करोड़ 26 लाख 19 हजार 650 रुपये के राजस्व की वसूली की गई। वहीं, अवर न्यायाधीश सह सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार निताशा बारला ने सभी वादकारी, न्यायिक पदाधिकारियों विभाग के अधिकारियों एवं अधिवक्ताओं का सहयोग के लिए आभार प्रकट किया।

#### लोक अदालत में ये रहे मौजूद

राष्ट्रीय लोक अदालत में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय तौफीकुल हसन, अपर प्रधान न्यायाधीश फैमिली कोर्ट प्रेमलता त्रिपाठी, जिला एवं सत्र न्यायाधीश रमेश कुमार श्रीवास्तव, राजकुमार मिश्रा, लेबर जज नीरज कुमार श्रीवास्तव, मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी संजय कुमार सिंह, अपर मुख्य न्यायिक दंडाधिकारी कुलदीप मान, अवर न्यायाधीश, राजीव त्रिपाठी, प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी पूनम कुमारी, प्रज्ञेश निगम, स्थाई लोक अदालत के चेयरमैन पियूष कुमार, शिवम चौरसिया, राकेश रोशन, अंकित कुमार सिंह न्यायिक दंडाधिकारी रेलवे, मनोज कुमार इंदवार न्यायिक दंडाधिकारी जेजेबी, पंचम कुमार सिन्हा, अमर प्रसाद नीलाम पत्र पदाधिकारी, शिप्रा डालसा के पैनल अधिवक्ता, तारक नाथ चौबे, रंजन सिन्हा, संतोष कुमार गुप्ता, हरि विश्वकर्मा, अभिजीत कुमार साधू, नीरज कुमार सिन्हा, चिरंजीत प्रमाणिक, करूणा सिन्हा, सोनिया कुमारी, सुभाष चंद्रा, पंचानन सिंह, एके सिंह, डालसा सहायक, सौरव सरकार, अरुण कुमार, संजय सिन्हा, हेमराज चौहान, राजेश कुमार सिंह, डीपेंटी गुप्ता, गीता कुमारी आदि उपस्थित थे।

## छात्र ने फांसी लगाकर की खुदकुशी



बोकारो थर्मल (आजाद सिपाही)। गोविंदपुर बी पंचायत स्थित जरवाबस्ति गांव में 19 वर्षीय एक छात्र ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली। मृतक की पहचान अभिजीत कुमार के रूप में हुई है। शनिवार की सुबह करीब आठ बडे उसका शव घर के कमरे में फंदे से लटकता पाया गया। इसकी सूचना मिलने के बाद बोकारो थर्मल पुलिस मौके पर पहुंची और शव का पंचनामा करने के बाद पोस्टमार्टम के लिए तेनुघाट अनुमंडलीय अस्पताल भजे दिया। साथ ही मामले की जांच व घटना के पीछे कारणों का पता लगाने में जुट गई है। वहीं, मृतक के पिता मनोज प्रसाद मौसम विभाग में काम करते हैं। उन्होंने बताया कि उसका बेटा डीवीसी जमा दो उच्च विद्यालय में कक्षा 12वीं का छात्र था। शनिवार की सुबह सात बजे लालचौक स्थित डीवीसी के टाइप 2 आवास जो मौसम विभाग के नाम पर आवंटित हैं। वहां से वह अपने घर जरवाबस्ति गया था। वहीं उसने फांसी लगा ली। जिसकी सूचना मुझे उसके दोस्तों ने दिया जो घटना के बाद मेरे पुत्र से मिलने घर आए थे। घटना के वक्त वह कमरे में अकेला था। हम सभी लोग लालचौक समीप टाइप क्वाटर में ही थे। मृतक की तीन बहन और दो भाई भी है। वह सभी बहनों से छोटा था।

## चिरकुंडा में चोरों का आतंक, एक और दुकान में चोरी

चिरकुंडा (आजाद सिपाही)। मैथन एरिया नंबर चार में शुक्रवार की रात चार दुकानों में चोरी होने की प्रकाश में आई है। पर मैथन पुलिस के पास इसका कोई सटिक जवाब नहीं है। पुलिस यह कह कर पल्ला झाड़ ले रही है कि मामले का जल्द ही उद्भेदन कर लिया जायेगा। इसी कड़ी में मैथन एरिया चार में मनोज कुमार के राशन दुकान में अज्ञात चोरों ने छत का एस्बेस्टस तोड़कर चार हजार रुपया नगद और 16 हजार रुपये की सामग्री चोरी कर ली गई। वारदात के दूसरे दिन दुकान खोलने पर दुकान में चोरी होने का पता चला। मैथन पुलिस को दुकानदार ने लिखित सूचना दी है। बतातें चलें कि इससे पहले शिवजी पान दुकान में एस्बेस्टस की छत तोड़कर, मानव डे की मोबाइल दुकान में दो-दो बार छत तोड़कर, जबकि जूता दूकान में भी छत तोड़कर चोरी की जा चुकी है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या 43/2022-23

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :- | दिनांक 20.02.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | | दिनांक 21.02.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | :- | दिनांक 21.02.2023 को 3.30 बजे अपराहन में। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 8 | कार्य मद | :- | SCA मद |
| 9 | कार्यो का विस्तृत विवरण | :- | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | घाघरा | Colour Painting of Boundary wall & gate of JBVNL Power Grid, Dodang Under Block- Ghaghra District- Gumla. (SCA) | 4,00,000.00 | 8,000.00 | 750.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें:- 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।

2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।

3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
जो निम्न है:- 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।

2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।

3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

4. निविदा की विस्तृत शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 289969 (Rural Development)22-23*D

### महत्वपूर्ण न्यूज

## खान निरीक्षक ने जब्त किया अवैध कोयला लदा ट्रक व ट्रैक्टर, दो गिरफ्तार





महुदा (आजाद सिपाही)। जिला खनन निरीक्षक राहुल कुमार ने गुप्त सूचना के आधार पर शनिवार को महुदा थाना क्षेत्र के लोहापट्टी मोड़ से अवैध कोयला लदे ट्रक संख्या डब्लूबी 37डी 0191 एवं अवैध बालू लदे बिना नंबर के ट्रैक्टर को पकड़ा। खनन निरीक्षक ने त्वरित कार्रवाई करते हुए उक्त दोनो वाहन सहित चालकों को महुदा थाना को सुपुर्द कर दिया। उन्होंने आगे की कार्रवाई करते हुए खान एवं खनिज अधिनियम के तहत मामला दर्ज कराया,जिसके बाद पुलिस ने दोनों ही वाहन चालकों उपेंद्र यादव एवं प्रकाश कुमार महतो को जेल भेज दिया।

## सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास की मांग को लेकर ग्रामीणों ने आउटसोर्सिंग कंपनी का काम रोका



तेतुलमारी/कतरास (आजाद सिपाही)। सुरक्षित स्थान पर पुनर्वास की मांग को लेकर पांडेडीह छह नंबर बस्ती के ग्रामीणों ने शनिवार को वेस्ट मोदीडीह में कार्यरत आउटसोर्सिंग कंपनी का चक्का जाम कर दिया। ग्रामीणों का कहना था कि हम लोगों के बस्ती के बगल मे आउटसोर्सिंग कंपनी का खनन कार्य चल रहा है जिससे हम लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। हैवी ब्लास्टिंग के दौरान बड़े-बड़े धूलकण आकर हमारे घरों को नुकसान पहुंचाते है। धूल के कारण तरह-तरह की बीमारी फैल रही है। इसलिए प्रबंधन हमलोगों को यहां से शीघ्र दूसरे स्थान पर बसाये अन्यथा काम नहीं चलने देंगे। उधर, मामला बढ़ता देख करीब आधा घंटा के बाद पीओ संजय चौधरी ने मौके पर पहुंचे और प्रदर्शनकारियों से वार्ता की। साथ ही एक वर्ष के भीतर सुरक्षित जगह पर पुनर्वास कराने का आश्वासन दिया। तब जाकर मामला शांत हुआ और मशीनों का परिचालन शुरू हुआ। इस मौके पर अजीत यादव, लिखेंद्र पासवान, कामता नोनिया, सुड्डू रवानी, रेखा देवी, बिनोद चौहान, गुड्डू चौहान, रधीया देवी, मामा देवी, कविता देवी, सुनिता देवी, बिरनी देवी और रेखा देवी आदि मौजूद थे।

## आजसू के जिलाध्यक्ष मंटू महतो को मातृ शोक



लोयाबाद (आजाद सिपाही)। आजसू जिलाध्यक्ष मंटू महतो की मां बासुनी देवी (72) का शनिवार की सुबह निधन हो गया। एकड़ा स्थित अपने आवास पर सुबह आठ बजे उन्होंने अंतिम सांस ली। वे लंबे समय से बीमार चल रही थी। अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गई है। उधर, उनके निधन की खबर सुनकर क्षेत्र के गणमान्य लोग मंटू महतो के आवास पहुंचे और शोक प्रकट किया। बाद में शव को अंतिम संस्कार के लिए तेलमच्चो ले जाया गया। इस दौरान शोक व्यक्त करने वालों में चंदनकियारी के पूर्व विधायक उमाकांत रजक, कांग्रेस नेता असलम मंसूरी, राजकुमार महतो, मुस्लिम कमेटी के सदर इम्तियाज अहमद, झामुमो के बाघमारा प्रखंड उपाध्यक्ष हरेन्द्र चौहान, मासस नेता मानस चटर्जी, जेपी पांडेय, बिजेंद्र पासवान, भाजपा नेता मनोज मुखिया, कारू गुप्ता, शंकर केसरी, छाताटांड चेंबर के राजेश गुप्ता, निर्वतमान पार्षद महावीर पासी, विजय महतो, भुटका यादव, नागेश्वर यादव आदि शामिल थे।

## एनएसयूआइ ने कतरास कॉलेज में किया नवनियुक्त शिक्षक का स्वागत

बाघमारा/कतरास (आजाद सिपाही)। कतरास कॉलेज में अर्थशास्त्र के नवनियुक्त शिक्षक डॉ बीरेंद्र कुमार का एनएसयूआई सदस्यों ने गुलदस्ता देकर स्वागत किया। साथ ही कक्षा संचालन को लेकर बातचीत की। कतरास कॉलेज अध्यक्ष सिंकू खान ने कहा कि कतरास कॉलेज में शिक्षकों की कमी रहने पर एनएसयूआई ने काफी समय पहले शिक्षक की मांग की थी। बता दें कि डॉक्टर बीरेंद्र कुमार पहले आरएसपी कॉलेज में कार्यरत थे। उनका कतरास कॉलेज में तबादला किया गया है। इस मौके पर एनएसयूआई के जिला सचिव आकाश प्रमाणिक, सोशल मीडिया प्रभारी रवि शर्मा, कॉलेज उपाध्यक्ष नीतीश सैनी, शाहिल खान, कॉलेज के महाचिव तारिक अनवर, शोहेब अली, चितरंजन कुमार, पियूष मंडल, नीरज सिंह आदि उपस्थित थे।

## तेनुघाट में आयोजित राष्ट्रीय लोक अदालत में 1085 लंबित मामलों का निष्पादन, 10.38 करोड़ के राजस्व की वसूली

आजाद सिपाही संवाददाता



लोक अदालत का उद्घाटन करते जिला जज प्रथम राजेश सिन्हा व अन्य।

**तेनुघाट।** सुप्रीम कोर्ट, झारखंड हाई कोर्ट और प्रधान जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश बोकारो रंजना अस्थाना के निर्देश पर तेनुघाट व्यवहार न्यायालय में शनिवार को राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन किया गया। जिसमें प्री लिटिगेशन के 35,647, जबकि 1085 लंबित मामलों का निष्पादन किया गया। साथ ही करीब 10 करोड़, 58 लाख रुपये की समझौता राशि वसूली गई। अपने संबोधन में जिला जज प्रथम राजेश कुमार सिन्हा ने कहा कि लोक अदालत एक सुलभ न्याय की प्रक्रिया है। इसमें समय, ऊर्जा और पैसों की बचत होती है। उन्होंने कहा कि लोक अदालत में निष्पादन के मामलों कि कोई अपील नहीं होती है। वर्तमान में देशभर में लोक अदालत एक त्योहार के रूप में मनाया जाता है। लोक अदालत में समाप्त होने वाले मामलों में दोनों पक्षों की जीत होती है, कोई हारता नहीं है। वहीं, जिला जज द्वितीय अनिल कुमार ने कहा कि लोक अदालत के मामले में निष्पादन के बाद दोनों पक्षों के बीच आपसी सौहार्द हो जाता है। सभी को इसका लाभ उठाना चाहिए। बतातें चलें कि राष्ट्रीय लोक अदालत के लिए 8 बेंच का गठन किया गया था। जिसके प्रथम बेंच पर कुटुंब न्यायालय राजीव रंजन एवं अधिवक्ता शैलेश कुमार सिन्हा, दूसरे बेंच पर जिला जज प्रथम राजेश सिन्हा एवं अधिवक्ता चेतना नंद प्रसाद, तीसरे बेंच में जिला जज द्वितीय अनिल कुमार एवं अधिवक्ता मो सब्बीर, चौथे बेंच पर एसीजेएम विशाल गौरव एवं अधिवक्ता उमेश प्रसाद, पांचवे बेंच पर सब जज दितिय राजेश रंजन कुमार एवं अधिवक्ता नरेश चंद्र ठाकुर, छठे बेंच पर एसडीजेएम दीपक कुमार साहू एवं अधिवक्ता देव दत्त तिवारी, सातवे बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायायिक दंडाधिकारी स्वेता सोनी एवं अधिवक्ता इम्तियाज आलम तथा आठवें बेंच पर प्रथम श्रेणी न्यायिक दंडाधिकारी रूपम स्मृति टोपनो एवं अधिवक्ता मो कल्याणी मौजूद थे। इससे पूर्व राष्ट्रीय लोक अदालत का विधिवत उद्घघाटन कुटुंब न्यायालय राजीव रंजन, जिला जज प्रथम राजेश सिन्हा, जिला जज द्वितीय अनिल कुमार, एसीजेएम विशाल गौरव, सब जज द्वितीय राजेश रंजन कुमार आदि ने संयुक्त रूप से किया।

## आंखों की ज्योति लौटाना पुण्य का कार्यः एमके राव

आजाद सिपाही संवाददाता

**करगली/बेरमो।** सीसीएल बीएंडके क्षेत्र के क्षेत्रीय अस्पताल करगली में सीएसआर मद से निःशुल्क मोतियाबिंद ऑपरेशन एवं लेंस प्रत्यारोरण शिविर का आयोजन किया गया, जिसका उद्घाटन जीएम एमके रॉव, एसओपी राजीव कुमार, सीएसआर अधिकारी निखिल अखोरी, अस्पताल के सीएमओ डॉ एसके भारतीय, यूनियन नेता गजेंद्र प्रसाद सिंह, ओमप्रकाश सिंह उर्फ टीनु सिंह आदि ने संयुक्त रूप से किया। जीएम ने बताया कि शिविर में डॉ संजय कुमार सिन्हा ने 138 मरीजों के रक्त व यूरिन की जांच की। जांच में 53 मरीजों में मोतियाबिंद के लक्षण पाए गये। जिसका ऑपरेशन किया जा रहा है। इस दौरान मरीजों को सारी सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएगी। चश्मा व दवा भी निःशुल्क दी जाएगी। उन्होंने बताया कि शुक्रवार को मरीजों को अस्पताल में जांच कर भर्ती किया गया और शनिवार और रविवार को ऑपरेशन किया जा रहा है। साथ ही जीएम ने अस्पताल में घुमकर सभी वार्डो की व्यवस्थाएं देखी और ऑपरेशन के बाद वार्ड में भर्ती मरीजों से मिलकर उनकी स्वास्थ्य की जानकारी ली। कहा कि किसी की आंखों की ज्योति लौटाना पुण्य का काम है। इस मौके पर डॉ संतोष कुमार, डॉ एए कुजूर, डॉ रशिम, सिनियर मैनेजर पर्सनल कुमारी माला, उमा शंकर महतो, ओटी असिस्टेंट मुकेश कुमार रवि, चंद्रदीप कुमार, विनिता प्रसाद, धनेश्वर महतो, नागेश्वर भारती, जितेंद्र राम, सुरेश राम, मो कलामुदीन, सुनिता देवी, किरण देवी और लखिया आदि मौजूद थे।

### भाजपाइयों ने समर्पण दिवस के रूप में मनायी पं दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि

## पं दीनदयाल हम सभी के प्रेरणास्रोत : रागिनी सिंह

आजाद सिपाही संवाददाता



पंडित दीनदयाल उपाध्याय की तस्वीर पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि देती रागिनी सिंह व अन्य।

**झरिया।** झरिया मेन रोड फतेहपुर स्थित भाजपा कार्यालय में शनिवार की शाम नेताओं-कार्यकर्ताओं ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की पुण्यतिथि समर्पण दिवस के रूप में मनाई। सबसे पहले उनके चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उसके बाद भाजपा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य रागिनी सिंह ने पंडित उपाध्याय के जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला। साथ ही उनके बताए मार्ग पर चलकर देश हित में कार्य करने के लिए सभी को प्रेरित किया। भाजपा नेत्री रागिनी सिंह ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय बहुआयामी व्यक्तित्व के धनी थे। वे महान शिक्षाविद, राजनीतिज्ञ, वक्ता, लेखक, चिंतक, साहित्यकार और भारतीय समाज के एक बड़े समाजसेवक थे। बेहद गरीब परिवार में जन्मे पंडित दीनदयाल उपाध्याय का जीवन संघर्षों में बीता, लेकिन कठिन परिस्थितियों में भी वह कभी विचलित नहीं हुए। उनकी प्रतिभा से प्रभावित होकर डॉ श्यामा प्रसाद मुखर्जी ने कहा था कि अगर भारत के पास दो दीनदयाल होते तो भारत का राजनीतिक परिदृश्य ही अलग होता। एकात्म मानववाद के प्रणेता पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने कहा था कि राष्ट्रवाद हमारी प्रेरणा है। सुशासन और विकास से अंत्योदय हमारा लक्ष्य। कार्यक्रम में झरिया नगर अध्यक्ष अरुण साव, श्याम सुंदर, राजकुमार अग्रवाल, शिबू अग्रवाल, संजू वर्मा और सुनील साव आदि मौजूद रहे।

ऊर्जा विभाग, झारखण्ड सरकार, विद्युत कार्यपालक अभियन्ता
विद्युत कार्य प्रमण्डल, इंजीनियरिंग हॉस्टल नं0-2 धुर्वा, रॉंची।

अति अल्पकालीन ई-प्रोक्योरमेंट सूचना

ई-निविदा प्रसंग सं0- Energy/EWD/Ranchi/88/2022-23

| 1. | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रूपये में) | परिमाण विपत्र का मूल्य | अग्रधन की राशि | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| I | रामगढ़ स्थित समाहरणालय के 'ए' ब्लॉक में विधुत अधिष्ठापन के वार्षिक मरम्मति का कार्य। | 11,03,663.00 | 2,500=00 | 23,000=00 | 14 दिन |
| II | दीनदयाल नगर राँची स्थित पदाधिकारियों के आवास संख्या- D-1, D-2, D-5, D-6, D-8, D-17, D-20, D-13 और D-15 के विधुत अधिष्ठापन के विशेष मरम्मति का कार्य। | 16,10,448.00 | 5,000=00 | 33,000=00 | 14 दिन |
| III | चतरा स्थित प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के आवासीय परिसर में आन्तरिक एवं बाहय विधुत अधिष्ठापन का कार्य। | 16,44,738=00 | 5,000=00 | 33,000=00 | 14 दिन |
| 2. | वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि | 15.02.2023 | | | |
| 3. | निविदा जमा करने की तिथि | 16.02.2023 के 10.30 बजे अपराह्न से 21.02.2023 के 2.00 बजे अपराह्न तक | | | |
| 4. | निविदा खोलने की तिथि | 22.02.2023 को 3.00 बजे अपराह्न में | | | |
| 5. | निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 6. | निविदा खोलने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता | विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची। | | | |
| 7. | ई प्रोक्युरमेन्ट प्रकोष्ट का फोन नं0 | 0651-2490069 | | | |

नोट :- निविदा से संबंधित विस्तृत जानकारी हेतु वेबसाईट http://jharkhandtenders.gov.in मे देखा जा सकता है।

PR.NO.290047 Energy(22-23):D

विद्युत कार्यपालक अभियन्ता, विद्युत कार्य प्रमण्डल, रॉंची।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला

अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना

संख्या 43/2022-23

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | विज्ञापन दाता का नाम | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 2 | परिमाण विपत्र बिक्री की तिथि | :- | दिनांक 20.02.2023 को 10.00 बजे पूर्वाहन से 03.00 बजे अपराहन तक। |
| 3 | निविदा प्राप्त करने की तिथि | :- | दिनांक 21.02.2023 को 3.00 बजे अपराहन तक। |
| 4 | निविदा खोलने की तिथि | :- | दिनांक 21.02.2023 को 3.30 बजे अपराहन में। |
| 5 | परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 6 | निविदा प्राप्त करने का स्थान | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 7 | निविदा खोलने का स्थान | :- | कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विषेष प्रमंडल, गुमला। |
| 8 | कार्य मद | :- | SCA मद |
| 9 | कार्यो का विस्तृत विवरण | :- | |

| ग्रुप सं0 | प्रखण्ड | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 1 | घाघरा | Colour Painting of Boundary wall & gate of JBVNL Power Grid, Dodang Under Block- Ghaghra District- Gumla. (SCA) | 4,00,000.00 | 8,000.00 | 750.00 | 03 माह |

निविदा की शर्तें:- 1. ग्रामीण विकास विभाग के समुचित श्रेणी के अधीन निबंधित संवेदक हीं इस निविदा में भाग ले सकते है एवं परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा।

2. परिमाण विपत्र का शुल्क परिमाण विपत्र में अंकित राशि के अनुसार आवेदन के साथ बैंक ड्राफ्ट के रूप में जो कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, गुमला के नाम पर होगा, एवं अदायगी पर (जो नहीं लौटाया जाएगा) परिमाण विपत्र निर्गत किया जाएगा। बैंक ड्राफ्ट निबंधित संवेदक के स्वयं के खाता द्वारा निर्गत हुआ होगा एवं बैंक ड्राफ्ट की वैद्यता निविदा की प्रकाशन की तिथि से तीन माह का होना अनिवार्य है।

3. निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर प्राक्कलित राशि का अतिरिक्त अग्रधन राशि का डाकघर पासबुक/बैंक द्वारा निर्गत फिक्स डिपोजिट निविदा के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
जो निम्न है:- 1. 10 से 20 प्रतिशत कम दर तक की राशि का 20% तक।

2. 20% प्रतिशत से अधिक कम दर की राशि का 30% अतिरिक्त जमानत का देय होगा।

3 निविदा में 10% न्यूनतम दर से अधिक न्यूनतम दर उद्धृत दर करने पर संवेदक को कार्य करने का Justification का शपथ पत्र देना अनिवार्य होगा।

4. निविदा की विस्तृत शर्तें www.jharkhand.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पटट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता,
ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल,गुमला

PR 289969 (Rural Development)22-23*D

# नवीन जिंदल को एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड मिला

**जेएसपी के चीफ मार्केटिंग ऑफिसर एसके प्रधान ने ग्रहण किये ये सम्मान**




**आजाद सिपाही संवाददाता**

**नयी दिल्ली/भुरकुंडा।** जाने-माने इन्फ्रास्ट्रक्चर थिंकटैंक और इन्फ्रास्ट्रक्चर रिसर्च स्टडीज ट्रेनिंग संस्थान फर्स्ट कंस्ट्रक्शन काउंसिल ने जिंदल स्टील एंड पावर (जेएसपी) के चेयरमैन नवीन जिंदल को एंटरप्रेन्योर ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित किया है। इस संस्था ने जिंदल स्टील एंड पावर को लार्ज कैटेगरी में दूसरी सबसे तेजी से आगे बढ़ती स्टील कंपनी का अवार्ड और जिंदल पैंथर टीएमटी रिबार्स को सर्टिफिकेट ऑफ ऑथेंसिटी यानी विश्वसनीयता का प्रमाणपत्र भी प्रदान किया। दिल्ली में आयोजित फर्स्ट कंस्ट्रक्शन काउंसिल के छठे मेक इन स्टील फोरम में नवीन जिंदल और जेएसपी की ओर से चीफ मार्केटिंग ऑफिसर एसके प्रधान ने ये सम्मान ग्रहण किये। श्री प्रधान ने इस अवसर पर श्री जिंदल का संदेश पढ़ा।

श्री जिंदल ने अपने संदेश में कहा है कि जेएसपी राष्ट्र निर्माण के लिए समर्पित एक कंपनी है और हमारे लिए उत्पादों एवं सेवाओं की गुणवत्ता और सतत विकास सर्वोपरि है। सम्मान ग्रहण करने के बाद श्री प्रधान ने कहा कि जेएसपी सिर्फ स्टील ही नहीं, बल्कि इन्फ्रास्ट्रक्चर सेक्टर की अग्रणी कंपनी है, जो अंतरराष्ट्रीय गुणवत्ता वाली रेल से लेकर रिबार्स का निर्माण कर राष्ट्र के विकास में योगदान कर रही है। फर्स्ट कंस्ट्रक्शन काउंसिल के संस्थापक एवं निदेशक प्रताप पडोडे ने कहा कि नवीन जिंदल ने इस वर्ष स्टील सेक्टर में अनुकरणीय उपलब्धियां प्राप्त की हैं। उनके मार्गदर्शन में जेएसपी ने अपने प्रोडक्ट प्रोफाइल में अभूतपूर्व मूल्यवर्धन किया है और निर्माण एवं इन्फ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र के लिए आवश्यक लॉन्ग स्टील निर्माण के माध्यम से एक नयी ऊंचाई को छुआ है। इतना ही नहीं, जेएसपी आज पूरे स्टीलजगत को एक नयी दिशा दिखा रहा है। स्टील सेक्टर के प्रतिष्ठित इस सम्मान के निर्णायक मंडल में तकनीकी क्षेत्र की अनेक जानी-मानी हस्तियां हैं।

# राष्ट्रपति ने रमादेवी महिला विवि में अपने छात्र जीवन को याद किया

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू दो दिवसीय ओडिशा दौरे पर हैं। शुक्रवार शाम को रमादेवी महिला विश्वविद्यालय के दूसरे दीक्षांत समारोह में शामिल हुईं। उन्होंने उपस्थित छात्रों, शिक्षकों और कर्मचारियों को संबोधित किया और एक पुराने छात्र के रूप में यहां बिताये अपने पुराने दिनों को याद किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति ने मां रमादेवी को श्रद्धांजलि अर्पित की और विश्वविद्यालय के छात्रों को उनके उदाहरण से प्रेरित होने की सलाह दी। उत्कल के अन्य बरापुत्र को नमन किये। इस संस्थान के एक पुराने छात्र के रूप में उन्होंने बहुत खुशी और गर्व महसूस किया और उस समय के संकाय सदस्यों, बीणापानी महांती और शकुंतला बलीयार सिंह के नामों का उल्लेख किया और कहा कि उस समय के संकाय सदस्यों की शिक्षण पद्धति उनके लिए प्रेरणादायी थी।

राष्ट्रपति ने भारत की महान महिलाओं का उदाहरण देते हुए कहा कि महिलाओं ने साहित्य, संस्कृति, नृत्य, कला, अंतरिक्ष विज्ञान, राजनीति और शासन जैसे हर क्षेत्र में खुद को स्थापित किया है। इस मौके पर उन्होंने कस्तूरबा गांधी, मां सरला देवी से लेकर प्रतिभा राय, यामिनी कृष्णमूर्ति, कल्पना चावला, कल्पना दास, सोनाल मानसिंह जैसी कई प्रेरक महिलाओं का उदाहरण दिया, जिन्होंने उल्लेखनीय उपलब्धियां हासिल की हैं और देश के लिए योगदान दिया है।

राष्ट्रपति ने आगे कहा कि भारत सरकार और राज्य सरकार देश और प्रदेश के विकास के लिए हर तरह के काम कर रही है। हालांकि, उन्होंने सभी नागरिकों से कड़ी मेहनत करने और अपने कर्तव्यों को ठीक से निभाने का आह्वान किया। विश्वविद्यालय से स्नातक करने के बाद, उन्होंने छात्रों को विश्वविद्यालय जीवन में सफल होने के लिए अपनी ताकत और क्षमताओं में आत्म विश्वास रखने की सलाह दी। उन्होंने कहा कि देश पहले है और व्यक्ति आखिरी है, और अपने देश को सर्वश्रेष्ठ देखने के लिए उन्होंने कहा कि व्यक्ति को पहले दृढ़ संकल्प के साथ काम करना चाहिए। उन्होंने कहा कि 2047 तक भारत को एक समृद्ध राष्ट्र बनाने के लिए सभी के संयुक्त प्रयासों की आवश्यकता है। माननीय राष्ट्रपति ने व्यक्त किया कि नवीनतम तकनीक की मदद से विकास के क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए सभी को विज्ञान और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में सक्षम होना होगा। साथ ही उन्होंने वास्तविक प्रगति के लिए मानवीय मूल्यों को जीवन शैली और दैनिक योगाभ्यास का हिस्सा बनाने पर जोर दिया। कार्यक्रम में राज्यपाल एवं कुलपति प्रो गणेशी लाल, केन्द्रीय शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान, राज्य के उच्च शिक्षा मंत्री रोहित पुजारी, राज्य के सामाजिक सुरक्षा एवं विकलांग अधिकारिता, साधारण उद्योग, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री अशोक चंद्र पंडा मौजूद थे।

## कल कैबिनेट और मंत्रिपरिषद की बैठक

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** राज्य मंत्रिपरिषद और कैबिनेट की बैठक सोमवार को होगी। बैठक में मुख्यमंत्री नवीन पटनायक की अध्यक्षता में लोक सेवा भवन में अपराह्न को बैठक करने का निर्णय लिया गया है। इस बैठक में सबसे पहले राज्य कैबिनेट की बैठक होगी। इसमें लगभग दस प्रस्तावों पर मोहर लगेगा। इसी तरह इस बैठक में राज्य के बजट को मंजूरी दी जायेगी। बाद में मंत्रिपरिषद की बैठक में बजट को भी मंजूरी दी जायेगी। प्रदेश में इस महीने की 21 तारीख से बजट सत्र शुरू होगा। राज्य का बजट 24 फरवरी को पेश किया जायेगा। वित्त मंत्री निरंजन पुजारी बजट पेश करेंगे।

## पाइकमाल पीएचसी को सीएचसी में अपग्रेड किया

**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** बरगड जिले के पाईकमाल में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में अपग्रेड किया गया है। पाईकमाल क्षेत्र के लोगों की मांग शनिवार को पूरी हो गयी। इससे स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे में और सुधार होगा और बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध होंगी। अधिक डॉक्टरों और स्वास्थ्य कर्मियों की भर्ती की जायेगी। उन्नति की मांग कर रहे थे।

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

**ई-निविदा सूचना सं. एस.जी.664-19-टेली-2022-23**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्न कार्य हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती हैं: (1) **कार्य का नाम:** GHD मै-IPIS के साथ कोच गाइडेंस बोर्ड, TIB और ऑटो अनाउसमेंट सिस्टम का प्रावधान धनबाद मडंल के GHD स्टेशन पर करने हेतु। (2) **कार्य का आकलित मुल्य:** रू. 1,46,10,529.06, (3) **कार्य का अग्रधन राशि:** रू. 2,23,100.00, (4) **निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** 28.02.2023, (15:00 बजे)। (5) ऐसी ई-निविदाओं के तहत डाक/कुरियर/फैक्स या व्यक्तिगत रूप से भेजा गया कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जायेगा, भले ही यह फर्म के लेटर हेड एवं नियत समय पर प्राप्त किया गया हो। ऐसे सभी मैनुअल प्रस्ताव को अवैध माना जायेगा तथा उसके बारे में किसी विचार के बिना तत्काल निरस्त कर दिया जायेगा। उपरोक्त ई निविदा दस्तावेज सहित संपूर्ण जानकारी वेबसाइट http//www.ireps.gov.in पर उपलब्ध होंगे। द्रष्टव्य: प्रत्याशित निविदाकारों को यह सलाह दी जाती है कि इस ई निविदा के लिए जारी कोई भी परिवर्तन/शुद्दिपत्र की ओर ध्यान देने के लिए वे निविदा बंद होने की अंतिम तिथि से कम से कम दस दिन पहले वेबसाइट http//www.ireps.gov.in का अवलोकन करे।

**वरीय मंडल संकेत एवं दूर संचार अभियन्ता**
**पूर्व मध्य रेल/धनबाद**

पीआर/02092/डीएचएन/एसएण्डटी/टी/22-23/32

**पूर्व मध्य रेल**

**ई-निविदा सूचना**

भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के निष्पादन के लिये तकनीकी विशेषता, वित्तीय क्षमता एवं पर्याप्त अनुभव रखनेवाले ख्यातिलब्ध प्रतिष्ठानों/एजेंसियों/संवेदकों "टू पैकेट सिस्टम" पर ई-निविदायें आमंत्रित है।

i) **बिड संख्या एवं दिनांक:** GeM Bid No. GEM/2023/ B/3071391 **दिनांक 09/02/2023** ii) **कार्य का नाम, स्थान तथा समापन अवधि :** धनबाद डिपो से खुलने वाली ट्रेनों में धनबाद कोचिंग डिपो में कोचों की मशीनीकृत सफाई और धनबाद में टर्न-राउंड अनुरक्षित/प्लेटफार्म रिटर्न ट्रेनों की सफाई और धनबाद डिपो परिसर की दो (02) वर्षों की अवधि के लिए सफाई का कार्य। कार्य समापन अवधि:- 02 वर्ष, iii) **कार्य की अनुमानित लागत :** रू. 3,72,84,142.12 (तीन करोड़ बहत्तर लाख चौरासी हजार एक सौ बयालीस रूपये एवं बारह पैसे) मात्र। iv) बयाना राशि: रू. 3,36,500.00 (तीन लाख छत्तीस हजार पांच सौ रूपये) मात्र v) ई- निविदा बंद होने की तारीख एवं समय : तारीख 02.03.2023 को 16:00 बजे ई-निविदा खुलने की तारीख एवं समय : तारीख 02.03.2023 को 16:30 बजे vi) **प्री-बिड मिटिंग दिनांक एवं समय 15.02.2023-11:00 बजे :** प्री-बिड मिटिंग स्थान : वरीय मंडल यांत्रिक अभियंता (कोचिंग)/धनबाद मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय/पू.म.रे./धनबाद। vii) **वेबसाईट विवरण:** https://gem.gov.in ई-निविदा के तहद मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं की जाएगी।

**मंडल रेल प्रबंधक**
**पूर्व मध्य रेल, धनबाद**

पीआर/02102/डीएचएन/मेक/टी/22-23/40

## राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने विद्याधरपुर में भारतीय राइस कांग्रेस का उद्घाटन किया



**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कटक विद्याधरपुर में स्थित राष्ट्रीय राइस अनुसंधान संस्थान में दूसरी राइस कांग्रेस का उद्घाटन किया। एनआरआरआई पहुंचने पर राष्ट्रपति को स्वागत किया गया। राष्ट्रपति ने राइस कांग्रेस का उद्घाटन किया और देश-विदेश के कृषि वैज्ञानिकों को संबोधित किया। इस कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में राज्यपाल प्रो. गणेशी लाल, केंद्रीय कृषि मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर, माननीय बिशेस अतिथि एवं कृषि मंत्री रणेन्द्र प्रताप स्वाइं शामिल हुए थे। दूसरी भारतीय अनाज कांग्रेस का विषय अनाज अनुसंधान में परिवर्तनः साम्प्रदिक वैज्ञानिक विकास और वैश्विक खाद्य संकट है। 14 तारीख तक चलने वाले इस चार दिवसीय अंतरराष्ट्रीय कार्यक्रम में राष्ट्रीय खाद्य सुरक्षा, वैश्विक खाद्य संकट, बदलते मौसम में अनाज के उत्पादन में वृद्धि पर चर्चा की जायेगी।

## राजभवन में अभिषेक हॉल का उद्घाटन

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने शुक्रवार को राजभवन परिसर में ओडिशा के राज्यपाल प्रो गणेशी लाल और मुख्यमंत्री श्री नवीन पटनायक की उपस्थिति में नए अभिषेक हॉल का उद्घाटन किया। यह अभिषेक हॉल 47 हजार 390 वर्गफीट क्षेत्र में बनाया गया है। इस अत्याधुनिक अभिषेक हॉल के निर्माण में 25.23 करोड़ रुपये की लागत आयी है। इसके मुख्य सम्मेलन कक्ष में 900 मेहमानों के बैठने की क्षमता है जबकि 1,200 लोग खड़े हो सकते हैं। इसमें मुख्य सम्मेलन कक्ष और बैंक्वेट हॉल, 5 लाउंज, 4 प्रवेश और निकास द्वार हैं। इस अभिषेक हॉल में सभी आधुनिक सुविधाएं उपलब्ध हैं।

## राष्ट्रपति ने प्रभु लिंगराज को दर्शन किये

**भुवनेश्वर।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अपने परिवार के साथ शनिवार को सुबह प्रभु लिंगराज का दर्शन किया। वह करीब 40 मिनट तक मंदिर में रहे और पूजा-अर्चना की। उन्होंने मंदिर में जलाभिषेक और खीर अभिषेक भी किया। इतना ही नहीं, उन्होंने मंदिर के चारों ओर भ्रमण किया और सभी मंदिरों के दर्शन किये। मंदिर प्रशासन द्वारा राष्ट्रपति को मंदिर के इतिहास की जानकारी देने के लिए एक व्यक्ति नियुक्त किया गया था। इस दौरान उनके साथ खुर्दा जिला कलक्टर, मंदिर प्रशासन के प्रमुख सहित वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बाद में राष्ट्रपति को जिला प्रशासन की ओर से प्रभु लिंगराज का सूखा प्रसाद भेंट किया गया।

# एम्स भुवनेश्वर ने अपंग रोगी में सफल चौगुनी ज्वाइंट रिप्लेसमेंट सर्जरी की

**ओड़िशा में अपनी तरह का पहला दुनिया भर में दूसरा मामला**

**कार्यकारी निदेशक डॉ आशुतोष विश्वास ने टीम को बधाई दी**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**भुवनेश्वर।** अपनी उपलब्धि में एक और उपलब्धि जोड़ते हुए, एम्स भुवनेश्वर ने अपंग रोगी की चौगुनी संयुक्त प्रतिस्थापन सर्जरी का सफल आयोजन किया है। केंद्रपाड़ा जिले के औल ब्लॉक की एक 37 वर्षीय महिला को घुटने और कूल्हे के जोड़ों में गंभीर दर्द के साथ एम्स भुवनेश्वर में भर्ती कराया गया था। वह रूमेटाइड आर्थराइटिस से पीड़ित थी और कई दवाओं पर थी। दुर्भाग्य से, कूल्हों और घुटनों की गंभीर गठिया की वजह से वह अपंग हो गयी थी। उसे चारों जोड़ों की रिप्लेसमेंट सर्जरी की जरूरत थी। डॉक्टरों की एक टीम द्वारा रोगी का मूल्यांकन किया गया और एक ही सेटिंग में दोनों कूल्हे और घुटने के जोड़ों की सर्जरी की योजना बनायी गयी। एक सेटिंग में चार ज्वॉइंट रिप्लेसमेंट से मरीज और सर्जन को कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। पहले कूल्हों का प्रतिस्थापन किया गया और उसके बाद घुटनों का। तीन घंटे में सर्जरी पूरी की जा सकी। मरीज को दो दिनों तक आइसीयू में रखा गया और दर्द से पर्याप्त राहत प्रदान की गयी। उसने तीसरे दिन चलना शुरू किया और परिणामों से खुश थी। कुशल टीम प्रबंधन, कम उम्र और कोई अन्य बीमारी नहीं होने के कारण मरीज का सफलतापूर्वक ऑपरेशन किया जा सका। बीएसकेवाइ योजना के माध्यम से सरकार द्वारा प्रत्यारोपण और सर्जरी की लागत प्रदान की गयी थी। डॉ सुजीत कुमार त्रिपाठी और डॉ मंटू जैन प्रमुख आर्थोपेडिक सर्जन थे और एनेस्थीसिया टीम का नेतृत्व डॉ श्रीतम स्वरूप जेना कर रहे थे। इससे पहले एम्स दिल्ली से केवल एक मामला सामने आया था, जिसमें एक उड़िया रोगी का एक ही सेटिंग में सभी चार संयुक्त प्रतिस्थापन के साथ ऑपरेशन किया गया था। यह विश्व स्तर पर रिपोर्ट किया जाने वाला दूसरा मामला है और ओड़िशा में अपनी तरह का पहला मामला है, जहां सभी चार जोड़ों को एक ही सेटिंग में बदल दिया गया था। एम्स भुवनेश्वर के कार्यकारी निदेशक प्रोफेसर (डॉ) आशुतोष बिस्वास ने मरीज से मुलाकात कर उसके ठीक होने की प्रगति के बारे में पूछा। डॉ बिस्वास ने इस तरह के जटिल मामले के प्रबंधन और रोगी को गतिशीलता प्रदान करने के लिए टीम को बधाई दी। डॉ बिस्वास ने कहा कि इस तरह की सर्जरी दुर्लभ होती हैं और इन्हें अत्यधिक सावधानी के साथ किया जाना चाहिए। चिकित्सा अधीक्षक डॉ दिलीप परिदा ने भी डॉक्टरों को इस सफल उपलब्धि के लिए बधाई दी। ऐसे अपंग रोगी के लिए, एक सेटिंग में संयुक्त प्रतिस्थापनों पर विचार करना आवश्यक है, क्योंकि एक या दो संयुक्त प्रतिस्थापन रोगी को चलने नहीं दे सकते हैं। यह विशेषज्ञ हाथों और अच्छे सेटअप में संभव है।

## मुख्यमंत्री वायु स्वास्थ्य सेवा को लेकर एक मेडिकल टीम नबरंगपुर गयी



**भुवनेश्वर (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री वायु स्वास्थ्य सेवा योजना के तहत शनिवार को छह सदस्यीय मेडिकल टीम नबरंगपुर के लिए दौरा किया। वे नबरंगपुर में कुछ महत्वपूर्ण मरीजों का इलाज करेंगे। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण सचिव शालिनी पंडित ने कहा कि टीम वहां करीब 800 मरीजों के इलाज की उम्मीद है। वायु स्वास्थ्य सेवा की शुरूआत मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने पिछले साल की थी। इस सेवा के माध्यम से भुवनेश्वर से अच्छी मेडिकल टीमें आदिवासी जिलों में जाकर रोगियों का इलाज करेंगे।

























आजाद सिपाही की ओर से स्वत्वाधिकारी लैंडस्केप मीडिया प्रा. लि., प्रकाशक एवं मुद्रक हरिनारायण सिंह के लिए 176 कोकर चौक, ओल्ड एचबी रोड, रांची 834001 (झारखंड) से प्रकाशित तथा डीबी प्रिंट सोल्यूशंस (ए यूनिट ऑफ डीबी कार्प लिमिटेड), प्लॉट नं. 535 एवं 1272, ललगुटवा, पुलिस स्टेशन, रातू, रांची से मुद्रित। **संपादक :** हरिनारायण सिंह, **स्थानीय संपादक* :** विनोद कुमार,***पीआरबी एक्ट के तहत खबरों के लिए जिम्मेदार, **राज्य समन्वय संपादक :** अजय शर्मा। समस्त दिवानी विवादों, न्यायोचित कार्रवाइयों एवं दंडित परिवादों के लिए क्षेत्राधिकार रांची न्यायालय में रहेगा। फोन : 9264434560, **R.N.I. No.-JHAHIN/2015/65109,** Postal Registration No. **RN/249/2019-21**